WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 4 | अभिव्यक्ति 5 | राजधानी 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश

बिलासपुर, शुक्रवार, 14 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- नवमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 206 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं चित भी मेरी पट भी मेरी और अंटा मेरे बाप का बिहार विधानसभा चुनाव के बारे में तमाम एग्जिट पोल वहां एनडीए की सरकार बनाने का पूर्वानुमान लगा रहे हैं। जिसे महागठबंधन वाले फर्जी बता रहे हैं। तेज प्रताप यादव, अखिलेश यादव, पप्पू यादव और दिग्विजय सिंह सहित अनेक विपक्षी नेता दावा कर रहे हैं कि बिहार में महागठबंधन की ही सरकार बनेगी। यदि वोट चोरी और धांधली हुई तो ही एनडीए की सरकार बनेगी। बहरहाल आज ईवीएम का मुंह खुलेगा तो पता चल जाएगा कि किसमें कितना दम है और कौन कितने पानी में है?

प्रधानमंत्री मोदी 19 को तमिलनाडु जायेंगे

चेन्नई (वार्ता) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 नवंबर को तमिलनाडु का दौरा करेंगे और कोयंबटूर में जैविक खेती पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह तीन दिवसीय सम्मेलन दक्षिण भारतीय जैविक कृषि महासंघ द्वारा आयोजित किया जाएगा । इसमें तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के 5,000 से अधिक किसानों के अलावा 50 जैविक कृषि वैज्ञानिकों के भी भाग लेने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद किसानों और विशेषज्ञों से बातचीत करेंगे। रिपोर्टों के अनुसार मोदी कर्नाटक के पुट्टपर्थी से एक विशेष विमान द्वारा कोयंबटूर पहुँचेंगे और दिल्ली रवाना होने से पहले शहर के कोडिसिया कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाले सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी सम्मेलन के बाद तमिलनाडु के भाजपा पदाधिकारियों और सहयोगी दलों के नेताओं से मुलाकात करेंगे, जिनमें अन्नाद्रमुक भी शामिल है। अन्नाद्रमुक के साथ भाजपा ने फिर से चुनावी गठबंधन किया है। इस मुलाकात में दोनों नेता आगामी 6-7 महीने में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर तैयारियों पर चर्चा करेंगे।

सूरजकुंड में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32 वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे शाह

नयी दिल्ली (वार्ता) केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को हरियाणा में फरीदाबाद के सूरजकुंड में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32 वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप राज्यपाल तथा मुख्य सचिव भाग लेंगे। उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान , हिमाचल प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख तथा चंडीगढ़ शामिल हैं। यह बैठक गृह मंत्रालय के अंतर्गत अंतर-राज्यीय परिषद सचिवालय द्वारा हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित की जा रही है। हरियाणा की ओर से बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे।

मतगणना पर पटना में रहेगी विशेष यातायात व्यवस्था

पटना (वार्ता)। बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना शुक्रवार, 14 नवंबर को सुबह 8 बजे से एएन कॉलेज में की जायेगी और मतगणना के सुचारू संचालन और आम नागरिकों की सुविधा के लिये 14 नवंबर की सुबह 5 बजे से लेकर मतगणना कार्य समाप्ति तक विशेष यातायात प्रतिबंध और मार्ग परिवर्तित व्यवस्था लागू रहेगी। पुलिस प्रशासन के अनुसार बोरिंग रोड चौराहा से एएन कॉलेज और मोहिनी मोड़ से सहदेव महतो मार्ग तक सभी सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

गरमा-गरम

छत्तीसगढ़ को मिली खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2025 की मेजबानी

जगदलपुर (वार्ता) छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण है कि आगामी खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2025 की मेजबानी का दायित्व राज्य को सौंपा गया है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) नयी दिल्ली के उच्च स्तरीय निरीक्षण दल ने बस्तर जिले के धरमपुरा खेल परिसर और इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम का निरीक्षण कर इन्हें तीरंदाजी, एथलेटिक्स और मलखंभ जैसे पारंपरिक एवं प्रमुख खेलों के आयोजन के लिए उपयुक्त घोषित किया है।

निरीक्षण दल ने जगदलपुर पहुंचकर गुरुवार सुबह खेल सुविधाओं, मैदान की गुणवत्ता, दर्शक दीर्घा, सुरक्षा एवं आवास व्यवस्था का गहन मूल्यांकन शेष पृष्ठ 6 पर

आदिवासी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच मिलेगा

राज्य शासन का मानना है कि इस आयोजन से बस्तर और समूचे छत्तीसगढ़ की आदिवासी खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच मिलेगा। साथ ही, प्रदेश की पारंपरिक कला, संस्कृति और लोक खेलों को वैश्विक पहचान प्राप्त होगी।

खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स में देशभर से आने वाले प्रतिभागी अपनी कौशल और संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे। बस्तर को तीन प्रमुख खेलों आर्चरी (तीरंदाजी), एथलेटिक्स और मलखंभ के आयोजन स्थल के रूप में चयनित किया जाना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इसमें देश के 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से लगभग 1200 आदिवासी खिलाड़ी भाग लेंगे। राज्य सरकार ने कहा है कि शेष पृष्ठ 6 पर

भयानक थे आतंकियों के मंसूबे, ऐसा था इनका पूरा प्लान

दिल्ली जैसा धमाका 32 जगह पर करने की थी योजना

नई दिल्ली(वार्ता)। दिल्ली ब्लास्ट में एक और नया खुलासा हुआ है। आई20 और इकोस्पोर्ट कार के बाद यह पता चला कि 32 अन्य पुराने वाहनों को तैयार करने की तैयारी चल रही थी, जिनमें विस्फोटक लगाए जा सकते थे। यह दर्शाता है कि आतंकी समूह बड़े पैमाने पर तबाही मचाने की फिराक में था।

दिल्ली के लाल किले के पास हुए एक कार धमाके से जुड़ी एक बड़ी आतंकी साजिश का खुफिया एजेंसियों ने गुरुवार को पर्दाफाश किया है। सूत्रों के अनुसार, संदिग्धों ने कई जगहों पर हमले करने के लिए लगभग 32 पुराने वाहनों को विस्फोटक से लैस करने की योजना बनाई थी। यह खुलासा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरे की ओर इशारा करता है।

खुफिया एजेंसियों के सूत्रों के हवाले से पता चला है कि चल रही जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपियों ने हमलों में इस्तेमाल के लिए एक द्व20 और एक इकोस्पोर्ट वाहन को मॉडिफाई करने का काम शुरू कर दिया था। जांच टीम अब इस बात की पड़ताल कर रही है कि क्या सिलसिलेवार विस्फोटों को अंजाम देने की इस व्यापक योजना के तहत इसी तरह के और भी वाहन तैयार किए जा रहे थे।

एक खुफिया सूत्र ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि द्व20 और इकोस्पोर्ट के बाद यह पता चला कि 32 अन्य पुराने वाहनों को तैयार करने की तैयारी चल रही थी, जिनमें विस्फोटक लगाए जा सकते थे। यह दर्शाता है कि आतंकी समूह बड़े पैमाने पर तबाही मचाने की फिराक में था।

जांच एजेंसियों ने यह भी बताया है कि लगभग आठ संदिग्ध कथित तौर पर चार अलग-अलग शेष पृष्ठ 6 पर

डीएनए परीक्षण: उमर नबी के विस्फोटक वाली कार में होने की पुष्टि

डीएनए परीक्षण से पुष्टि हो गयी है कि लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास जिस कार में विस्फोट में हुआ था उसे डॉ. उमर नबी ही चला रहा था क्योंकि उसके स्टीयरिंग व्हील में मिले पैर के हिस्से और नबी की मां के डीएनए नमूने आपस में मिल रहे हैं।

दिल्ली पुलिस के अनुसार नबी की माँ के डीएनए नमूने और नबी के पैर के डीएनए आपस में मैच हो रहे हैं। जांचकर्ताओं को यह सफलता तब मिली जब डॉ. नबी का पैर कार के स्टीयरिंग व्हील और एक्सीलेटर के बीच फंसा हुआ पाया गया। इससे संकेत मिलता है कि विस्फोट के समय वह कार चला रहा था।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, कुल 21 जैविक नमूने जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) भेजे गए थे। लाल किला विस्फोट में मुख्य संदिग्ध सहित कुल 12 लोगों की मौत हुई थी। शेष नमूने अन्य पीड़ितों के जैविक अवशेषों और आसपास के क्षतिग्रस्त, वाहनों विस्फोट से प्रभावित कारें और एक ई-रिक्शा से एकत्र किए गए थे।

एफएसएल ने डॉ. नबी की पहचान की पुष्टि के लिए उसकी माँ से डीएनए नमूने एकत्र किए। वह 10 नवंबर की शाम को लाल किले के पास हुए विस्फोट में शामिल कार चला रहा था जिसमें 12 लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए । दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार, डॉ. नबी को दिल्ली की ओर जाने से पहले मुंबई एक्सप्रेसवे और कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर भी वाहन के साथ देखा गया था। जाँच एजेंसियाँ वाहन की गतिविधियों की विस्तार से जाँच कर रही हैं। इस बीच विस्फोट स्थल से 500 मीटर के दायरे में एक बाज़ार के गेट की छत पर एक कटा हुआ हाथ भी मिला, जिससे जाँच और तेज़ हो गई है। दिल्ली पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि आज सुबह अस्पताल में एक और पीड़ित ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसी से संबंधित एक घटनाक्रम में अधिकारियों ने अल फलाह विश्वविद्यालय स्थित कमरों से डॉ. नबी और डॉ. मुजम्मिल की डायरियाँ बरामद की हैं।

27 लाख के छह इनामी नक्सली ढेर

भारी मात्रा में हथियार-विस्फोटक बरामद

बीजापुर /नवप्रदेश। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। बरामदगी में दो इंसास राइफलें (68 कारतूस सहित), एक 9 एमएम कार्बाइन, एक .303 रायफल, एक सिंगल शॉट रायफल, एक 12 बोर की बंदूक आदि गोला-बारूद बरामद किया है।

बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र के कांदुलनार, कचलारम और गुज्जाकोंटा के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 27 लाख रुपये के इनामी छह खूंखार नक्सली मारे गए हैं। इस संयुक्त अभियान को डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा शेष पृष्ठ 6 पर

ढेर हुए नक्सलियों की पहचान और उन पर दर्ज मामले

डीवीसीएम कन्ना उर्फ बुचन्ना (इनाम 8 लाख रुपये): यह मद्देड़ एरिया कमेटी का प्रभारी था और गुड्डीपाल, थाना मोदकपाल का निवासी था। पिछले एक दशक से अधिक समय से पुलिस और आम नागरिकों पर हुए कई हमलों का यह मास्टरमाइंड था। उसके खिलाफ 42 आपराधिक मामले दर्ज थे और 18 स्थायी वारंट जारी थे। पुलिस को मिले दस्तावेजों से यह भी पता चला है कि उसका शहरी नेटवर्क से भी गहरा जुड़ाव था। डीवीसीएम उर्मिला पति पापाराव (इनाम 8 लाख रुपये): यह चिंतलनार, जिला सुकमा की निवासी थी और प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के शीर्ष नेता पापाराव की पत्नी थी। वह पामेड़ एरिया कमेटी की सचिव के शेष पृष्ठ 6 पर

पूर्व सीएम बघेल के बेटे चैतन्य की 61 करोड़ की संपत्ति कुर्क

- **अब तक 276 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच**

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की चल रही जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की कुल 61.20 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। इस तरह मामले में वर्तमान कुर्की को मिलाकर अब तक कुल 276.20 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने 10 नवंबर को चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपए की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की है. उसमें 59.96 करोड़ रुपये

मूल्य की 364 आवासीय भूखंड और कृषि भूमि के रूप में अचल संपत्तियों के अलावा 1.24 करोड़ रुपए बैंक बैलेंस और सावधि जमा के रूप में चल संपत्तियां शामिल है।

ईडी ने छत्तीसगढ़ राज्य में शराब घोटाले में आईपीसी, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत एसीबी/ईओडब्ल्यू, रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा दर्ज एफआईआर शेष पृष्ठ 6 पर

11 सदस्यों को बांधकर गहने और नकदी ले उड़े लुटेरे

कोरबा /नवप्रदेश । कोरबा में बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग जिले से 10 किलोमीटर दूर ग्राम तराईडांड में शत्रुघ्न दास का परिवार निवास करता है जहां शत्रुघ्न दास घर पर राशन दुकान का संचालन करता है इसके अलावा खेती किसानी भी करता है गांव का एक बड़ा किस है जहां आर्थिक रूप से मजबूत है। कोरबा में बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग जिले से 10 किलोमीटर दूर ग्राम तराईडांड में शत्रुघ्न दास का परिवार निवास करता है जहां शत्रुघ्न दास घर पर राशन दुकान का संचालन करता है इसके अलावा खेती किसानी भी करता है गांव का एक बड़ा किस है जहां आर्थिक रूप से मजबूत है।

बताया जा रहा है कि शत्रुघ्न दास के परिवार में बेटा बहू और भाई समेत लगभग 11 सदस्य हैं जो सभी रात 10:00 बजे खाना खाने के बाद सभी अपने-अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। रात लगभग 1:00 बजे उसके घर के पीछे हिस्से से दीवार बांधकर लगभग 10 से 15 लोग घर के अंदर घुसे जिनके पास धारदार हथियार था शत्रुघ्न दास को लगा कि कोई कुत्ता या जानवर होगा जो अंदर आया होगा और वह कमरे से बाहर निकाल कर देखा तो हथियार से लेस लोग खड़े हुए थे जहां उन्हें हथियार की नोक पर आवाज देने या किसी तरह की हरकत करने पर चांद से मारने की धमकी देने लगे सभी को हथियार की नोक पर इस घर पर रस्सी से बांध दिया। और घर पर रखें लगभग डेढ़ लाख नगदी रकम समेत सोने चांदी के जेवरात समेत सब ले भागे। रात 3:00 बजे लगभग किसी तरह सभी ने एक दूसरे के सहयोग से रस्सी को खोला और गांव वालों की इसकी जानकारी दी इसके बाद हड़कंप मच गया।

इसकी शिकायत सुबह होने पर संबंधित बालको थाना पुलिस को दी गई जहां उच्च अधिकारियों को निर्देश पर कोरबा सीएसपी भूषण एक्का शेष पृष्ठ 6 पर

जनदर्शन-सीएम ने समझी पीड़ा | सीएम की पहल के बाद मौके पर ही दिया श्रवण यंत्र

जनदर्शन में त्वरित मदद से निर्मलकर की बदली जिंदगी

रायपुर /नवप्रदेश । संवेदनशीलता और जनसेवा का एक और उदाहरण पेश करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में रायपुर निवासी रमन निर्मलकर को श्रवण यंत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री की इस त्वरित पहल ने एक व्यक्ति की जिंदगी बदल दी रमन ने भावुक होकर कहा, अब फिर से सुन पा रहा हूं।

ब्राह्मणपारा वार्ड निवासी रमन निर्मलकर लंबे समय से श्रवण समस्या से जूझ रहे थे। कुछ महीनों पहले उनकी सुनने की क्षमता पूरी तरह समाप्त हो गई थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे श्रवण यंत्र खरीदने में असमर्थ थे। ऐसे में जब वे मुख्यमंत्री जनदर्शन में पहुंचे और अपनी समस्या बताई, तो मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिना किसी देरी के तुरंत श्रवण यंत्र दिलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की पहल के बाद मौके पर ही उन्हें नया श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। यंत्र लगाने के कुछ

ही क्षण बाद रमन की आंखों में खुशी के आंसू झलक उठे। उन्होंने मुख्यमंत्री साय का आभार जताते हुए कहा, मुख्यमंत्री जी ने मेरी परेशानी को दिल से समझा। आज मैं फिर से सुन पा रहा हूं, यह मेरे लिए नई जिंदगी की शुरुआत है। उनका दिल से धन्यवाद करता हूं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जनदर्शन में आमजन की समस्याओं पर तुरंत संज्ञान लेकर सहायता प्रदान करने की यह पहल जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय क्षमता की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि जनदर्शन में आने वाले आम नागरिकों की समस्याओं को मुख्यमंत्री स्वयं सुनते हैं और संबंधित विभागों को तत्काल समाधान के निर्देश देते हैं।

सूक्ष्मता का अद्भुत उदाहरण : अंकुश ने सबका ध्यान अपनी अनूठी रचना से आकर्षित किया

कला की दुनिया में समर्पण और सूक्ष्मता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भिलाई निवासी 55 वर्षीय अंकुश देवांगन ने एक बार फिर सबका ध्यान अपनी अनूठी रचना से आकर्षित किया है। उन्होंने संगमरमर के बेहद छोटे टुकड़े पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अति-लघु प्रतिमा उकेरी है, जिसे देखने के लिए एक विशेष माइक्रोस्कोपिक लेंस लगाया गया है। यह प्रतिमा उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान भेंट की।

अंकुश देवांगन द्वारा भेंट किया गया यह विशेष फ्रेम न केवल मोदी जी की सूक्ष्म प्रतिमा से सुसज्जित है, बल्कि इसके पीछे अयोध्या के श्री रामलला मंदिर की भव्य प्रतिकृति भी अंकित है। फ्रेम को देखकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरा उत्साह व्यक्त करते हुए कहा- यह केवल एक कला-कृति नहीं, बल्कि समर्पण, धैर्य और श्रद्धा का प्रतीक है। शेष पृष्ठ 6 पर

एक ही सीट पर 3 बहुओं में कांटे की टक्कर, आज पता चलेगा किसने पास की 'अग्निपरीक्षा'

सीतामढ़ी/नवप्रदेश। कल यानी 14 नवंबर को फैसला हो जाएगा कि बिहार में किसकी सरकार बनेगी। लेकिन इसी के साथ सीतामढ़ी की 3 बहुओं का फैसला भी जनता करेगी। तीनों ही बहुएं परिहार सीट से एक दूसरे के आमने-सामने हैं।

खास बात यह है कि परिहार से तीन बहुओं में ही मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। इन तीनों बहुओं की अलग अलग खासियत और पहचान है। बहरहाल, इन तीनों बहुओं ने माननीय बनने/कहलाने के लिए चुनाव प्रचार में काफी पसीना बहाया है।

आज पता चलेगी पसीने की कीमत

बहरहाल, तीनों बहुओं की मेहनत का पता 14 नवंबर को पता चलेगा, जब मतगणना होगी। फिलहाल, हार-जीत का कयास और जोड़-घटाव का हिसाब किया जा रहा है। ये तीनों प्रत्याशी अपने लोगों के जरिए पंचायत और गांव के वोटरों और उन वोटरों में से प्राप्त वोटों का आंकड़ा मिलवा रहे हैं।

पहली बहू- गायत्री देवी मारेंगी जीत की हैट्रिक!

भाजपा प्रत्याशी गायत्री देवी जीत की हैट्रिक लगाने को लेकर उम्मीद कर रही हैं। इससे पहले गायत्री 2015 और 2020 में परिहार विधानसभा सीट जीत चुकी हैं। वहीं, उनके पति रामनरेश यादव साल 2010 में विधायक बने थे। पिछली बार काफी कम वोटों के अंतराल से गायत्री देवी जीत सकी थीं। जानकारों का कहना है कि इस बार गायत्री देवी जीत दर्ज करती हैं, तो इसमें अप्रत्यक्ष रूप से रितु जायसवाल का हाथ होगा। कारण कि रितु जितनी वोट हासिल करेंगे वो महागठबंधन के होंगे। ऐसे में इसका फायदा भाजपा प्रत्याशी को होगा।

तीसरी बहू: स्मिता गुप्ता

राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र पूर्वे की प्रतिष्ठा दांव पर है। कारण कि राजद प्रत्याशी उनकी पुत्रवधू स्मिता गुप्ता हैं। डॉ पूर्वे खुद विधायक रह चुके हैं।

वे साल 2010 में भाजपा के रामनरेश यादव से हार गए थे, जबकि 2015 में उन्हें यादव की पत्नी गायत्री देवी से हार का सामना करना पड़ा था। 2020 में राजद ने रितु जायसवाल को टिकट देकर पार्टी ने गेम खेलने की कोशिश की थी। हालांकि इस गेम को विफल कर गायत्री देवी ने दूसरी बात जीत दर्ज कर ली थी। रितु ने अपनी हार का मुख्य कारण डॉ पूर्वे को एक बार नहीं, बल्कि कई बार बताया है। इस बार राजद ने रितु को दरकिनार कर पूर्व की पुत्रवधु को टिकट दिया है। वैसे जानकार कहते हैं कि रितु के बागी उम्मीदवार होने चलते राजद प्रत्याशी स्मिता गुप्ता की जीत उतनी आसान भी नहीं लग रही है।

बहरहाल, स्मिता हारती हैं, तो इसका मुख्य कारण रितु को ही माना जाएगा।

रितु की माननीय बनने के लिए तीसरी चुनाव

तीसरी बहू रितु जायसवाल हैं, जिन्होंने परिहार सीट को हॉट सीट बना दिया है। यह वही रितु हैं, जो हाल में भीषण गर्मी के दौरान अपने क्षेत्र के लोगों के साथ खड़ी थी, जब लोग पेयजल संकट से जूझ रहे थे। पेयजल के लिए टैंकर से पानी की व्यवस्था कराई थी। बराबर क्षेत्र में रहती थीं। चुनाव परिणाम चाहे जो हों, वह खास कर राजद प्रत्याशी के लिए एक बड़ी मुश्किल बन गई है। चर्चा तो यह भी है कि रितु जीत-हार का पासा भी पलट सकती हैं। राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितु को पार्टी ने बेलसंड से टिकट का ऑफर दिया था। वह उसे ठुकरा कर परिहार से निर्दलीय चुनाव लड़ी हैं। सोशल मीडिया पर काफी चर्चित रितु 2020 में विधानसभा और 2024 में राजद के टिकट पर लोकसभा का चुनाव हार चुकी हैं।

बिहार में कई सालों बाद कहीं भी नहीं होगी फिर से वोटिंग

■ रीपोलिंग न होने पर चुनाव आयोग ने कहा- ये ऐतिहासिक

पटना। चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि बिहार में 122 विधानसभा सीटों के किसी भी मतदान केंद्र पर दोबारा चुनाव कराने की सिफारिश नहीं की गई है, जहां 11 नवंबर को दूसरे चरण में मतदान हुआ था। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा, 'बिहार के हालिया इतिहास में यह पहली बार है कि किसी मतदान केंद्र पर पुनर्मतदान का आदेश नहीं दिया गया। जांच के बाद, किसी भी मतदान केंद्र पर कोई विसंगति या गड़बड़ी नहीं पाई गई और पुनर्मतदान की सिफ़ारिश नहीं की गई।' पहले चरण में भी पुनर्मतदान नहीं हुआ था। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि उसकी 17 पहले रंग लाईं और बिहार प्रथम फेज के परिणामस्वरूप उत्सवी माहौल के बीच रिकॉर्ड और शांतिपूर्ण मतदान हुआ, इसके अलावा पुनर्मतदान भी शून्य रहा। चुनाव आयोग ने कहा, 'बिहार विधानसभा के लिए दो चरणों का मतदान मंगलवार को 67.13त्न के ऐतिहासिक उच्चतम मतदान के साथ संपन्न हुआ। यह 1951 के बाद से राज्य में दर्ज किया गया अब तक का सबसे अधिक मतदान है।

17 पहल लाई रंग: चुनाव आयोग

आयोग ने मार्च 2025 से कई पहल की हैं, जिनमें से 17 पहल चुनावी बिहार पर केंद्रित हैं। आयोग ने कहा, इन पहलों का उद्देश्य मतदाताओं की सुविधा में सुधार, मतदान कर्मियों के लिए सुव्यवस्थित प्रशिक्षण और संवैधानिक एवं कानूनी ढाँचे पर आधारित तकनीक-संचालित प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना है।

एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन से देश की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी

नई दिल्ली(आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईपीएम) से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बढ़ावा मिलेगा और इससे देश की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को भी बढ़ाने में मदद मिलेगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, "केंद्रीय कैबिनेट ने एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईपीएम) को एप्रूव किया है, जो देश की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाएगा और एमएसएमई, फर्स्ट-टाइम एक्सपोर्ट्स और अधिक लेबर उपयोग वाले सेक्टर्स को मदद करेगा। यह प्रमुख पक्षकारों को एक साथ लाकर एक ऐसा सिस्टम तैयार करता है जो परिणाम आधारित और प्रभावी हो।"

'मेड इन इंडिया' की गूंज विश्व बाजार में सुनाई दे

यह मिशन एक्सपोर्ट प्रमोशन के लिए कॉम्प्रिहेंसिव, फ्लेक्सिबल और डिजिटल संचालित फ्रेमवर्क उपलब्ध कराएगा। यह योजना पांच वर्ष के लिए वित्त वर्ष 2025-26 से लेकर वित्त वर्ष 2030-31 है और इसका परिव्यय 25,060 करोड़ रुपए था। उन्होंने पोस्ट में कहा कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि 'मेड इन इंडिया' की गूंज विश्व बाजार में और भी अधिक सुनाई दे।

निर्यातकों के लिए लाई गई क्रेडिट गारंटी स्कीम पर पीएम मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि निर्यातकों के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम, जिसे कैबिनेट द्वारा एप्रूव किया गया है, वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगी, सुचारू व्यावसायिक संचालन सुनिश्चित करेगी और आत्मनिर्भर भारत के हमारे सपने को साकार करने में मदद करेगी।

क्रेडिट गारंटी स्कीम को मंजूरी मिलने से नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा सदस्य क्रेडिट संस्थानों (एमएलआई) को 100 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी कवरेज प्रदान किया जा सकेगा, जिससे पात्र निर्यातकों, जिनमें एमएसएमई भी शामिल हैं, को 20,000 करोड़ रुपए तक की अतिरिक्त ऋण सुविधाएं प्रदान की जा सकेंगी।

पीएम मोदी ने कहा कि कैबिनेट के इन फैसलों से स्थिरता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। इससे आपूर्ति श्रृंखलाएं मजबूत होंगी और रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

नतीजों से पहले राहुल विदेश में, प्रियंका गांधी गायब

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी बिहार चुनावों से पहले विदेश दौरे पर गए हैं, जबकि प्रियंका गांधी वाड्रा कहां है, यह किसी को नहीं पता।

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ÷राहुल गांधी बिहार चुनाव की तैयारी के दौरान ज्यादातर समय विदेश में रहे और अब नतीजों से ठीक पहले वे फिर से विदेश में हैं। भारत के बाहर ऐसी क्या मजबूरी है कि वे यहां मुश्किल से ही समय बिताते हैं? और प्रियंका वाड्रा कहां हैं? लगता है किसी को पता ही नहीं।

उन्होंने आगे लिखा, एक ऐसी पार्टी जिसके पास नेतृत्व या दिशा नहीं है, जो एक महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षण में भटक रही है। यह कांग्रेस या उसके समर्थकों के लिए शुभ संकेत नहीं है। गौरतलब है कि शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे। राज्य में 2 चरणों में 6 नवंबर और 11 नवंबर को मतदान हुआ, जिसमें बिहार के मतदाताओं ने अब तक सबसे अधिक वोट डाले। फिलहाल, मतगणना का इंतजार जनता और हर राजनीति दल कर रहा है। चुनाव नतीजों से पहले बुधवार को अमित मालवीय ने दावा किया कि राहुल गांधी लगभग 60 दिनों तक बिहार चुनाव प्रचार से गायब रहे। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, ÷14 नवंबर को, जब सभी वक्ता बिहार के फैसले को अपने वैचारिक झुकाव के अनुरूप बदलने की कोशिश करेंगे तो यह याद रखें, राहुल गांधी लगभग 60 दिनों तक बिहार चुनाव अभियान से गायब रहे।

डेटा और माइंड गेम सब हो गए थे फेल

जेएसपी नहीं बल्कि ये था प्रशांत किशोर का '0' पर आउट होने वाला पॉलिटिकल डेब्यू

■ स्टार प्रचारकों की सूची में भी नम्बर दो पर थे पीके

पटना। प्रशांत किशोर (पीके) को बड़ा चुनावी रणनीतिकार माना जाता है। हालांकि अब वे फुलटाइम नेता बन चुके हैं। नयी पार्टी (जन सुराज पार्टी) बना कर बिहार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। शुक्रवार को नतीजे आने वाले हैं। उन्होंने कहा है कि अगर जनसुराज को 150 से कम सीटें मिलीं तो ये उनकी हार मानी जाएगी। एग्जिट पोल के संकेतों के मुताबिक जनसुराज को किसी भी हाल में 150 सीटें मिलती हुई नहीं दिख रही हैं। एक-दो सर्वे में एक से पांच सीटों का अनुमान लगाया गया है। यानी उन्हें अब संभावित हार के लिए तैयार रहना चाहिए। बिहार विधानसभा चुनाव में बड़े-बड़े दावे करने वाले प्रशांत किशोर की मिट्टीपलीद होती दिख रही है। नेता के रूप में प्रशांत किशोर छह साल पहले भी फेल हो चुके हैं। मौका था झारखंड विधानसभा का चुनाव का।

2019 : जदयू में नीतीश के बाद दूसरे बड़े नेता थे पीके

2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव के समय प्रशांत किशोर जदयू के उपाध्यक्ष थे। पार्टी में वे नीतीश कुमार के बाद दूसरे पायदान पर खड़े थे। नीतीश कुमार ने अपने अनुभवी और बड़े-बड़े नेताओं को दरकिनार कर प्रशांत किशोर को ये रुतबा दिया था। उस समय नीतीश कुमार को इन पर बहुत भरोसा था। वे प्रशांत किशोर का अपना उत्तराधिकारी बनाने तक की बात सोचने लगे थे। 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव के समय प्रशांत किशोर दोहरी भूमिका में थे। उन्हें चुनाव की रणनीति भी बनानी थी और जदयू को झारखंड में स्थापित भी करना था।

पीके के कारण नहीं हुआ था भाजपा-जदयू में तालमेल !

कहा जाता है कि प्रशांत किशोर के अड़ियल रवैये के कारण झारखंड चुनाव में भाजपा और जदयू के बीच गठबंधन नहीं हो पाया था। प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार को अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने का सुझाव दिया था ताकि पार्टी को झारखंड में मजबूती प्रदान की जा सके। इसकी वजह से भाजपा और जदयू के रास्ते अलग हो गये। प्रशांत किशोर ने चार महीने पहले से झारखंड चुनाव की तैयारी शुरू की। जदयू के लिए 48 अनुकूल सीटों की पहचान की गयी। जिस पर बाद में तथाकथित योग्य उम्मीदवार उतारे गये। भाजपा ने अलग हो कर 79 सीटों पर चुनाव लड़ा।

टाइगर अभी जिंदा है.. बिहार चुनाव परिणाम से पहले जदयू में जश्न

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार अब बस खत्म होने वाला है। कल सुबह 8 बजे से काउंटिंग है और शाम तक अंतिम परिणाम घोषित किए जाएंगे। हालांकि, इससे एक दिन पहले ही जनता दल यूनाइटेड के दफ्तरों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। अधिकांश एग्जिट पोल्स में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनती हुई दिखाई दे रही है, जिसमें जेडीयू के एक मजबूत स्थिति में होने की संभावना जताई गई है। इन रुझानों ने जेडीयू कार्यकर्ताओं और समर्थकों को काफी उत्साहित कर दिया है और वे परिणाम आने से पहले ही जश्न मना रहे हैं।

पटना में जेडीयू के प्रदेश कार्यालय के बाहर ये 'टाइगर' वाला उत्साह दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समर्थन में एक बड़ा और ध्यान खींचने वाला पोस्टर लगाया गया है, जिस पर लिखा है, 'टाइगर अभी जिंदा है। दलित, महादलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा, सवर्ण और अल्पसंख्यक के संरक्षण नीतीश कुमार हैं।' ये पोस्टर जेडीयू के एक प्रमुख नेता और पूर्व मंत्री रणजीत सिन्हा की ओर से लगाया गया है।

एक ओर जहां एनडीए खेमे में जश्न का माहौल है, वहीं दूसरी ओर महागठबंधन के प्रमुख नेता और सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने इन एग्जिट पोल के नतीजों को सिरे से खारिज कर दिया है।

एग्जिट पोल के रुझानों पर एनडीए में जश्न

एग्जिट पोल के सकारात्मक रुझानों ने पूरे एनडीए खेमे में खुशी की लहर दौड़ा दी है। बीजेपी और जेडीयू दोनों पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता सरकार की वापसी को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। ये उत्साह जेडीयू के दफ्तरों में साफतौर पर देखा जा सकता है, जहां कार्यकर्ता एकजुट होकर जीत की उम्मीद में जश्न मना रहे हैं।

मतगणना स्थल में ट्रक घुसने से मची अफरातफरी

सासाराम। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनज़र रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में बने मतगणना स्थल पर बुधवार की मध्य रात्रि को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ट्रक अचानक स्ट्रांग रूम परिसर के अंदर घुस गया। ट्रक को मतगणना परिसर के अंदर जाते देख मौके पर मौजूद कई प्रत्याशियों के समर्थक हंगामा करने लगे। लोगों ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ देर के लिए वहां अफरातफरी और तनाव का माहौल बन गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने भी हंगामा कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज किया, हालांकि पुलिस ने इस आरोप से इनकार किया है। हंगामे की सूचना मिलते ही जिला अधिकारी उदिता सिंह और पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों अधिकारियों ने मौके पर ट्रक की जांच की, जिसमें खाली बक्से पाए गए। डीएम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई जा रही है, और यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

एग्जिट पोल के जरिए नतीजे प्रभावित करने की कोशिश

पटना/ए.। बिहार में एक्जिट पोल भले ही एनडीए की सरकार के फिर से आने की भविष्यवाणी कर रहे हों, लेकिन समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को पूरा भरोसा है कि मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ही बनेंगे। अखिलेश यादव ने बिहार विधानसभा चुनावों के नतीजों को लेकर आए एग्जिट पोल पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि बिहार की जनता ने बदलाव के लिए वोट दिया है और तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे।

अखिलेश यादव ने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी अपने लोगों से एग्जिट पोल करवाकर नतीजों को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने भी चुनाव नतीजों में हेरफेर की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि एनडीए मतगणना धीमी करने और लोगों में डर पैदा करने की कोशिश कर सकता है।

तेजस्वी यादव ने बुधवार को कहा कि 14 नवंबर को होने वाली मतगणना से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा बिहार विधानसभा चुनावों के नतीजों में हेरफेर करने की कोशिशें हो सकती हैं।

तेजस्वी यादव के अनुसार, एनडीए वोटों की गिनती धीमी करने की पूरी कोशिश करेगा और लोगों में डर पैदा करने की कोशिश करेगा, जबकि वे लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने हाल ही में लाल किले के पास हुए दिल्ली विस्फोट की भी आलोचना की, जिसमें कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई थी।

जनता ने बदलाव के लिए वोट दिया

अखिलेश यादव ने कहा, बिहार की जनता ने बदलाव के लिए वोट दिया है, तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। महागठबंधन को रोकने के लिए बीजेपी जानबूझकर अपने लोगों से एग्जिट पोल करवा रही है। उन्होंने यह बात पत्रकारों से कही।

बिहार एग्जिट पोल : पोलस्ट्रैट के आंकड़ों में एनडीए सरकार, भाजपा सबसे बड़ा दल

नई दिल्ली(आईएएनएस)। बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों पर मतदान मंगलवार को संपन्न हो गया, जिसके बाद एग्जिट पोल का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को भी कई एग्जिट पोल सामने आए। पोलस्ट्रैट के एग्जिट पोल में भी बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने के आसार जताए जा रहे हैं।

पोलस्ट्रैट पोस्ट-पोल सर्वेक्षण के अनुसार, बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सबसे बड़े दल के रूप में उभरती नजर आ रही है, जबकि जेडीयू तीसरे और राजद दूसरे पायदान पर है। एग्जिट पोल में भाजपा को 69 और सहयोगी दल जदयू को 56 सीटें दिख रही हैं। इसके साथ ही राजद को 66 सीटें मिलती नजर आ रही हैं। एग्जिट पोल में एनडीए 133 सीटों के साथ सबसे बड़े गठबंधन के रूप में उभरा है और महागठबंधन को कुल 87 सीटें मिलने के आसार हैं।

पार्टीवार बात करें तो एनडीए में भाजपा को 69, जदयू को 56, लोजपा को 5, हम (एस) को 2 और आरएलएम को 1 सीट दी गई है। वहीं, महागठबंधन में राजद को 66, कांग्रेस को 9, सीपीआई (एमएल)(एल) को 10, सीपीआईएम को एक और वीआईपी को एक सीट मिली है। असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम को दो, जेजेडी को एक और निर्दलीय को एक सीट मिलती दिख रही है। जबकि, 19 सीटों पर कांटे की टक्कर है।

मोदी नीतीश की जोड़ी ने मतदाताओं को प्रभावित किया

एग्जिट पोल पर नजर डालें तो बिहार में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की करिश्माई जोड़ी ने मतदाताओं पर प्रभाव छोड़ा है, जबकि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की जोड़ी पर मतदाता भरोसा नहीं जता सके।

बिहार की मुख्य सीटों की बात करें तो अलीनगर की सीट भाजपा के खाते में जाती दिख रही है। यहां एनडीए से मैथिली ठाकुर चुनाव लड़ रही हैं। जबकि महागठबंधन से विनोद मिश्रा मैदान में हैं। वहीं, महुआ सीट पर जेजेडी का कब्जा होता दिख रहा है। यहां जेजेडी से तेज प्रताप यादव चुनाव लड़ रहे हैं। मोकामा सीट पर जदयू का कब्जा होता दिख रहा है। यहां से अनंत सिंह मैदान में हैं। घोसी सीट सीपीआई (एमएल) (एल) के खाते में जाती नजर आ रही है। यहां एनडीए से ऋतुराज कुमार और महागठबंधन से रामबलि यादव चुनाव लड़ रहे हैं।

बिहार की मुख्य सीटों में से एक, दानापुर, भाजपा के खाते में जा सकती है। यहां एनडीए से रामकृपाल यादव और महागठबंधन से रीतलाल यादव आमने-सामने हैं। छपरा सीट पर भाजपा का कब्जा आसान लग रहा है। यहां एनडीए से छोटी कुमार और महागठबंधन के खेसारी लाल यादव के बीच टक्कर है। लखीसराय सीट पर भाजपा का कब्जा होता दिख रहा है। यहां एनडीए से विजय सिन्हा और महागठबंधन से अमरेश कुमार ताल ठोक रहे हैं। कुचायकोट सीट भी सीपीआई (एमएल) (एल) के खाते में जा रही है।

अगहन गुरुवार को घरों के द्वार खोलकर की गई मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना

स्वच्छता, सच्चाई, सद्भाव और आध्यात्मिक माहौल से घरों में होता है मां लक्ष्मी का वास

बिलासपुर/नवप्रदेश। अगहन मास को अत्यंत पवित्र माना गया है। मान्यता है कि इस पूरे महीने मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक में भ्रमण करती हैं और ऐसे घरों में प्रवेश करती हैं, जहां स्वच्छता, सच्चाई, सद्भाव और आध्यात्मिक माहौल होता है। इसी आस्था के कारण घरों और मंदिरों में विशेष साफ-सफाई के साथ भक्ति वातावरण स्थापित किया गया है।

आज सुबह से ही श्रद्धालुओं ने घर के द्वार खोलकर दीप प्रज्वलित किए और देवी के आगमन का स्वागत किया। नए चावल के आटे से द्वार, आंगन और पूजा स्थल तक लक्ष्मी के चरण चिह्न बनाए गए। तुलसी चौरा पर भी दीप सजाए गए और पुष्प अर्पित कर मां लक्ष्मी की कृपा की प्रार्थना की गई। पूजा-अर्चना के साथ भक्तों ने लक्ष्मी स्तोत्र और श्रीसूक्त का पाठ कर परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अगहन मास के प्रत्येक गुरुवार को लक्ष्मी पूजा करने से आर्थिक उन्नति, पारिवारिक सुख और शुभ फलों की प्राप्ति होती है। अगहन मास की शुरुआत के साथ ही मंदिरों में भी सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कई स्थानों पर भजन, कीर्तन और विशेष आरती का आयोजन किया गया है। पुरोहितों के अनुसार, अगहन के गुरुवार पर की गई पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है और इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। शास्त्रगत मान्यताओं के आधार पर अगहन गुरुवार में व्रत रखने का विधान है। इस दिन स्नानादि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प महिलाओं द्वारा किया जाता है। इसके अलावा शाम को चंद्रमा के उदित होने के उपरांत पुष्प, नैवेध, धूम, दीप प्रज्वलित कर भगवान गणेश की पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यतानुसार अगहन माह महालक्ष्मी का महीना माना गया है। इस माह के गुरुवार को धन देवी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से सुख-शांति व समृद्धि मिलती है। कार्तिक में देवउठनी एकादशी पर क्षीरसागर में विश्राम कर रहे भगवान विष्णु को जगाने की परंपरा निभाई गई थी। चातुर्मास में चार माह तक भोलेनाथ सृष्टि का संचालन कर रहे थे। कार्तिक पूर्णिमा पर 15 नवंबर को हरिहर मिलन परंपरा निभाई जाएगी। भगवान भोलेनाथ ने सृष्टि का भार पुनः भगवान विष्णु को सौंपा। अब, 16 नवंबर से अगहन का शुभारंभ हो रहा है। जिसका समापन 15 दिसंबर को होगा। इस पूरे महीने में भगवान विष्णु की अर्धांगिनी महालक्ष्मी को घर-घर में आमंत्रित कर पूजन किया जाएगा।

विधि-विधान से करें मां लक्ष्मी की पूजा

हिंदू पंचांग के 12 महीनों में किसी ना किसी देवी-देवता की पूजा करने का विधान है। प्रत्येक महीने घर-घर में और मंदिरों में भक्तिभाव का माहौल छाया रहता है। चैत्र में नवरात्र पर दुर्गा, वैशाख में अक्षय तृतीया पर परशुराम, जेठ में यमराज, सावित्री, आषाढ़ में जगन्नाथ, श्रावण में भोलेनाथ, भाद्रपद में गणेश पर्व, क्वांर में पितृ और नवरात्र, कार्तिक में धनतेरस, गोवर्धन पूजा, देव दीपावली, अगहन में भैरव जयंती, लक्ष्मी पूजन, पौष में शाकंभरी जयंती, माघ में वसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन, फाल्गुन में होलिका दहन, नृसिंह पूजन की महत्ता है। कार्तिक माह पर शुक्रवार को पूर्णिमा स्नान का समापन होने के पश्चात अब 16 नवंबर से अगहन माह का शुभारंभ हो रहा है। छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में अगहन माह के प्रत्येक गुरुवार को महालक्ष्मी का पूजन करने की परंपरा है। अगहन माह के सभी गुरुवार को घर-घर में लक्ष्मी पूजन से भक्तिभाव छाए रहता है। अगहन माह के गुरुवार से एक दिन पूर्व बुधवार को महिलाएं अपने घर के मुख्य द्वार, आंगन में आटे से आकर्षक रंगोली सजाकर, पूजा घर में कलश और माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर माता को पधारने का आमंत्रण देने की रस्म निभाएंगी। अगले दिन गुरुवार को सुबह स्नान, पूजन करके दिनभर व्रत रखने का संकल्प लेंगी। दोपहर में भोग अर्पित करके और शाम को पुनः पूजा करके प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारणा करेंगी। दुर्गा मंदिर के पुजारी पं. शैलेंद्र पाण्डेय के अनुसार ऐसी मान्यता है कि अगहन माह में महालक्ष्मी को विधिवत आमंत्रित कर पूजा, अर्चना की जाए तो मां लक्ष्मी स्थायी रूप से उस घर में निवास करतीं हैं। मां लक्ष्मी का पूजन, व्रत करने से परिवार में सुख, समृद्धि बढ़ती है।

न्यूज गैलरी

अपर कलेक्टर ने मतदाता सूची पुनरीक्षण का लिया जायजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। अपर कलेक्टर एस.एस. दुबे एवं सकरी के नायब तहसीलदार विभोर यादव ने सकरी तहसील के ग्राम खजुरी नवागांव और बिनोरी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का जायजा लिया और बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बीएलओ के साथ मिलकर कुछ मतदाताओं के घर जाकर उनसे चर्चा की तथा उन्हें एसआईआर कार्य के महत्व के बारे में समझाया। वर्तमान में बीएलओ घर-घर पहुंचकर गणना फार्म का वितरण कर रहे हैं। अपर कलेक्टर श्री दुबे ने सभी बीएलओ को यह कार्य पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ करने के निर्देश दिए।

नालियों में जलभराव देख अधिकारियों को दिए सुधार के आदेश

महापौर ने वार्डों का किया निरीक्षण अधिकारियों को दिए सफाई के निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर को व्यवस्थित व स्वच्छ बनाए रखने के लिए महापौर पूजा विधानी द्वारा लगातार शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज महापौर, एमआईसी चेयरमेन और निगम अधिकारी-कर्मचारियों के साथ वार्ड नंबर 54, 55 और 58 में निरीक्षण के लिए पहुंची। इस दौरान वार्ड में दिख रही अव्यवस्थाओं को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

महापौर पूजा विधानी ने वार्ड क्रमांक 54, 55 और 58 में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सड़कों, नालियों और पेयजल व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर नलों से पानी बहते हुए देखकर महापौर ने जोन कमिश्नर को तत्काल नल की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। वहीं वार्ड क्रमांक 55 में नाली की ऊँचाई अधिक होने के कारण घरों की पानी निकासी बाधित हो रही थी, जिससे नाली में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस पर महापौर ने तत्काल नाली की लेबलिंग और सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य है कि सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाएँ सुचारू रूप से उपलब्ध हों और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना

शिकायत पर त्वरित निदान का प्रयास

महापौर के साथ निरीक्षण में निकले सफाई चेयरमेन श्याम साहू ने बताया कि लगातार वार्डों का निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वार्डों को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रयासरत हैं। वार्डवासियों से भी स्वच्छता बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। सफाई संबंधित किसी भी तरह की शिकायत आने पर तत्काल ही उसका निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को किसी तरह की समस्या न हो। आज से स्वदेशी मेला भी शुरु हो रहा है। वहां पर भी निगम के कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

नगर के सेनानियों की नाम पट्टिका गार्डन का उद्घाटन मुख्यमंत्री साय करेंगे

■ **सेनानी उत्तराधिकारी का प्रांतीय सम्मेलन 30 को**

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश का सम्भवतः एक मात्र पहला ज़िला बिलासपुर होगा जहाँ नगर के प्रत्येक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम की नव निर्मित पट्टिका एवं गार्डन का उद्घाटन सम्भवतः 15 नवंबर को शहर के सबसे खूब सूरत चौक पं दीनदयाल उपाध्याय चौराहा से शिव टाकीज तक नव निर्मित गार्डन का प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल करेंगे। उक्त जानकारी देते हुये राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने कहा कि देश की आज़ादी का अलख जगाने वाले नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी उनके योग्यदान की राष्ट्रीय पहचान मिलेगी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश की आज़ादी में अपने प्राणों की बलिदानी दी थी नगर की वर्तमान पीढ़ी खूबसूरत गार्डन व नाम पट्टिका को देखकर उनका स्मरण करेंगें जिसकी आज ज़रूरत है। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर को छत्तीसगढ़ स्तरीय प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन नगर स्थित अनुभव भवन ज्येष्ठ नागरिक संघ कार्यालय ब्रहस्पति बाज़ार में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। प्रातः 9 बजे जय स्तम्भ में पुष्पांजलि,10 राष्ट्रीय ध्वज वंदन एवं सम्मेलन अनुभव भवन ब्रहस्पति बाज़ार में सम्पन्न होगा जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र रघुवंशी, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजेंदर मोहन शर्मा, संगठन मंत्री कपूर सिंह दलाल, कार्यकारिणी सदस्य राजा भैय्या मिश्रा,अरुण सिंह सहित छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल जी,रिटा.आइ ई एस गणेश शंकर मिश्रा, रिटा.आइ पी एसपी के तिवारी सहित वरिष्ट पदाधिकारी जिलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

कथावाचक के विवादित बयान पर भड़का सतनामी समाज, थाने का किया घेराव

■ **कथावाचक आशुतोष चैतन्य पर अपराध दर्ज**

बिलासपुर/नवप्रदेश। धर्म के नाम पर उपदेश देने वाला जब खुद मर्यादा की सीमाएं लांघ जाए तो आस्था भी आहत हो जाती है। तखतपुर में व्यासपीठ से अधर्म की वाणी निकली और फिर भड़क उठा समाज। सतनामी समाज के खिलाफ कथावाचक के आपत्तिजनक बयान ने पूरे क्षेत्र का माहौल गरमा दिया। तखतपुर के टिकरीपारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में उस वक्त माहौल बिगड़ गया, जब व्यासपीठ पर बैठे कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज ने सतनामी समाज के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। धर्मसभा में दिए गए इन शब्दों ने श्रद्धालुओं और समाज के बीच आक्रोश की आग भड़का दी।धार्मिक मंच से निकले इस विवादित बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो के फैलते ही सतनामी समाज के लोग आक्रोशित हो उठे और कथावाचक के खिलाफ तखतपुर थाने का घेराव कर दिया। भीड़ ने नारेबाजी करते हुए दोषी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्थिति को बिगड़ते देख थाना परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर समाज के प्रतिनिधियों से बातचीत कर स्थिति संभालने की कोशिश की। सतनामी समाज के प्रतिनिधि बिहारी टोडर ने बताया कि आशुतोष चैतन्य ने कथा के दौरान अपशब्दों का प्रयोग किया, जो धार्मिक सौहार्द के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यासपीठ से समाज को बांटने वाली बातें न करे।

टिकरीपारा में बढ़ाई गई सुरक्षा

वहीं तखतपुर में सतनामी समाज के विरोध के बाद कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज के कार्यक्रम स्थल तखतपुर के टिकरी पारा में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पंडाल के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई है। तखतपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज के खिलाफ कार्रवाई के आश्वासन के बाद समाज के लोग शांत हुए। तखतपुर में माहौल शांत है। समाज के लोगों ने कथावाचक के खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की है।

ऑयल एक्सट्रेक्शन यूनिट स्थापित करने आवेदन 20 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय योजना नेशनल मिशन ऑन इडिबल आयल- ऑयलसीड्स के अंतर्गत जिले में तेल निकालने की मशीन (ऑयल एक्सट्रेक्शन यूनिट) स्थापित करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। इस योजना के तहत 10 टन क्षमता की मशीन स्थापित करने का प्रस्ताव है। योजना के अंतर्गत यूनिट की लागत पर अनुदान 33 प्रतिशत (अधिकतम 9.90 लाख रू) प्रदान किया जाएगा।

फल गोदाम में भीषण आग, लाखों का नुकसान

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीते मंगलवार की देर रात को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत बृहस्पति बाजार सब्जी मार्केट में स्थित फल गोदाम में आग लग गई।आग लगने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है।लेकिन इस आगजनी में गोदाम में रखा फल और ठेला और अन्य समान जलकर खाख हो गया।स्थानीय निवासी कुछ समझ पाते उसके पहले ही आग ने अपना विकराल रूप ले लिया,और आग इतनी तेज फैली कि देखते ही देखते कुछ ही समय में पूरा गोदाम जलकर राख में तब्दील हो गया।वही घटना की जानकारी लगते ही मौके पर थाना सिविल लाइन की पेट्रोलिंग गाड़ी पहुंच गई। सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण अज्ञात बताया रहा है।लेकिन वहीं स्थानीय लोगों के द्वारा यह चर्चा की जा रही थी किसी ने इस घटना को अंजाम दिया है।क्योंकि आग लगने के कुछ समय पहले ही ताजा फल आया था।जिसे इस गोदाम में रखाया गया था।फल को गोदाम को रखने के बाद इस गोदाम का मालिक वहां से चला गया। वहीं एक बात और सामने आई कि यह गोदाम खुले आसमान के नीचे और चारों तरफ टीन की दीवार से घिराया हुआ है।जिसके कारण किसी ने इसका फायदा उठाते हुए इस घटना को अंजाम दिया हुआ। बहरहाल यह मामला अब जांच का विषय है।अब देखना यह होगा सिविल लाइन पुलिस इस आगजनी की घटना को कितनी गंभीरता से लेती है,और इस आगजनी के पीछे के कारण का कब तक खुलासा करती है।

कर्मचारी और धान खरीदी ऑपरेटर संघ की हड़ताल 12वें दिन भी जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की चार सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को 12वें दिन भी जारी रही। संभागीय स्तर पर धरना प्रदर्शन के बाद अब तक शासन स्तर पर कोई ठोस सहमति नहीं बनने से कर्मचारियों में आक्रोश है। हड़ताली कर्मचारियों ने गुरुवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने संघर्ष और मांगों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों और 2739 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से लगभग 15 हजार कर्मचारी किसानों को सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें नियमित वेतन और सुविधाओं से वंचित रखा गया है। मुख्य मांगों में वर्ष 2023-24 और 2024-25 की धान खरीदी में हुई सुखत राशि का भुगतान समितियों को दिलाना, परिवहन पश्चात संपूर्ण सुखत राशि समितियों को देना, आउटसोर्सिंग प्रणाली समाप्त कर कंप्यूटर ऑपरेटरों का नियमितीकरण, तथा मध्यप्रदेश की तर्ज पर 3 लाख रुपए वार्षिक प्रबंधकीय अनुदान एवं वेतनमान प्रदान करना शामिल है।

कर्मचारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक और अपर मुख्य सचिव के पत्रों के बावजूद अब तक उनकी मांगों पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया, तो वे धान खरीदी कार्य से स्वयं को अलग रख हड़ताल जारी रखेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एकलव्य चंद्रा (जिला अध्यक्ष सक्ति), रूद्रदत्त तिवारी (महासचिव बिलासपुर संभाग) उपस्थित थे।

शासन से नहीं बनी सहमति

चोरी की बाइक बेचने ग्राहक तलाशते आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। चोरी की मोटरसाइकिल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे आरोप को कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से होंडा शाइन मोटरसाइकिल पुलिस ने किया जब्त किया है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा शहर में हो रहे लगातार मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरणों में पूर्ण अंकुश लगाने हेतु दिशा निर्देश दिए हैं जिसके अनुक्रम में थाना कोनी क्षेत्र में 13 नवंबर को तुरकाडीह चौक में एक व्यक्ति चोरी का मोटरसाइकिल बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है कि सूचना पर तस्दीक हेतु थाना कोनी स्टाफ के द्वारा मौके पर तत्काल पहुंचकर तुरकड़ी चौक में घेराबंदी कर उसको पकड़ा गया पूछताछ करने पर अपना नाम पप्पू पटेल निवासी तुरकाडीह कोनी का होना बताया जिसे मोटरसाइकिल होंडा शाइन के संबंध में जरूरी वैध कागजात पेश करने बोला गया जो आरोपी के द्वारा कोई कागजात नहीं होना बताया तत्पश्चात आरोपी से एक नग काले रंग की बिना नंबर की होंडा शाइन मोटरसाइकिल कीमती लगभग 30000 समक्ष गवाहन जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है।

आयोजन

गढ़वा बाजा और मुरली की तान पर नर्तक दल जमकर थिरकते नजर आएंगे

रतनपुर में मड़ई मेला व राऊत नाच महोत्सव एक दिसम्बर को, तैयारी जोरों पर

रतनपुर/नवप्रदेश। रतनपुर में पिछले 18 वर्षों की अपार सफ़लता के बाद इस वर्ष भी विराट मड़ई मेला एवं राऊत नाच महोत्सव 01 दिसम्बर 2025 को आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। छग में मड़ई मेला का परंपरा आज भी जीवित है इसका नजारा विगत कई वर्षो से रतनपुर के तराई में यादव समाज कल्याण समिति के द्वारा आयोजन किया जा रहा है।

इस आयोजन का इंतजार रतनपुरवासियों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को वर्ष भर रहता है जिसमें नर्तक दलों के द्वारा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रस्तुति की जाती है। इस आयोजन में गढ़वा बाजा और मुरली की तान पर नर्तक दल जमकर थिरकते नजर आयेंगे। राऊत नाच की प्रस्तुति शाम 4 बजे से प्रारम्भ होकर देर रात तक चलेगी जिसके तैयारी के लिए समाज के लोग युद्धस्तर पर तैयारी में जुट गए हैं। महोत्सव में प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये नकद एवं रनिंग शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रुपये नकद एवं रनिंग शील्ड, तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपये नकद एवं रनिंग शील्ड , चतुर्थ पुरस्कार 4 हजार रुपये नकद एवं स्मृति चिन्ह, पंचम पुरस्कार 3 हजार रुपये नकद एवं स्मृति चिन्ह,षष्ठम पुरस्कार 2 हजार रुपये नकद एवं स्मृति चिन्ह एवं सांत्वना पुरस्कार 1000 नकद एवं स्मृति चिन्ह भाग लेने वाले प्रत्येक टीम को प्रदान किया जाएगा। यादव समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष कन्हैया यादव ने बताया कि महोत्सव में भाग लेने वालों रतनपुर, बिलासपुर के अलावा अन्य जिलों आए सभी नर्तक दलों के निःशुल्क भोजन का व्यवस्था की जायेगी। कार्यक्रम में यादव समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने 10 वी एवं 12 वी में नगर में टॉप किए उन्हें नकद पुरूस्कार,स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

रक्तदान से किसी को भी जीवनदान मिल सकता है साथ ही रक्तदान करने से आम इंसान खास इंसान बन जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी यादव समाज कल्याण समिति एवं सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ रतनपुर के संयुक्त तत्वावधान विशाल स्वैच्छिक रक्त दान शिविर एवं जन जागरुकता अभियान का आयोजन 30 नवंबर दिन रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक यादव समाज प्रांगण में किया जाएगा।

सुविचार

बदल गई है जमाने की रंगत जनाब, आजकल वही लोग अंजान बनते हैं जो सब कुछ जानते हैं। - अज्ञात

उल्टा चोर कोतवाल को डांटे

देश की राजधानी नई दिल्ली में हुए बम विस्फोट के बाद पाकिस्तान ने अभी से इस घटना के पीछे अपना हाथ होने की बात को नकारना जबकि अभी तक भारत की ओर से यह नहीं कहा गया है कि इस धमाके में पाकिस्तान का हाथ है। अभी तो इस घटना की उच्च स्तरीय जांच पड़ताल ही हो रही है जब इसके सारे सबूत सामने आ जाएंगे तभी भारत सरकार यह तय करेगी की इस घटना का मुख्य साजिशकर्ता कौन है और उसके खिलाफ कैसी कार्यवाही करनी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली विस्फोट के साजिशकर्ताओं को कतई नहीं बख्शा जाएगा। पीएम मोदी की इस चेतावनी से ही पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है और संयोगवश दिल्ली धमाके दूसरे ही दिन पाकिस्तान में ही एक आत्मघाती विस्फोट की घटना हो गई जिसमें भी 12 लोग मारे गये हैं। पाकिस्तान में हुए इस आत्मघाती विस्फोट के लिए पाकिस्तान भारत को जिम्मेदार ठहराकर उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। वहीं पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा अब्बास ने दिल्ली धमाके के बारे में यह बयान दिया है कि दिल्ली में गैस सिलेंडर विस्फोट के कारण धमाका हुआ है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भी पाकिस्तान में हुए धमाके का ठिकरा भारत के सिर पर फोड़ा है। जाहिर है चोर की दाढ़ी तिनका है। दिल्ली विस्फोट की जांच ज्यों-ज्यों आगे बढ़ रही है त्यौं-त्यौं कई सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं। इस घटना के पीछे भले ही भारत में काम कर रहे स्लीपर सेल सामने आये हैं लेकिन उनके तार पाकिस्तान के कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैय्यबा के जुड़ने के सबूत मिलने लगे हैं। यह तो गनीमत है कि श्रीनगर के पुलिस अधीक्षक ने वहां लगे एक पोस्टर की जांच करवाई तो इतनी बड़ी साजिश का खुलासा हुआ और देश में आतंक फैलाने की एक बहुत बड़ी साजिश का पर्दाफाश हो गया। इसके लिए भारत का खुफिया विभाग और जांच एजेन्सियां बधाई की पात्र हैं। जिन्होंने समय रहते इन आतंकियों की जांच पड़ताल शुरू कर दी अन्यथा दिल्ली धमाके से भी ज्यादा खतरनाक कई धमाके करने की साजिश सफल हो जाती। फिलहाल इसकी सूक्ष्म जांच हो रही है और यदि इस घटना के पीछे पाकिस्तान का हाथ पाया जाता है तो यह तय है कि आपरेशन सिंदूर पार्ट -2 जल्द शुरू होगा और इस बार पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया जाएगा जिसे उसकी आने वाली कई पीढ़ियां याद रखेंगी।

हाल्फ बिजली बिल योजना पर पुनर्विचार जरूरी

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्तीय कांग्रेस सरकार ने घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए हाल्फ बिजली बिल योजना लागू की थी जिसके तहत 400 यूनिट तक 50 प्रतिशत की छूट दी जाती थी किन्तु प्रदेश में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद पुनरीक्षित हाल्फ बिल योजना एक अगस्त से लागू कर दी गई जिसमें 100 यूनिट तक की बिजली खपत पर ही हाल्फ बिल योजना का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाने लगा। 100 यूनिट से 1 यूनिट से भी अधिक खपत होने पर उन्हें हाल्फ बिल से वंचित किया जाना लगा। नतीजतन उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिजली बिल चुकाने पड़ रहे हैं और इस बीच बिजली दर में की गई वृद्धि से लोगों में नाराजगी बढ़ने लगी है। जनभावनाओं को देखते हुए अब राज्य सरकार ने हाल्फ बिजली बिल योजना में फिर एक बार बदलाव की कवायद शुरू की है। वास्तव में जनहित में यह जरूरी है कि हाल्फ बिजली बिल योजना पर पुनर्विचार किया जाये। फिलहाल सरकार 100 यूनिट की जगह 200 यूनिट की खपत पर हाल्फ बिल योजना लागू करेन का विचार कर रही है जिससे लगभग 20 लाख उपभोक्ता लाभ के दायरे में आ जाएंगे। किन्तु इसके बाद भी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं में भारी भरकम बिजली बिल चुकानी पड़ेगी। इसलिए बेहतर होगा कि पूर्ववर्तीय कांग्रेस सरकार द्वारा जो 400 यूनिट तक खपत पर बिजली बिल में पचास प्रतिशत की रियायत दी जाती थी उसे फिर से लागू करे। अन्यथा बिजली बिल को लेकर उपभोक्ताओं का असंतोष दूर नहीं होगी। वैसे भी बिजली बिलों में भारी बढ़ौत्तरी होने के कारण अब साधन संपन्न लोग पीएम सूर्यघर योजना के तहत सौर ऊर्जा पेनल लगाने लगे हैं। किन्तु यह एक खर्चीला काम है और आम आदमी के लिए सौर ऊर्जा पेनल लगवाना आसान नहीं है इसलिए उन लोगों को बिजली बिल हाल्फ योजना में ही ज्यादा से ज्यादा छूट प्रदान करके ही सहुलियत दी जा सकती है। राज्य सरकार को इस बारे मे गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ अपने चित्त में स्थान मत दीजिए दुर्जनों को, दुष्टों को, जिनके साधन विरुद्ध चेष्टाएं हैं, जिनके कर्म प्रकृति और परमात्मा के विपरीत हैं। इस समाज में रहते हुए हां जी हां जी उनसे भी करना पड़े तो बाज मत आना, कर लेना। कोई बैर-विरोध की दृष्टि मत करना क्योंकि दुर्जनों से कहीं युद्ध में फंस गए तो तुम्हारा जो आत्म कल्याण का मार्ग है वो अवरुद्ध हो जायेगा और तुम्हारा आत्म कल्याण रुक जाएगा।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। 1681 ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल को एक अलग रियासत बनाने का ऐलान किया। 1889 स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्म। 1922 ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कोरपोरेशन (बीबीसी) ने ब्रिटेन में रेडियो सेवा की शुरूआत की। 1935 आधुनिक जार्डन के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाले शाह हुसैन का जन्म। उन्होंने 1953 से 1999 तक जार्डन पर शासन किया। 1948 : प्रिंस चार्ल्स का जन्म। वह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फिलिप के सबसे बड़े पुत्र हैं। 1955 कर्मचारी राज्य बीमा निगम का उद्घाटन। 1964 : आज के दिन को बाल दिवस के रूप में मनाने का आधिकारिक ऐलान। 1969 : अपोलो-12 को प्रक्षेपित किया गया, जो तीन अंतरिक्षयात्रियों को लेकर आकाश की अनंत गहराइयों को पार करते हुए चंद्रमा पर पहुंचा।

बचपन के रंगों में रचा-बसा था नेहरू जी का जीवन दर्शन

श्वेता गोयल

जब नेहरू जी ने बच्चों की परेशानी को देखा तो उनसे रहा न गया। उन्होंने उन बच्चों से दो बाल्टी पानी मंगवाया और पानी लकड़ी के उस खोल में भर दिया। फिर क्या था, पानी भरते ही गेंद पानी में ऊपर आ गई और उन्होंने गेद निकालकर बच्चों को दे दी। सभी बच्चे बालक जवाहरलाल की बुद्धिमत्ता से बहुत प्रभावित हुए। बच्चों के साथ-साथ देश और जनता से भी नेहरू जी बहुत प्यार करते थे और यही कारण था कि अधिकांश देशवासी भी उनसे उतना ही स्नेह करते थे और उन्हें आदर-सम्मान देते थे, जितना बच्चे देते थे। 74 वर्ष की आयु में 27 मई 1964 को पंडित जी स्वर्ग सिधार गए लेकिन अपने निधन से पूर्व अपनी वसीयत में उन्होंने लिखा, ''मेरे मरने के बाद मेरी अस्थियां देश के उन खेतों में बिखेर दी जाएं, जहां भारत का किसान अपना पसीना बहाता है ताकि वे देश की मिट्टी में मिल जाएं।'' ऐसे थे बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू!

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की शख्सियत से भला कौन परिचित नहीं होगा। बच्चों से उन्हें इतना लगाव था कि उन्हें प्यार से 'बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू' कहा जाने लगा था। अपने कोट की जेब पर हमेशा प्रेम का प्रतीक गुलाब का फूल लगाए रहने वाले जवाहरलाल नेहरू बच्चों से इतना स्नेह करते थे कि आज भी वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री से पहले 'चाचा नेहरू' के रूप में ही अधिक याद किए जाते हैं। बच्चों के प्रति पंडित नेहरू के इस विशेष लगाव को देखते हुए ही सन् 1956 से उनके जन्मदिन को 'बाल दिवस' के रूप में मनाने का निश्चय किया गया था और तभी से पंडित नेहरू का जन्मदिवस (14 नवंबर) बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जब उनके जन्मदिवस को 'बाल दिवस' के रूप में मनाने का निश्चय किया गया था, तब नेहरू जी ने कहा था, ''मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि मेरे देश के बच्चों ने मेरे जन्मदिन को ही 'अपना दिन' बना लिया है। इससे ज्यादा इज्जत और खुशी की बात भला मेरे लिए और क्या हो सकती है कि मेरे मुल्क के बगीचे के इन कोमल फूलों और कोंपलों ने मुझे अपना इतना स्नेह दिया है। मेरी यही कामना है कि इन सबको फलने-फूलने का पर्याप्त अवसर मिले।''

पं. जी के जीवनकाल के अनेक ऐसे संस्मरण एवं किस्से उद्धृत किए जा सकते हैं, जो उनकी महान् शख्सियत और बच्चों के प्रति उनका अपार स्नेह बयान करते हैं। एक बार नेहरू जी बाल मंदिर देखने गए थे, जहां तीन से पांच साल तक के बच्चे पढ़ते थे। उस समय सभी बच्चे नाच-गाने में मग्न थे। जब पंडित जी वहां पहुंचे और दूर बैठकर बच्चों का नाच-गाना देखने लगे तो एक चार वर्षीया बालिका उनके पास आई और बड़े अनुरोधपूर्वक कहा कि आप भी हमारा साथ दीजिए। पहले तो पंडित जी काफी ना-नुकूर करते रहे। उन्होंने बच्चों को यह कहकर बहलाने का प्रयास भी किया कि इस बार तो नहीं लेकिन अगली बार तुम्हारे साथ जरूर नाचूंगा लेकिन जब उस बच्ची ने जिद पकड़ ली तो आखिर पंडित जी को उस छोटी सी बच्ची के आगे झुकना पड़ा और इतने विशाल देश के प्रधानमंत्री होते हुए भी उन बच्चों की खुशी के लिए उनके साथ वे बच्चा बनकर नाचे। जब दीवाली का मौका होता तो वे अपने नाती राजीव और संजय के बाल मित्रों को आनंद भवन बुलाते और उनके साथ दीवाली मनाते हुए कहते कि बच्चों आतिशबाजी चलाकर दीपावली मनाओ और खुशियां बांटो। जो बच्चे पटाखे चलाते हुए डरते, उन्हें कहते कि जो बच्चे इन छोटे-छोटे पटाखों से ही डर जाएंगे, वे आगे चलकर देश के बहादुर सिपाही कैसे बनेंगे? कभी-कभी वह इलाहाबाद में दीवाली की रात बाहर का नजारा देखने निकल पड़ते और रास्ते में गरीब बच्चों को भी मिठाईयां, नए कपड़े और पटाखे देते हुए उनके साथ पटाखे चलाने लगते।

बाल दिवस पर विशेष

एक बार उन्हें किसी जरूरी काम से दीवाली पर मास्को जाना पड़ा। उस समय तक वहां दीवाली के मौके पर पटाखे नहीं चलाए जाते थे लेकिन पंडित जी की दीवाली तो बच्चों के साथ पटाखे चलाए बिना अधूरी थी। इसलिए उन्होंने वहां भी बच्चों से पटाखे मंगवाए और काफी बच्चों को एकत्रित कर उनके साथ पटाखे चलाने लगे। वहां के बच्चे पटाखों की रंग-बिरंगी रोशनी और धूमधड़ाके से बहुत प्रभावित हुए और खुशी से झूम उठे। उसके बाद से मास्को में भी हर साल दीवाली के मौके पर पटाखे चलाने का दौर शुरू हो गया।

नेहरू जी छोटे थे, तब की एक घटना है। एक बार मैदान में कुछ बच्चे गेंद से खेल रहे थे। खेलते-खेलते गेंद उछलकर लकड़ी के एक खोल में जा गिरी। खोल का मुंह छोटा था, इसलिए बच्चों से बहुत कोशिश के बाद भी गेंद नहीं निकल पा रही थी। जब नेहरू जी ने बच्चों की परेशानी को देखा तो उनसे रहा न गया। उन्होंने उन बच्चों से दो बाल्टी पानी मंगवाया और पानी लकड़ी के उस खोल में भर दिया। फिर क्या था, पानी भरते ही गेंद पानी में ऊपर आ गई और उन्होंने गेद निकालकर बच्चों को दे दी। सभी बच्चे बालक जवाहरलाल की बुद्धिमत्ता से बहुत प्रभावित हुए।

बच्चों के साथ-साथ देश और जनता से भी नेहरू जी बहुत प्यार करते थे और यही कारण था कि अधिकांश देशवासी भी उनसे उतना ही स्नेह करते थे और उन्हें आदर-सम्मान देते थे, जितना बच्चे देते थे। 74 वर्ष की आयु में 27 मई 1964 को पंडित जी स्वर्ग सिधार गए लेकिन अपने निधन से पूर्व अपनी वसीयत में उन्होंने लिखा, ''मेरे मरने के बाद मेरी अस्थियां देश के उन खेतों में बिखेर दी जाएं, जहां भारत का किसान अपना पसीना बहाता है ताकि वे देश की मिट्टी में मिल जाएं।'' ऐसे थे बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू!

फरीदाबाद से लाल किला तक : दिल्ली ब्लास्ट ने खोली साजिश की परतें

– महेन्द्र तिवारी

- महेन्द्र तिवारी

10 नवंबर 2025 की शाम लाल किले के पास सफेद रंग की एक हुंडई आई-20 में हुए धमाके ने कुछ ही पलों में देश की राजधानी को दहशत में डाल दिया। कुछ ही मिनटों में पूरा इलाका पुलिस, एम्बुलेंस और दमकल की गाड़ियों से भर गया। धुएँ के बादल, लोगों की चीखें, और भागते हुए कदमों की आवाज़ें–यह किसी हादसे का नहीं, बल्कि योजनाबद्ध आतंकी हमले का दृश्य था। शुरुआती जांच में यह सामने आया कि धमाके में अमोनियमनाइट्रेट और पेंटाएरिथ्रॉलटेट्रानाइट्रेट (PETN) जैसे उच्च श्रेणी के विस्फोटक इस्तेमाल किए गए थे। यह कोई साधारण हमला नहीं था; यह एक संदेश था–कि आतंक अब अपना चेहरा बदल चुका है।

जांच ने जैसे-जैसे रफ्तार पकड़ी, एक ऐसा सच सामने आया जिसने पूरे देश को झकझोर दिया। धमाके में शामिल कार एक डॉक्टर के नाम पर दर्ज थी–एक ऐसा व्यक्ति जो जीवन बचाने की शपथ ले चुका था, लेकिन मौत का सौदागर बन बैठा। फरीदाबाद के एक मेडिकलकॉलेज से जुड़े डॉक्टर मोहम्मद उमर नबी का नाम जैसे ही सामने आया, समाज में सन्नाटा छा गया। डीएनए रिपोर्ट ने पुष्टि की कि मलबे में मिली लाश उसी की थी। लेकिन असली झटका तब लगा जब यह खुलासा हुआ कि यह कोई अकेला भटका हुआ युवक नहीं था, बल्कि एक संगठित ÷व्हाइटकॉलरटेररनेटवर्क÷काहिस्साथा–जहाँआतंकीअबबंदूकनहीं, बल्कि डिग्री और ज्ञान की आड़ में काम कर रहे थे।

धौज गांव में हुई छापेमारी में हजारों किलो विस्फोटक, डिटोनेटर और विदेशी नेटवर्क से जुड़े दस्तावेज़ मिले। जांच में यह भी पता चला कि उमर ने कुछ महीने पहले तुर्की की यात्रा की थी, जहाँ उसकी मुलाकात जैश-ए-मोहम्मद के एक हैंडलर से हुई। वहीं से भारत के प्रमुख राष्ट्रीय प्रतीकों पर हमले की योजना बनी। सूत्रों के मुताबिक, इस हमले को 26 जनवरी या किसी बड़े त्योहार के मौके पर अंजाम देने की योजना थी, ताकि देश की आत्मा को झकझोरा जा सके। लेकिन सहयोगियों की गिरफ्तारी के डर से उन्होंने यह कदम जल्दबाजी में उठाया। शायद इसी वजह से उनका नेटवर्क पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पाया, और देश एक बहुत बड़ी तबाही से बच गया।

इस पूरे मामले ने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है–जब आतंक की जड़ें अब शिक्षा संस्थानों और अस्पतालों में पहुँचने लगें, तो समाज कहाँ सुरक्षित बचेगा? डॉक्टर, जो जीवन बचाने का प्रतीक होता है, जब वही विनाश का कारण बन जाए, तो यह सिर्फ कानून-व्यवस्था की नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना की हार होती है। फरीदाबाद के अल-फलाह यूनिवर्सिटी का नाम भी इस जांच में आने के बाद बहस का विषय बना रहा। विश्वविद्यालय ने भले ही कहा कि इन व्यक्तियों का संस्थान की नीति से कोई संबंध नहीं, लेकिन लोगों के मन में यह प्रश्न गूंजता रहा कि आखिर शिक्षा और कट्टरता का यह संगम कैसे संभव हुआ?

डॉ. शाहीन शाहिद और डॉ. पारवेज़ अंसारी की गिरफ्तारी ने इस नेटवर्क का एक और चेहरा उजागर किया–÷जमात-उल-मोमिनात÷नामकसंगठन, जो महिलाओं में वैचारिक उग्रता फैलाने का कार्य कर रहा था। अब आतंकवाद का नया चेहरा खुलकर सामने आ चुका है। यह अब बम और गोलियों से नहीं, बल्कि विचारों और विश्वासों से लड़ाई लड़ रहा है। यह आतंक का ÷इंटेलेक्चुअलवर्ज़न÷है–जहाँलोगकिताबों, प्रवचनों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के ज़रिए ज़हर बो रहे हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि यह संक्रमण चुपचाप फैलता है, बिना किसी शोर-शराबे के, और जब तक समाज इसे पहचानता है, तब तक इसकी जड़ें गहराई तक जा चुकी होती हैं।

यह घटना सिर्फदिल्ली पर हमला नहीं थी; यह हमारी चेतना पर वार था। जब शिक्षा अंधकार फैलाने का जरिया बन जाए, जब डॉक्टर मौत बाँटने लगें, जब विश्वविद्यालय विचारों के बजाय नफरत के बीज बोने लगें, तो यह किसी देश की सबसे बड़ी विफलता होती है। यह केवल सुरक्षा एजेंसियों का मामला नहीं रह जाता–यह समाज के हर नागरिक, हर शिक्षक, हर माता-पिता की जिम्मेदारी बन जाती है। सवाल यह नहीं कि बम किसने बनाया, बल्कि यह है कि वह विचार किसने बोया जिसने एक शिक्षित व्यक्ति को आतंकी बना दिया।

आतंक को खत्म करने के लिए सिर्फहथियारों को नष्ट करना पर्याप्त नहीं। असली लड़ाई उस विचारधारा से है जो इंसान को इंसान का दुश्मन बनाती है। जब तक हम उस सोच को नहीं मिटाएँगे जो धर्म, जाति या विचारधारा के नाम पर नफरत फैलाती है, तब तक कोई पुलिस, कोई एजेंसी, कोई तकनीक हमें स्थायी सुरक्षा नहीं दे सकती।

लाल किले के पास हुआ यह धमाका हमें यह सिखाता है कि सच्ची सुरक्षा दीवारों या तारों से नहीं, बल्कि सोच की पवित्रता से आती है। हमें अपने बच्चों को केवल डॉक्टर, इंजीनियर या वैज्ञानिक नहीं बनाना है, बल्कि इंसान बनाना है–जो सोच सके, सवाल पूछ सके, और नफरत के खिलाफ खड़ा हो सके। क्योंकि आने वाले समय की सबसे बड़ी जंग बंदूकों से नहीं, विचारों से लड़ी जाएगी और जीत उसी की होगी जो इंसानियत को ज़िंदा रखेगा।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अपने अपने देवता

अपने अपने देवता चलो चलें बनाते हैं हम सभी मिल अपने अपने देवता और बनाते हैं अपना अपना धर्म और फिर बनाते हैं उसपर चलने के नियम और फिर नियम विरुद्ध चलने वालों के लिए बन जाते हैं शैतान - अपने अपने देवता और अपने अपने धर्म के लिए - चलो चलें लड़ते हैं करते हैं इंसानियत का खून... और फिर ऐसे सिद्ध करते हैं खुद का मनुष्य होना हाँ हम मनुष्य हैं - समझदारी लेकर पैदा हुए हैं... तभी तो कर सकते हैं फैसला हमारे देवता का और तुम्हारे देवता का। – **सीमा राय**

नील परी सी नाँच

नील परी सी नाँच रहीं लहरें झूम रहे रंगी, रंगी नज़ारे। थिरक रहीं हैं, नीली दिशाएं फिर काहे मांझी हम जाएं किनारे। देखो लहरों का ये इठलाना कितना इधर का मौसम सुहाना लौट रहीं हैं साहिल से मिल के जा रहीं छुप कर, किनारे किनारे फिर काहे मांझी... प्यार के ख्यालों में है खोई नील चादर पे, चांदनी सोई किसने सुना कर दिल का तराना रंग बहारों के और निखारे फिर काहे मांझी...।

– **अजय कुमार सिंह भदौरिया कवि**

मेरा एग्जिट पोल – बिहार मैंने

मेरा एग्जिट पोल - बिहार मैंने इस वर्ष चुनावी भविष्यवाणी करने का कारोबार शुरू किया है। मेरे अनुमान से वर्तमान बिहार चुनाव में एक ही दल को 243 सीट मिलेंगी और इन्हें किसी बैसाखी की जरूरत नहीं पड़ेगी। पार्टी का नाम पाठकों पर छोड़ देता हूँ। – **रामकिशोर उपाध्याय**

एक ही शख्स था मेरी खातिर वो

एक ही शख्स था मेरी खातिर वो भी दुनियां में अब नहीं रहता मेरी उंगली अभी भी पकड़े है हां मगर मुझसे कुछ नहीं कहता उस दरखूत के हरे है पत्ते सब जिस दरखूत में वो खुद नहीं रहता नाव कागज़ की अब भी रक्खी है अब मगर दरिया कही नहीं बहता!! – **नीरू श्रीवास्तव**

कैसा अफ़साना लिख रही हूँ मैं/ लोग

कैसा अफ़साना लिख रही हूँ मैं/ लोग रोयेंगे सोचती हूँ मैं/1 बेवफ़ बाद तेरे जाने के खुद को हारी हुई लगी हूँ मैं/2 इस तरह दिल से क्यों भुलाया है ज़िंदा होते हुए मरी हूँ मैं/3 सब कमी जानती हूँ दौलत की क्योंकि गुरबत में ही पली हूँ मैं/4 इस अना के समर से कुछ न मिला अर्श से फ़र्श पर गिरी हूँ मैं/5 अना-- अहं समर--फल अर्श-- आकाश। – **अंशु विनोद गुप्ता**

कितने सपने कितने अपने इक सोच

कितने सपने कितने अपने इक सोच की खातिर खोने हैं हैं मोहरे ये आकाओं के मजहब के नाम खिलौने हैं ये पूत शिखंडी के देते हैं घाव हमेशा अंतस को इन आस्तीन के साँपों के आगे जयचंद भी बौने हैं। – **सतीश मैथिल तनुज**

तोड़ लीजिए मेरे : फूल खा लीजिए मेरे

तोड़ लीजिए मेरे : फूल खा लीजिए मेरे : फल तोड़ लीजिए मेरी : पत्तियाँ जला दीजिए मेरी : टहनियाँ काट दीजिए मेरा : तना नष्ट कर दीजिए मेरे फूल, फल, पत्तियाँ, शाखाएँ, तना बस रहने दीजिए मेरी जड़ों को मैं फिर से पुष्पित फिर से पल्लवित हो जाऊँगा। – **भाऊराव महंत**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप पूर्व में की गई गलतियों में सुधार लाएंगे प्रत्येक कार्य सोच समझकर ही करेंगे।

वृष: आज के दिन आपको अपनी वाणी एवं व्यवहार को संयमित रखने की आवश्यकता है मध्यांन तक किसी के द्वारा बोली गई।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए धन लाभ वाला रहेगा। पूर्व में किए परोपकार एवं धार्मिक कार्यों का फल आज किसी न किसी रूप में अवश्य मिलेगा।

कर्क: आज का दिन आपके लिए मिश्रित फल दायक है आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसके लाभ अथवा हानि के बारे में विचार अवश्य करें।

सिंह: आज के दिन परिस्थितियां आपके अनुकूल बन रही हैं फिर भी दिन के पूर्वार्ध में कोई भी महत्वपूर्ण कार्य जल्दबाजी में ना करें।

कन्या: आज परिस्थितियां कार्यों में बाधक बनेगी दिन के आरंभ से ही मन अनर्गल प्रवृतियों में भटकेगा बिना सोचे समझे किए गए कार्य बाद में पश्चाताप का कारण बनेंगे।

तुला: आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। आज आप लोगों को नैतिकता का पाठ पढ़ाएंगे।

वृश्चिक: आज के दिन आप जिस भी कार्य को करेंगे उसे ले देकर अवश्य ही संतोषजनक स्थिति तक पहुंचा देंगे।

धनु: आज के दिन मध्यांन तक आप कर्म करने की अपेक्षा ख्याली पुलाव पकाएंगे। कार्य क्षेत्र पर काम काज होने के बाद भी मन अन्यत्र घूमेगा।

मकर: आज के दिन आप का मन भ्रमित रहेगा मुख से कुछ बोलेंगे करेंगे उसका उल्टा ही।

कुंभ: आज का दिन आप के लिए परिश्रम साध्य ही रहेगा मध्यांन तक प्रत्येक कार्य में अधिक माथापच्ची करनी पड़ेगी।

मीन: आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन आप के संपर्क में रहने वालों के लिए अति उत्तम रहेगा।

सूर्योदय : 06:49, सूर्यास्त : 05:33, चन्द्रोदयः : 25:14, चन्द्रास्तः :13:38, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : दशमी, नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी, योग : इन्द्र, प्रथम करण : तैतिल (11:10 तक), द्वितीय करण : गर (23:33 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : सिंह, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) भारत के कौन प्रधानमंत्री मांडा के 41 वें राजा बहादुर थे?

2) बीच गेम्स 2024 कहाँ आयोजित किया गया?

3) 12 जनवरी 2024 को जापानी सरकार द्वारा लॉन्च किए गए सूचना संग्रह उपग्रह का क्या नाम है?

4) विश्व का पहला समाचार पत्र किसने प्रकाशित किया?

5) हाल ही में जिनका निधन हुआ, जोधैया बाई किस भारतीय जनजातीय समुदाय से संबंधित थीं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विश्वनाथ प्रताप सिंह (2) चीन (3) ऑप्टिकल-8 (4) जोहान कैरोलस (5) भील जनजाति

शब्द सागर

कलिंगा विवि में पंचम दीक्षांत समारोह का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह का आयोजन 12 नवंबर 2025 को संपन्न हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय के डिप्लोमा स्नातक स्नाकोत्तर और पीएचडी के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई । दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के माननीय राज्यपाल रमेन डेका ने किया। विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा और छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार गोयल उपस्थित थे ।

विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित इस गरिमामय समारोह के अवसर पर समस्त प्राध्यापक, विशिष्ट अतिथिगण ने कुलाध्यक्ष माननीय राज्यपाल महोदय के साथ गणवेष धारण किए हुए शोभा यात्रा के रूप में दीक्षांत स्थल पर प्रवेश किया। समारोह का शुभारंभ कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष श्री रमेन डेका, छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार गोयल, कलिंगा विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार, कुलाधिपति डॉ संदीप अरोरा, उपकुलाधिपति डॉ सज्जन सिंह, ट्रस्टी डॉ शर्मिला, ट्रस्टी डॉ सीमा अरोरा, कुलपति डॉ आर श्रीधर, महानिदेशक डॉ बायजू जॉन, कुलसचिव डॉ संदीप गांधी, अकादमिक विभाग के अधिष्ठाता डॉ राहुल मिश्रा और छात्र कल्याण अधिष्ठाता लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर की उपस्थिति में मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आर श्रीधर के द्वारा दीक्षांत संदेश प्रस्तुत किया गया।

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर विजय कुमार गोयल ने भी विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।

छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि वह सिर्फ उपाधि प्रदान करने का उत्सव नहीं है बल्कि आपके परिश्रम और उत्कृष्टता को सम्मानित करने का समय है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि- अपनी शिक्षा और योग्यता को समाज और राष्ट्र के विकास यज्ञ के पुनीत कार्य में जोड़ने से ही आपकी शिक्षा सार्थक सिद्ध होगी ।

विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि- कलिंगा विश्वविद्यालय ने स्थापना के कुछ वर्षों के उपरांत ही मध्य भारत के अग्रणी विश्वविद्यालय में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है।

केदार गुप्ता स्वदेशी मेला रायपुर के संयोजक बने

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय विपणन विकास केन्द्र द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ह स्वदेशी मेला रायपुर 2025-26 का आयोजन दिनांक 18 से 25 दिसंबर 2025 को साईंस कॉलेज मैदान, में संपन्न होगा। प्रदेश में संपन्न होने वाले प्रतिष्ठित स्वदेशी मेले का लोग वर्षभर इंतजार करते है। जिसमें विविध स्वदेशी वस्तुओं के स्टाल लगते है। सुई से लेकर बड़े मशीनरी स्तर की सभी वस्तुएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होती है। प्रतिदिन विविध प्रतियोगिताएं जिसमे मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, समूह नृत्य प्रतियोगिता जैसी अनेकों प्रतियोगिताओं में हजारों प्रतिभावान लोगों को एक मंच दिया जाता है।

विभिन्न राज्यों की संस्कृति को प्रस्तुत करने की भी एक अभिनव पहल मेले के आयोजन के दौरान की जाती है जिसमें छत्तीसगढ़ गुजरात, राजस्थान, पंजाब, उड़ीसा, आंध्रा व अन्य राज्यों की प्रस्तुति सांस्कृतिक कार्यक्रम और राज्यों के प्रसिद्ध खानङ्कपान के स्टाल लगाए जाते है। लोकनृत्य लोक संस्कृति छत्तीसगढ़ के पारम्परिक कला को मंच पर कलाकार प्रतिदिन प्रस्तुत करते है। स्वदेशी का भाव लिए स्वदेशी को बढ़ावा देने 350 से अधिक विविध स्टाल मेले में सम्मिलित हो रहे। प्रतिदिन समसामयिक विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन भी इस दौरान किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

नए चिकित्सा महाविद्यालय के भवन निर्माण को मिली 359 करोड़ की स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप प्रदेशवासियों के लिए एक और खुशखबरी आई है। जिला जशपुर के कुनकुरी में स्थापित होने वाले नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए 359 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए वित्त विभाग ने अपनी सहमति दे दी है।राज्य शासन द्वारा इस महाविद्यालय के संचालन हेतु 60 पदों की स्वीकृति पहले ही प्रदान की जा चुकी है। अब भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो जाने से कार्यवाही में तेजी आएगी। इससे स्थानीय नागरिकों सहित आसपास के जिलों को बेहतर एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएँ मिलेंगी। साथ ही, इस परियोजना के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिकित्सा महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत होने पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि यह निर्णय क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ-साथ शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में भी नई दिशा प्रदान करेगा।

रायपुर-बलौदाबाजार एनएच चौडीकरण अंतर्गत भूमि खरीदी-बिक्री से प्रतिबन्ध हटा

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 बी के भैसा से किलोमीटर 139.400 ग्राम कुम्हारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत 4-लेन चौड़ीकरण हेतु तहसील पलारी, बलौदाबाजार, लवन एवं कसडोल अंतर्गत ग्रामों के प्रभावित खसरा एवं उसके 100 मीटर परिधि के खसरे को छोड़कर शेष खसरे की खरीदी बिक्री से रोक सम्बधित भू-अर्जन अधिकारी द्वारा हटा दी गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम खरतोरा, संडी, कोदवा, गोडा, गिर्रा, कुसमी, घोटिया, कुकदा, पहन्दा, पलारी, रसौटा, बिनौरी, अमेरा, मुडपार, तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम सकरी, लिमाही, मगरचबा के प्रभावित खसरा नंबर एवं प्रभावित खसरा की भूमि के परिधि से 100 मीटर की दूरी तक आने वाली खसरा नंबरों की भूमि को छोड़कर शेष भूमि पर लगायी गई रोक हटायी गई है। इसी प्रकार तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पनगांव, बिटकुली, लवनबंद, डोटोपार, लाहोद, गिंदोला, खम्हारडीह, मुण्डा, चिरपोटा, कोवि लवन, कोरदा, डोंगरा, परसपाली, डोंगरीडीह एवं तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम चांटीपाली, दर्रा, कसडोल, छरछेद, छांछी, पिसीद, चण्डीडीह, सेल, कटगी के प्रभावित खसरा नंबर एवं प्रभावित खसरा की भूमि के परिधि से 100 मीटर की दूरी तक आने वाली खसरा नंबरों की भूमि को छोड़कर शेष भूमि पर लगायी गई रोक हटायी गई है।

शासकीय सम्पति का विरूपण 22000 रूपये जुर्माना वसूला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर अभियान चलाकर नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन 3 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह के मार्गनिर्देशन और कार्यपालन अभियंता श्री सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता श्री नरेश साहू, उपअभियंता श्री अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में अभियान चलाकर नगर निगम जोन क्रमांक 3 क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय सम्पति पर अपना अवैध प्रचार विज्ञापन चस्पा कर शासकीय सम्पति का विरुपण किये जाने पर सम्बंधित भिन्न 4 संस्थानों समृद्धि अटलांटिस, नीलया आपन्टमेट, रेवोल्यूशन एंड डान्स एकेडमी, मीनल एस सेलून के सम्बंधित संचालकों से कुल 22000 रूपये का जुर्माना उन्हें नियमानुसार प्रकिया के अंतर्गत नोटिस जारी करते हुए भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए वसूलने की कार्यवाही की गयी है।

ओवर हेड टैंक का डिस्ट्रिब्यूशन वाल बदलने का कार्य होगा, वार्ड 31-32 जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

कार्य पूर्णता पश्चात जलापूर्ति यथावत रहेगी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिकनिगम जोन क्रमांक 9 जोन कमिश्नर श्री अंशुल शर्मा सीनियर ने जानकारी दी है कि रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 9 जल विभाग द्वारा 14 नवम्बर को प्रातः जलापूर्ति के पश्चात सुबह 7 बजे से अवन्ति विहार ओवरहेड टैंक में डिस्ट्रिब्यूशन वाल बदलने का कार्य किया जायेगा. कार्य के दौरान नेताजी सुभाषचन्द्र बोस वार्ड क्रमांक 31 और महर्षि वाल्मीकि वार्ड क्रमांक 32 के क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित रहेगी और कार्य पूर्णता उपरांत जलापूर्ति व्यवस्था यथावत रहेगी।

कार्यशाला में आईजी नारकोटिक्स ने प्रतिभागियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

एनडीपीएस प्रकरणों के फायनेंसियल इन्वेस्टिगेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम के निर्देशन एवं पुलिस महानिरीक्षक, नारकोटिक्स रतनलाल डांगी के मार्गदर्शन में ÷वर्कशॉप फॉर पुलिस ऑफिसर ऑन फायनेंसियल इन्वेस्टिगेशन÷ (एनडीपीएस केसेस) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में किया गया। कार्यशाला में मुख्य विषय विशेषज्ञ के रूप में इन्कमटैक्स के इन्वेस्टिगेशन विंग, रायपुर में पदस्थ डिप्टी डायरेक्टर श्री चंद्रशेखर मेहरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर अतिथियों के स्वागत उपरांत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अस्स्टिेंट डायरेक्टर रविशंकर जोशी द्वारा कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में आईजी नारकोटिक्स ने प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि मादक पदार्थ के प्रकरणों की इन्वेस्टिगेशन के दौरान आरोपी की गिरफ्तारी के तुरंत बाद उसके समस्त प्रकार के वित्तीय दस्तावेज जैसे पासबुक, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, पेन कार्ड आदि की जप्ती की जानी चाहिए। उन्होने संक्षेप में सारगर्भित जानकारी देते हुए फायनेंसियल इन्वेटिगेशन के दौरान पुलिस द्वारा की जाने वाली महत्वपूर्ण कार्यवाहियों के बारे में बताया गया। विषय विशेषज्ञ श्री चंद्रशेखर मेहरा द्वारा व्यापक प्रस्तुतिकरण देते हुए नारकोटिक्स से संबंधित प्रकरणों में फायनेंसियल इन्वेस्टिगेशन की दिशा में पेन कार्ड ईमेल आईडी, मोबाईल नंबर, इन्कमटैक्स डिटेल, आईटीआर, बैंकिग ट्रांजेक्शन आदि के माध्यम से आरोपियों द्वारा अर्जित की गई अवैध संपत्तियों का कैसे पता लगाया जा सकता है, की महत्वपूर्ण जानकारियां प्रतिभागियों को दी गई।प्रशिक्षण कार्यशाला में राज्यभर से कुल 80 पुलिस अधिकारियों सहित कस्टम, नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो, डायरेक्टोरेट ऑफ रेवन्यू इंटेलिजेंस के अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर सहायक पुलिस महानिरीक्षक, नारकोटिक्स श्रीमती पूजा अग्रवाल एवं पुलिस मुख्यालय के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नारकोटिक्स श्रीमती अनामिका जैन द्वारा किया गया।

बिजली बिल ने जनता का बिगाड़ दिया बजट : कांग्रेस

- सरकार 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना फिर शुरू करे

रायपुर/नवप्रदेश। बढ़े बिजली बिल ने आम जनता का बजट बिगाड़ दिया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि तीन महिने से आ रहे बेतहाशा बढ़ा बिजली बिल से राज्य का हर नागरिक परेशान है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार भूपेश सरकार के समय शुरू की गयी बिजली बिल हाफ योजना को फिर शुरू करें, ताकि जनता को बढ़े बिजली बिल में कुछ राहत मिल सके। बिजली उत्पादन का प्रमुख घटक कोयला है। कोयले पर लगने वाला सेस कम हो गया है, जिसके कारण कोयले का दाम न्यूनतम 400 रू. कम हो गया है, अतः सरकार वीसीए (वेरियेबल कास्ट एडजेस्टमेंट) में कटौती के आधार पर बिजली के दाम तुरंत घटाये।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार की नाकामी लापरवाही और मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण प्रदेश के लोगों के लिए बिजली कटौती और मंहगी बिजली बड़ी समस्या बन गई है। राज्य बनने के बाद प्रदेश में बिजली के दाम सबसे ज्यादा वर्तमान समय में है। सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया जिससे लोगों के बिजली के बिल दुगुना से भी अधिक आ रहा। महंगी बिजली के बाद भी सरकार जनता को चौबीस घंटे बिजली नहीं उपलब्ध करवा पा रही। ग्रामीण क्षेत्र में आठ-नौ घंटे तक हो रही बिजली कटौती से जनता परेशान हो रही, लोग बिजली कटौती के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के बिजली के दाम बढ़ाकर भेजने के अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है।

राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए सूरजपुर जिले की 4 मॉडल चयनित

- विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर आधारित है यह कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के आदेशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों के लिए जोन स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिताओं का आयोजन शा.बहु.उ.मा.वि. अंबिकापुर जिला सरगुजा में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में सूरजपुर जिले के चार विद्यार्थियों का बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है।

इस वर्ष छत्तीसगढ़ के 9 जोन के प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय कार्यक्रम जशपुर जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय जयपुर में 12 सितंबर 2025 से 15 सितंबर 2025 तक आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय विकसित और आत्मनिर्भर भारत है, जिसके अंतर्गत सात उप विषय सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती हुई प्रौद्योगिकी, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य और स्वच्छता एवं जल संरक्षण और प्रबंधन है।

इस प्रतियोगिता में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के छात्र अविनाश सिंह (कक्षा 12वीं) और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारवां की छात्रा गीता सिंह (कक्षा 12वीं) का स्वास्थ्य और स्वच्छता पर प्रादर्श बनाने के लिए, नवल साय (कक्षा 10वीं) का सतत कृषि के लिए प्रादर्श बनाने एवं सेजेस जयनगर के छात्र मोहम्मद आसिफ अंसारी (कक्षा 8वीं) का उभरती हुई प्रौद्योगिकी के लिए प्रादर्श बनाकर प्रस्तुति दी गई।

दिव्यांगजन पुनर्वास नीति के ड्राफ्ट को सशक्त बनाने 18 को कार्यशाला

- राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध विशेषज्ञ का होगा विमर्श

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग और यूनिसेफके विशेष सहयोग से आगामी मंगलवार 18 नवंबर 2025 को रायपुर स्थित होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट में ''छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांगजन कल्याण एवं पुनर्वास नीति 2025'' के ड्राफ्ट को और सशक्त बनाने महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन करेगा।

यह कार्यशाला महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगी। कार्यशाला का उद्देश्य है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत प्रदेश के दिव्यांगजनों के लिए एक व्यापक और समावेशी नीति को अंतिम रूप देना है।दिव्यागजन अधिकार अधिनियम, 2016 एक ऐतिहासिक कानून है जो दिव्यांगता को दया के बजाय 'अधिकार' के विषय के रूप में स्थापित करता है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा ''छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांगजन कल्याण एवं पुनर्वास नीति 2025'' का एक व्यापक ड्राफ्ट तैयार किया गया है। ड्राफ्ट को और अधिक सशक्त एवं समावेशी बनाने के लिए यह कार्यशाला यूनिसेफ के विशेष सहयोग से आयोजित की जा रही है।यह कार्यशाला ''हमारे बिना, हमारे बारे में कुछ भी नहीं'' के मार्गदर्शी सिद्धांत पर आधारित होगी। इसका मुख्य उद्देश्य नीति को अंतिम रूप देने से पहले प्रमुख हितधारकों, विभिन्न संबंधित विभागों और राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों से अमूल्य सुझाव एवं व्यावहारिक फीडबैंक प्राप्त करना है।इस महत्वपूर्ण विमर्श को तकनीकी और विशेषज्ञ राय प्रदान करने के लिए देश के जाने-माने विशेषज्ञ शामिल होंगे। इनमें श्री राजीव रतूड़ी (राजीव रतूड़ी बनाम भारत संघ के ऐतिहासिक मामले में मुख्य याचिकाकर्ता एवं डिसेबिलिटी राइट्स प्रमोशन इंटरनेशनल के एशिया पेसिफिक्र क्षेत्रीय अधिकारी), श्री समीर घोष (समावेश सलाहकार, विश्व बैंक), श्री अखिल पॉल (मुख्य संरक्षक, सेंस इंटरनेशनल इंडिया) और यूनिसेफ की विशेषज्ञ सुश्री अलका मल्होत्रा प्रमुख हैं।

नवीन तालाब बना गांव की जीवनधारा

राधारमण नगर के ग्रामीणों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सोनवर्षा के ग्राम राधारमणनगर के ग्रामीणों के लिए नया तालाब किसी वरदान से कम नहीं है। कभी जहां गर्मियों में बूंद-बूंद पानी के लिए लोगों को मीलों पैदल चलना पड़ता था, वहीं आज यह तालाब ग्रामीणों की प्यास बुझाने के साथ-साथ खेती और आजीविका का आधार बन चुका है। यह परिवर्तन संभव हुआ है महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए नवीन तालाब निर्माण कार्य से, जिसकी लागत 12.80 लाख रुपए रही।

जल संकट से जूझते गांव में जल जीवन का नया अध्याय

राधारमणनगर गांव लंबे समय से पानी की गंभीर समस्या से गुजर रहा था। यहां का भूमिगत जल स्तर लगभग 450 फीट से नीचे चला गया था, जिससे हैंडपंप सूख जाते थे और गर्मियों में ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता था। ऐसे में ग्राम पंचायत सोनवर्षा द्वारा खदान के पास जल संरक्षण और संचयन के उद्देश्य से नया तालाब बनवाया गया। यह तालाब अब वर्षा जल को सुरक्षित रखता है और साल भर ग्रामीणों के उपयोग के लिए जल उपलब्ध कराता है।

तकनीकी दृष्टि से मजबूत निर्माण - हर बूंद का संरक्षण

तालाब निर्माण के दौरान तकनीकी पहलुओं का विशेष ध्यान रखा गया। इसके बांध की चौड़ाई और ऊंचाई को इस तरह मापा गया कि वर्षा का पानी सुरक्षित रूप से जमा रहे और बांध को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। साथ ही, तालाब की गहराई को अधिक रखा गया ताकि जल लंबे समय तक टिक सके। कार्य का क्रियान्वयन पूरी तरह महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत के मार्गदर्शन में किया गया, जिससे न केवल जल संरक्षण हुआ बल्कि निर्माण के दौरान ग्रामीणों को रोजगार भी मिला।

बड़े बकायादार ने रकम अदा नहीं की, फर्म को किया सीलबंद

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और उपायुक्त राजस्व जागृति साहू, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉ. आर. के. डोंगरे के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 2 राजस्व विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र अंतर्गत राजीव गाँधी वार्ड क्रमांक 13 अंतर्गत 564761 रूपये के बड़े बकायादार भवन स्वामी दिलीप कुमार पटेल द्वारा बकाया राशि का भुगतान नगर निगम रायपुर को नहीं किये जाने पर तत्काल स्थल पर नगर निगम जोन 2 राजस्व विभाग की टीम द्वारा बड़े बकायादार के फर्म को तत्काल सीलबंद करने की कड़ी कार्यवाही की गयी।

न्यूज गैलरी

शास. प्राथ. शालाओं में एफ एलएन मेले का आयोजन आज

कांकेर/ नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) मेला का आयोजन 14 नवम्बर दिन शुक्रवार को जिले के समस्त प्राथमिक शालाओं में किया जाएगा। समग्र शिक्षा कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार सभी शालाओं में स्टॉल का निर्माण, मेले में स्टॉल लगाने, निगरानी और देखरेख का कार्य शाला के शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। एफएलएन मेला में गणित, भाषा, अंग्रेजी एवं बालवाड़ी से संबंधित सभी अवधारणाओं के लगाए गये स्टॉल का संचालन शाला के विद्यार्थियों के द्वारा किया जाएगा। स्टॉल में बच्चों द्वारा स्टॉल का संचालन, गतिविधि कर निर्देशों को पढ़कर दूसरे बच्चों को सुनायेंगे तथा पढ़ने में मदद करेंगे। इस पहल से प्राथमिक स्तर के बच्चों में भाषायी एवं संख्याज्ञान का विकास हो सकेगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता प्रदान किया जाना है।

जिले के 149 उपार्जन केन्द्रों में कल से समर्थन मूल्य पर की जाएगी धान की खरीदी

कांकेर/ नवप्रदेश। खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवम्बर से 31 जनवरी 2026 तक किया जाना है। धान खरीदी हेतु जिले 91726 किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन किया गया है। पंजीकृत किसानों से 118 समिति (लेम्पस) अंतर्गत 149 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य किये जाने हेतु उपार्जन केन्द्र स्तर पर नोडल अधिकारी निगरानी समिति का गठन किया गया है। इसके अलावा जिले के उपार्जन केन्द्रों में अन्य राज्यों से कोचियों/बिचौलियों द्वारा धान लाकर बेचने को रोकने हेतु जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में 13 चेक पोस्ट एवं जिला स्तर पर 05 चेक पोस्ट कुल 18 चेक पोस्ट बनाई गई है।जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिला एवं तहसील स्तर पर उड़नदस्ता दलों का भी गठन किया गया है, जिन्हें आई.डी. पासवर्ड जारी किया गया है। उनके द्वारा उपार्जन केन्द्रों एवं चेक पोस्ट का नियमित रूप से निरीक्षण व पर्यवेक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर किसानों की सुविधा हेतु जिला कमांड एण्ड कंट्रोल सेन्टर (मोबाइल नम्बर 9755035321) की स्थापना की गई है। 'तुंहर टोकन' मोबाइल एप के माध्यम से भी ऑनलाईन टोकन जारी किये जाने के संबंध में प्रसार-प्रचार किया जा रहा है।

सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 17 नवम्बर को

कांकेर/ नवप्रदेश। जिला पंचायत कांकेर के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 17 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए तैयारी बैठक 18 नवम्बर को

कांकेर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 27 नवम्बर से 02 दिसम्बर की अवधि में कांकेर जिले के 410 तीर्थयात्रियों को तीर्थ यात्रा में भेजा जाना प्रस्तावित है। उक्त यात्रा की तैयारियों के लिए कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में 18 नवम्बर को बैठक रखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री दर्शन योजना के अंतर्गत तीर्थयात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को कामाख्या देवी मंदिर, नवगृह मंदिर, वशिष्ट मुनि आश्रम, उमानंद मंदिर, शिवाजी का मंदिर, शंकर देव कला क्षेत्र-गुहावाटी का दर्शन कराया जाना प्रस्तावित है।

एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 20 नवम्बर ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा

कांकेर/ नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा कांकेर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 20 नवम्बर को सुबह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 539 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी श्री बी.आर. ठाकुर ने बताया कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सिक्युरिटी गार्ड के 500 पद, ट्रेनी केन्द्र मैनेजर के 30 पद और टीचर/शिक्षक के 09 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदक ई-रोजगार के पोर्टल httpsÑ//erojgar.cg.gov.in पर भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से फोन के माध्यम से आवेदक को दी जाएगी।

मंडी टीम ने व्यापारी से 153 बोरी 61.20 क्विंटल अवैध धान किया जब्त

सारंगढ़-बिलाईगढ़ / नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशन में जांच दल द्वारा सारंगढ़ मंडी क्षेत्र में व्यापारी दिलीप कुमार साहू भौरादादर के दुकान में भंडारित मात्रा 153 बोरी 61.20 क्विंटल अवैध धान होने के कारण मंडी अधिनियम के तहत जप्ति प्रकरण बनाया गया। इस जाँच टीम में मंडी सचिव राजेन्द्र कुमार ध्रुव, उप निरीक्षक प्रीति तिर्की,अंजू दिनकर, धवेंद्र कुमार साहू एवं जगदीश बरेठ शामिल थे।

एसआईआर नागरिकता कानून को पीछे से लागू करने का प्रयास

कांकेर/ नवप्रदेश। प्रदेश में चल रहे एस आई आर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी के नेता नितिन पोटाई ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर केंद्र सरकार चुनाव आयोग को सामने रखकर पीछे के दरवाजे से नागरिकता कानून को ही लागू कर रही है।

आज जारी एक प्रेस बयान में कांग्रेस के नेता नितिन पोटाई ने कहा कि देश में इसके पहले भी एस आई आर हुआ है लेकिन उसमें कोई दस्तावेज की जरूरत नहीं होता था। एस आई आर के लिए नाम काटवाने और जोड़ने के लिए दो वर्षों का समय दिया जाता रहा है लेकिन इस बार मात्र 3 माह का समय दिया जाना और 11 दस्तावेजों में से एक दस्तावेज जमा करने का आदेश इस बात को ही रेखांकित करता है कि उनके मंशा में खोट हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि जो दस्तावेज मांगा जा रहा है प्रदेश के अधिकांश गरीब आदिवासी,दलित,महिलाओं के पास यह दस्तावेज नहीं होने के कारण उनका नाम मतदाता सूची से बाहर हो जाएगा भले ही उनका नाम

2003 के सूचों में रह हो और वे चुनाव में वोट दिए हो।पोटाई ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरकार देश के नागरिकों का नागरिकता छिनने पर जुटी हुई है।बिहार एस आई आर का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वहां पर अधिकांश महिलाओं के नाम ही हटाया गया है क्यों कि गरीब,आदिवासी,दलित महिलाओं के पास वे सब दस्तावेज नहीं होते जो चुनाव आयोग ने मान्य किया है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए जाने का प्रभाव -नए मतदाताओं पर पड़ेगा जिनका जन्म 2 दिसंबर 2003 के बाद हुआ है।क्योंकि 2 दिसंबर 2003 के बाद जो जन्म लिया है उन्हें अपने स्वयं के दस्तावेज के साथ अपने माता और पिता दोनों के दस्तावेज यानि कुल तीन दस्तावेज उन्हें जमा करना होगा।उन्होंने यह भी आशंका जताया है कि प्रदेश से रोजगार की तलाश में भारी संख्या में गरीब आदिवासी,दलित तबकों के लोग भिन्न राज्यों में पलायन करते है। उनके गैरहाजिरी के कारण उनका नाम भी मतदाता सूची से हटाया जाने से वे सिर्फ वोट के अधिकार से ही नहीं बल्कि सभी नागरिक अधिकारों से वंचित हो जायेंगे।उनका मानना है कि भाजपा एक सवर्ण की राजनीतिक पार्टी है जिसके नजर- में गरीब,आदिवासी,दलित,महिला का कोई अधिकार नहीं होगा वे सिर्फ दूसरे दर्जा के नागरिक बनकर इस देश में रह सकते है। जो मनुस्मृति में कहा गया है कि दलितों को संपत्ति रखने का कोई अधिकार नहीं होगा ,भाजपा सरकार संविधान के जगह पर उसी मनुस्मृति को ही लागू करना चाहती है।उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी पूरे प्रक्रिया पर नजर रखी हुई है और किसी भी वैध मतदाता के नाम काटे जाने का विरोध करेगी।

युक्तियुक्तकरण से पथरिया प्राथमिक स्कूल में शिक्षक की हुई नियुक्ति

9 नये बच्चों ने लिया दाखिला

- पढ़ाई और बच्चों की उपस्थिति दोनों में आया सुधार

सारंगढ़-बिलाईगढ़,/ नवप्रदेश। विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला पथरिया में शिक्षा व्यवस्था अब पूरी तरह बदल चुकी है। कभी यह स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे चलता था, जिससे बच्चों की पढ़ाई और उपस्थिति दोनों पर असर पड़ता था, लेकिन अब शासन की युक्तियुक्तकरण नीति के तहत यहां एक अतिरिक्त शिक्षक की पदस्थापना होने से विद्यालय में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। वर्तमान में विद्यालय में कुल 24 बच्चे अध्ययनरत हैं। पहले जहां शिक्षकों की कमी के कारण कक्षाओं का संचालन बाधित होता था, वहीं अब दो शिक्षकों की मौजूदगी से शिक्षा का स्तर बेहतर हुआ है। शिक्षक बच्चों को व्यक्तिगत ध्यान देकर पढ़ा रहे हैं, जिससे उनकी समझने की क्षमता और पढ़ाई में रुचि बढ़ी है। गांव के ग्रामीण परसराम सोनी ने बताया कि पहले केवल एक शिक्षक होने के कारण विद्यालय की स्थिति कमजोर थी। बच्चों की उपस्थिति कम थी और पालक भी स्कूल भेजने में रुचि नहीं लेते थे, लेकिन अब जब दो शिक्षक पदस्थ हैं, तो विद्यालय में अनुशासन, पढ़ाई का माहौल और बच्चों की सक्रियता तीनों में परिवर्तन देखने को मिल रहा है।विद्यालय के प्रधान पाठक नमिता अजय ने बताया कि अब कक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा है। बच्चे नियमित रूप से उपस्थित हो रहे हैं और खेलकूद व अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। शिक्षकों की संख्या बढ़ने से न केवल पढ़ाई का स्तर सुधरा है बल्कि विद्यालय मे बच्चों की संख्या भी बेहतर हुई है पहले इस स्कुल मे 15 बच्चे थे शिक्षक मिलने पर 9 बच्चों की संख्या बढ़ी है अभी टोटल 24 बच्चे है।पथरिया गांव की निर्मला निराला ने बताया कि शासन और शिक्षा विभाग का आभार जताते हुए कहा कि युक्तियुक्तकरण नीति से गांव के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिला है। अब पथरिया स्कूल फिर से जीवंत हो उठा है, जहां पहले सन्नाटा छाया रहता था, अब वहां बच्चों की हंसी और पढ़ाई की आवाज गूंज रही है।

मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों और पीड़ित परिवारों को कृषि विभाग द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

कांकेर/ नवप्रदेश। हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए सरकार समुचित कदम उठा रही है। इसी कड़ी में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के नक्सल पुनर्वास केंद्र चौगेल में कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शासन के विभिन्न विभागों के साथ-साथ कृषि विभाग में संचालित केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान समृद्धि योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना, शाकम्भरी योजना, कृषि यंत्र उपकरण, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, कृषक उन्नति योजना, नगदी फसलां एवं मौसमी सब्जी खेती, किचन गार्ड में सब्जी की खेती मुर्गीपालन दुग्ध व्यवसाय, मछली पालन, सुकर पालन बकरी पालन सहित कृषि एवं कृषि से सम्बंधित विभाग उद्यानिकी, मत्स्य, पशुधन विभागों की रोजगार मूलक योजनाओं का प्रशिक्षण दिया गया।

विहिप बजरंग दल ने जिहादी आतंकवाद का किया पुतला दहन

- बजरंग दल ने बम धमाके में मृतकों को दी श्रद्धांजलि,पीड़ित परिवार के साथ बजरंगदल : मुन्ना बजरंगी

जगदलपुर/ नवप्रदेश। दिल्ली में हुए कायराना आतंकी विस्फोट की तीव्र निंदा करते हुए विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आज सायंकाल स्थानीय चांदनी चौक में जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद मुर्दाबाद,भारत माता की जय तथा वंदे मातरम् के जमकर नारेबाजी किया द्य

विहिप जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता ने कहा कि देश में आतंक फैलाने वाले जिहादी तत्वों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि ऐसे आतंकी कृत्यों में शामिल दोषियों को बीच चौराहे पर सार्वजनिक दंड दिया जाए, ताकि जिहादी विचारधारको में डर व्याप्त हो और पुनः ऐसी घटना न हो।

विहिप नगर अध्यक्ष प्रतीक गुरु ने कहा कि दिल्ली विस्फोट में निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले कट्टर मानसिकता से ग्रसित उन्मादी तत्वों का यह कृत्य अत्यंत निंदनीय एवं कायरतापूर्ण है।बजरंग दल जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी ने कहा कि भारत की जनता आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट है और ऐसे कृत्यों को कभी सहन नहीं करेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि जिहादी मानसिकता फैलाने वाले संस्थानों एवं संगठनों पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए।

कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता आयोजित

- हर बालिका राष्ट्र की पूंजी थीम पर छात्राओं ने व्यक्त किए सशक्त विचार

एमसीबी/नवप्रदेश। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, खड़गवां में बाल दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी एवं सृजनात्मक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ÷हर बालिका राष्ट्र की पूंजी÷ रही, जिसके माध्यम से छात्राओं को अपने विचारों, सपनों और दृष्टिकोण को अभिव्यक्त करने का अवसर मिला। इस आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उनके व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना तथा समाज में उनके योगदान के महत्व को रेखांकित करना था।कार्यक्रम जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के. खाती के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा ने किया।

राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क निर्माण कार्य का कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने किया अवलोकन

- कलेक्टर ने गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण करने के दिए निर्देश

सारंगढ़-बिलाईगढ़ / नवप्रदेश। /कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने भंवरपुर के पास जाकर राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ठेका कर्मी से सड़क में उपयोग किए जा रहे मटेरियल की जानकारी ली और ठेका कर्मी को निर्देश दिए कि, गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण किया जाना है। गुणवत्ता में समझौता नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हरदी सारंगढ़ दानसरा बायपास तक लगभग 12 किमीसड़क मार्ग निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य में पेड़ कटाई, विद्युत खम्भे शिफ्टिंग, अतिक्रमण को हटाना एक साथ सयुंक्त दल द्वारा किया जा रहा है।

अंतागढ़ में पंचायत प्रतिनिधियों को मिला ग्राम विकास का प्रशिक्षण

अंतागढ़ः / नवप्रदेश। ग्रामीण विकास को गति देने और पंचायत प्रतिनिधियों को योजनाबद्ध कार्यप्रणाली से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद पंचायत अंतागढ़ में आज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में अंतागढ़ क्षेत्र की 56 ग्राम पंचायतों के सरपंच,सचिव और रोजगार सहायकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत विकास योजना की प्रक्रिया को समझना, स्थानीय प्राथमिकताओं का निर्धारण करना, बजट प्रबंधन सीखना और विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था।कार्यक्रम में प्रदान संस्था अंतागढ़ के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की अवधारणा,चरणबद्ध योजना निर्माण,जनभागीदारी की भूमिका और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं की सफलता, स्थानीय आवश्यकताओं और समुदाय की सहभागिता पर निर्भर करती है। इस प्रशिक्षण में 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने न केवल प्रशिक्षण प्राप्त किया बल्कि अपने अनुभव भी साझा किए और यह संकल्प लिया कि प्राप्त जानकारियों का उपयोग अपने-अपने क्षेत्रों की विकास योजनाओं को अधिक सशक्त बनाने में करेंगे। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अंतागढ़ की मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वेता साहू,आरजीएसए अधिकारी विरेंद्र सिंह ठाकुर,तथा प्रदान संस्था से प्रशिक्षक विजय साहू,जय प्रकाश कुलदीप एवं सुमित विश्वास उपस्थित रहे।यह कार्यक्रम प्रदान संस्था के सहयोग से जनपद पंचायत अंतागढ़ द्वारा आयोजित किया गया,जिसे पंचायत प्रतिनिधियों की क्षमता वृद्धि और स्थानीय शासन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

पेज 1 का शेष

खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स...

किया। दल ने स्थानीय प्रशासन और खेल विभाग की तैयारियों की सराहना करते हुए कहा, बस्तर जैसे आदिवासी अंचल में इस तरह का आयोजन खेल संस्कृति के विकास में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा।

आदिवासी प्रतिभाओं को ...

इस आयोजन के माध्यम से बस्तर की खेल संरचना को नई दिशा मिलेगी और युवाओं में पारंपरिक खेलों के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा।

दिल्ली जैसा धमाका...

स्थानों पर विस्फोटों को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। इनमें से प्रत्येक संदिग्ध को एक चुने हुए शहर के लिए नियुक्त किया गया था। प्रारंभिक जांच से यह भी संकेत मिले हैं कि आरोपी समूह एक साथ हमलों के लिए कई इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस लेकर जाने की योजना बना रहे थे।

27 लाख के छह इनामी...

और एसटीएफकी टीमों ने अंजाम दिया।

सुरक्षाबलों को डीकेएसजेडसीएम पापाराव, मद्देड़ एरिया कमेटी इंचार्ज डीवीसीएम कन्ना उर्फ बुचन्ना, डीवीसीएम उर्मिला, डीवीसीएम मोहन कड़ती सहित पश्चिम बस्तर डिवीजन के करीब 50 से 60 माओवादियों के एक बड़े समूह की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबलों ने तत्काल इलाके में एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। 11 नवंबर की सुबह लगभग 10 बजे से शुरू हुई यह मुठभेड़ रुक-रुक कर दो दिनों तक जारी रही, जिसमें अंततः छह प्रमुख नक्सलियों को मार गिराने में सफलता मिली।

2025 में अब तक 144 नक्सली मारे गए

एसपी बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि वर्ष 2025 में अब तक हुई विभिन्न मुठभेड़ों में 144 नक्सली मारे गए, 499 गिरफ्तार हुए और 560 ने आत्मसमर्पण किया है। जनवरी 2024 से अब तक कुल 202 नक्सली ढेर, 1002 गिरफ्तार और 749 ने आत्मसमर्पण किया है।

ढेर हुए नक्सलियों की...

तौर पर काम कर रही थी और पीएलजीए बटालियन की रसद व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालती थी। उसकी मौत से पामेड़ एरिया कमेटी और पीएलजीए बटालियन की सप्लाई चेन को बड़ा झटका लगा है। एसीएम जगत तामो उर्फमोटू (इनाम 5 लाख): यह फुल्लोड़, थाना जांगला का निवासी था और मद्देड़ एरिया कमेटी का एक सक्रिय सदस्य था।पीएम देवे (इनाम 2 लाख): मीनागट्टा, थाना पामेड़ का निवासी यह नक्सली पार्टी का सदस्य था।

पीएम भगत (इनाम 2 लाख): भैरमगढ़ का निवासी यह नक्सली मद्देड़ एरिया कमेटी का सदस्य था। पीएम मंगली ओयाम (इनाम 2 लाख): बीजापुर पेद्दोजोजेर, थाना गंगालूर का निवासी यह नक्सली भी पार्टी सदस्य था।

पूर्व सीएम बघेल के ...

के आधार पर जांच शुरू की. जांच में पता चला है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के परिणामस्वरूप राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और अनुसूचित अपराधों के कमीशन से उत्पन्न 2500 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध की आय (पीओसी) से लाभार्थियों की जेबें भर गईं। जांच से यह भी पता चला है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे के रूप में चैतन्य बघेल शराब सिंडिकेट के शीर्ष पर तैनात थे. वह सिंडिकेट द्वारा एकत्र किए गए सभी अवैध धन के ÷हिसाब÷ (खातों) को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार था. ईडी की जाँच में यह भी पता चला कि वह पीओसी का प्राप्तकर्ता था, जिसे उसने अपने रियल एस्टेट व्यवसाय में शामिल किया और बेदाग संपत्ति के रूप में पेश किया। चैतन्य बघेल ने शराब घोटाले से प्राप्त पीओसी का उपयोग अपनी स्वामित्व वाली कंपनी मेसर्स बघेल डेवलपर्स के तहत अपनी रियल एस्टेट परियोजना ÷विट्ठल ग्रीन÷ के विकास के लिए किया. चैतन्य बघेल को ईडी ने 18 जुलाई को गिरफ्तार किया और वर्तमान में न्यायिक हिरासत में है. इससे पहले शराब घोटाले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अरविंद सिंह, त्रिलोक सिंह ढिल्लों, अनवर ढेबर, आईटीएस अरुण पति त्रिपाठी और विधायक और छत्तीसगढ़ के तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

11 सदस्यों को बांधकर गहने ...

मौके पर पहुंचे और जांच कार्रवाई शुरू की जहां शत्रुघ्न दास और उनके परिजनों का बयान दर्ज किया गया। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीण दहशत में है। इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर ने बताया कि मकान मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

आईआईटी भिलाई के छात्र की मौत से बिफरे छात्रों ने किया हंगामा

भिलाई/नवप्रदेश। आईआईटी में बीटेक फर्स्ट सेमेस्टर के छात्र सौमिल साहू (18) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सौमिल इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का छात्र था और इसी साल उसने एडमिशन लिया था। 11 नवंबर की सुबह करीब साढ़े 10 बजे आईआईटी कैंपस में सौमिल साहू की तबीयत अचानक बिगड़ी। उसे सुपेला के स्पर्श अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस घटना को लेकर देर रात आईआईटी के स्टूडेंट का गुस्सा फूट पड़ा। रात 12 बजे से लेकर 2 बजे तक छात्र कैंपस में हंगामा करते रहे। उन्होंने प्रबंधन से व्यवस्थाओं की कमी को लेकर आक्रोश जताया। स्टूडेंट्स का कहना था कि आईआईटी में पांचवां दीक्षांत समारोह मना लिया गया, लेकिन विद्यार्थियों को समय पर बेहतर इलाज की सुविधा भी नहीं मिल रही है। अगर सौमिल को समय पर इलाज की सुविधा मिल जाती तो उसकी जान बच सकती थी।

मूल रूप से एमपी के नर्मदापुरम के साई दर्शन सोसाइटी निवासी सौमिल के पिता वीरेंद्र साहू सिक्योरिटी पेपर मिल में कर्मचारी हैं। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजन नर्मदापुरम से भिलाई पहुंचे। पीएम के बाद वो शव लेकर नर्मदापुरम के लिए रवाना हो गए। सौमिल साहू भिलाई शहर के शांति नगर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। दीपावली में वह अपने घर गया था। सौमिल के पिता वीरेंद्र साहू ने बताया 10 नवंबर को उसे बुखार आया था। उसे स्पर्श अस्पताल सुपेला में भर्ती कराया था।

पिता के मुताबिक उनका बेटा पूरी तरह स्वस्थ था और उसे किसी गंभीर बीमारी की शिकायत नहीं थी। उन्होंने कहा कि घटना के वास्तविक कारणों की अच्छी तरह से जांच होना जरूरी है। इधर, आईआईटी भिलाई के प्रबंधन ने सौमिल की मौत पर दुख जताया है। प्रबंधन ने इस मामले में किसी भी तरह के हादसे, विवाद और सुसाइड जैसी घटनाओं से साफ इनकार किया है। गौरतलब है कि आईआईटी भिलाई का दीक्षांत समारोह 10 नवंबर को आयोजित किया गया था।

जेवरा-चौकी प्रभारी खगेंद्र पठारे ने बताया कि मृतक छात्र का पोस्टमॉर्टम सुपेला अस्पताल में किया गया। उसके परिजनों को शव सौंप दिया गया है। मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि अब तक किसी भी तरह की लिखित शिकायत परिजनों की ओर से पुलिस को नहीं दी गई है।

दो हजार रुपए के लेनदेन को लेकर युवक की हत्या

■ तीन लोगों ने मिलकर युवक को पीट-पीटकर मार डाला

दुर्ग/नवप्रदेश। अंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो हजार रुपए के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के दौरान एक युवक की हत्या कर दी गई। मंगलवार को तीन युवकों के साथ ओंकारेश्वर सिंह (25) से मामूली विवाद हो गया था। तीनों ने ओंकारेश्वर को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया।

जानकारी के अनुसार ओंकारेश्वर सिंह ने कुछ दिन पहले आरोपी अजीत ढीमर से दो हजार रुपए लिए थे। 11 नवंबर की रात अजीत अपने साथी चेतन ढीमर और भांजे नरेश के साथ ओंकारेश्वर से पैसे लेने पहुंचा। इसी दौरान ओंकारेश्वर के साथ तीनों का तीखा विवाद हो गया। आरोपियों ने मृतक के मोबाइल पर कुछ पैसे को लेकर मैसेज किया था, जिससे ओंकारेश्वर नाराज हो गया। विवाद बढ़ने पर हाथापाई शुरू हो गई।

तीनों आरोपियों ने ओंकारेश्वर की लात-घूंसों और डंडे से पिटाई कर दी। पिटाई के दौरान उसे गंभीर चोटें आईं। मारपीट के बाद ओंकारेश्वर की हालत बिगड़ने लगी।

आसपास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल दुर्ग पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अंडा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

पुलिस ने मारपीट करने वाले तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

आरोपियों से पूछताछ जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद पूरी तरह पैसे के लेन-देन और आपसी रंजिश से जुड़ा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला दर्ज कर लिया है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसटी-एससी विक्रेताओं के लिए वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम

भिलाई। बीएसपी के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा एसटी-एससी श्रेणी के विक्रेताओं के लिए वेंडर डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन इस्पात भवन में किया गया।

कार्यक्रम में 26 विक्रेताओं ने ऑनलाइन जूम मीटिंग माध्यम से भाग लिया। वेंडर डेवलपमेंट सेल के सभी अधिकारी- कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य एसटी-एससी वर्ग के उद्यमियों और विक्रेताओं को भिलाई इस्पात संयंत्र के ई-निविदा पोर्टल, एसआरएम प्लेटफॉर्म से जोड़ना, उन्हें निविदा प्रक्रिया की जानकारी देना और उनके व्यवसायिक विकास को प्रोत्साहित करना था। ई निविदा पोर्टल पर संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया गया।

■ न्यूज गैलरी

सीनियर सेकेंडरी के एटीएल छात्रों को मिला राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान

भिलाई। सेल-बीएसपी द्वारा संचालित सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 10 के अटल टिंकरिंग लैब के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के छात्र अलौकिक चौधरी, अभिजय चौधरी और आमीन ने मेक इन सिलिकन में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और भिलाई का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता 7 व 8 नवम्बर को आईआईआईटी नया रायपुर में आयोजित की गई थी। इसमें देश भर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों आईआईटी इंदौर आईआईटी भिलाई, बिट्स पिलानी, एनआईटी रायपुर सहित कुल 30 टीमों ने भाग लिया। भिलाई स्टील प्लांट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 10 की टीम इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली एकमात्र विद्यालयीन टीम थी, जिसे नवाचार आईडीएसन के आधार पर प्रतिस्पर्धा के लिये आमंत्रित किया गया था। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों ने हेल्थ केयर श्रेणी में प्रोस्थेटिक फिंगर आर्म प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

जिले में चाइल्ड हेल्प डेस्क की स्थापना

दुर्ग। भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत दुर्ग जिले में चाइल्ड हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। इस हेल्प डेस्क का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, दुर्ग द्वारा न्यू बस स्टैंड प्रतीक्षालय में रैन बसेरा के नीचे भूतल कक्ष क्रमांक 2 में किया गया। यह हेल्प डेस्क 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन कार्यरत रहेगा। चाइल्ड हेल्प डेस्क से बच्चों के सर्वोत्तम हित में त्वरित सहायता और संरक्षण उपलब्ध कराई जाएगी। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का मुख्य उद्देश्य 0-18 वर्ष के बच्चों को सुरक्षा और देखरेख उपलब्ध कराना है, जिन्हें तत्काल सहायता की आवश्यकता होती है। इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को आपात स्थिति में सहायता, पुनर्वास, परामर्श और सुरक्षा से संबंधित सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से जिले में बाल सुरक्षा से संबंधित कार्यों को और अधिक सशक्त व प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे जरूरतमंद बच्चे को समय पर सहायता मिल सके।

आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन 21 तक

दुर्ग। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग (शहरी) के अंतर्गत पंचशील नगर, नयापारा आंगनबाड़ी केन्द्र 1 दुर्ग में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिये आवेदन 21 नवंबर तक किया जा सकता है। एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग (शहरी) पांच बिल्डिंग, बाल संरक्षण गृह परिसर, महिला एवं बाल विकास विभाग में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक से कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर) आवेदन जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता/सहायिका/सह-सहायिका/संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। आवेदिका उसी वार्ड की स्थायी निवासी होनी चाहिए।

एसआईआर : वार्डों में घूम-घूम कर कलेक्टर ने किया गणना प्रपत्र वितरण कार्य का निरीक्षण

मतदाताओं से बीएलओ के कार्यों में सहयोग करने की अपील की

दुर्ग/नवप्रदेश। वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जिले में गणना पत्र वितरण और संकलन कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने आज विधानसभा क्षेत्र 64 दुर्ग शहर के विभिन्न वार्डों में गणना प्रपत्र वितरण व संकलन कार्य की जांच की।

कलेक्टर ने पदमनाभपुर वार्ड कमांक 46 के मतदान केंद्र क्रमांक 188, पोटिया कला वार्ड क्रमांक 54 के मतदान केंद्र क्रमांक 195, कोस्टा पारा वार्ड क्रमांक 56 के मतदान केंद्र क्रमांक 5 व 6, नया पारा वार्ड नंबर 2 के मतदान केंद्र क्रमांक 108 में पहुंचकर बूथ लेवल ऑफिसरके कार्यों की जांच की। मतदाताओं को गणना पत्र वितरण व संकलन कार्य की जांच के दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर, सुपरवाइजर और उपस्थित पार्षद, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, निर्वाचकों/मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वन के संदर्भ में चर्चा की।

इस संबंध में मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने बताया कि वर्ष 2003 के निर्वाचक नामावली में मतदाताओं या उनके परिवार के सदस्यों का नाम जिस विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र में दर्ज था, उसे वोटर सर्विस पोर्टल या अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्साह से भाग लेने और बीएलओ को इस कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील भी की। कलेक्टर ने कहा कि गणना पत्र फॉर्म में चाही गई जानकारी भरकर यथाशीघ्र बीएलओ को वापस करें। गणना प्रपत्र भरने का कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। उन्होंने गणना प्रपत्र के साथ व्हाइट बैक ग्राउंड में चस्पा करने स्वयं के दो रंगीन फोटो भी बीएलओ के पास जमा कराने की अपील की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उत्तम ध्रुव, तहसीलदार दुर्ग एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रफुल्ल कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही, सहायक शिक्षक सस्पेंड

निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरते जाने के कारण जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा ने शन्तानू कुमार मरकाम सहायक शिक्षक एलबी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार शन्तानू कुमार मरकाम सहायक शिक्षक एलबी, शासकीय प्राथमिक शाला सेक्टर 11 भिलाई जिला दुर्ग की ड्यूटी निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण में बीएलओ के तौर पर 65/132 बी.एस.पी. कन्या विद्यालय सेक्टर 11, खुर्सीपार, भिलाई में लगाई थी। ड्यूटी लगाने के बावजूद मरकाम 7 नवंबर से अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित है। लगातार दूरभाष से संपर्क करने का प्रयास करने पर भी उनके द्वारा जवाब नहीं दिया गया। मरकाम के ज्ञात पते पर संपर्क करने का भी प्रयास किया गया, लेकिन उनके घर पर बाहर से ताला बंद होना पाया गया। मरकाम 7 नवंबर से शाला भी नहीं आ रहे हैं। बीएलओ कार्य से भी अनुपस्थित है। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही, बिना सूचना कार्य से अनुपस्थित होने और उच्च कार्यालय के निर्देशों का स्पष्ट अवहेलना के कारण उन्हें सस्पेंड किया गया। निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, दुर्ग नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

विधायक ललित ने ग्रामीणों की समस्याओं का किया निराकरण

भिलाई/नवप्रदेश। पुरैना ग्राम के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक ललित चंद्राकर के निवास स्थान पर सौजन्य मुलाकात की और उन्हें जन्म दिन की शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं ने ग्राम की समस्याओं की जानकारी देते हुए विधायक से निराकरण की मांग की।

विधायक ललित चंद्राकर ने समस्याओं लेकर संबंधित अधिकारी से चर्चा कर तुरंत निराकरण किया। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र की समस्याओं को सुनने और उनका निराकरण करने के लिए हमेशा उपलब्ध हैं।

बिहार प्रवास से आने के बाद विधायक ललित चंद्राकर ने पूर्व की भांति निवास स्थान पर जनदर्शन लगाकर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे।

कार्यकर्ताओं ने विधायक ललित चंद्राकर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा सक्रिय रहकर काम करते हैं। विधायक ललित चंद्राकर की कार्यशैली और उनके प्रयासों से क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ हुआ है। इस अवसर पर डी. साईं, बी. चंद्रवती, सुमित्रा, ईश्वरी, पी. कविता, अनीता पात्रो, वरलक्ष्मी, के. राजुल्लम्मा, एस. भूलक्ष्मी, भानुअम्मा, पी. सुजाता, बी. सुमलता, कुमारी, पी.सुमलता, जी. लक्ष्मी रेड्डी, सरोज बाई, रूखमणि, पिंकू गुप्ता, द्रोपति यादव, जानकी, इंद्राणी वर्मा सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पेयजल समस्या से निजात दिलाने पानी टंकी का निर्माण शीघ्र पूरा करने कमिश्नर ने दिये निर्देश

भिलाईनगर/नवप्रदेश। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-3 मदरटेरेसा नगर अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी, सुलभ शौचालय, शासकीय हाई स्कूल, बाल स्कूल सहित सर्कुलर मार्केट में प्रस्तावित शौचालय निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। पावर हाउस फल मंडी के पास निर्माणाधीन पानी टंकी का अवलोकन करते हुए निगम आयुक्त ने क्षेत्र के नागरिकों को पेयजल समस्या से निजात दिलाने नए ओवरहेड टेंक का निर्माण तत्काल पूरा करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने वार्ड 36 महात्मा गांधी नगर स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया। शौचालय व आस-पास की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर सफाई व्यवस्था बनाए रखने निर्देशित किया। केम्प 2 शासकीय हाई स्कूल में नवीन भवन निर्माण कार्य का अवलोकन कर संबंधित एजेंसी को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने कहा गया। बाल विद्यालय का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था देखने के बाद पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में पुराने भवन को तोड़कर प्रस्तावित नवीन शौचालय का निर्माण करने स्थल निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पार्षद विनोद चेलक, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन उपस्थित रहे।

वीरता पुरस्कार के आवेदन 20 दिसम्बर तक

दुर्ग। बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस व बुद्धिमता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। जिसमें 5 बालक/बालिकाओं को 25 हजार की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिसम्बर तय की गई है।

बीएसपी कर्मियों और उनके आश्रितों का विवरण अपडेट होगा

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली के अंतर्गत डिजिटल परिवर्तन को और सुदृढ़ बनाने कर्मचारियों और पूर्व कर्मचारियों के सभी आश्रितों के फ़ोन नंबर अपडेट करने विशेष अभियान शुरू किया गया है। अस्पताल प्रबंधन ने एक पत्र के माध्यम से कर्मचारियों और पूर्व कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वे अपने आश्रितों के फ़ोन नंबर का विवरण रिकॉर्ड के साथ अपडेट कर लें, ताकि अस्पताल सेवाओं का डिजिटल एकीकरण सहज रूप से हो सके। यह प्रक्रिया ओपीडी पंजीकरण डेस्क ईएचएस हेल्प डेस्क जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर 9 भिलाई में उपलब्ध सुविधा के माध्यम से सरलता से पूरी की जा सकती है। कर्मचारियों और उनके परिवारजनों से आग्रह किया गया है कि वे गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध बीएसपी स्वास्थ्य मित्र मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड कर इसका उपयोग करें।

लाटरी निकालकर 10 हितग्राहियों को पीएम आवासों का आवंटन

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के सभागार में आज प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 हितग्राहियों को खुली लाटरी पद्धति के माध्यम से मकान आबंटित किये गए। इस अवसर पर सभापति गिरवर बंटी साहू, निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, जोन-2 अध्यक्ष रामानंद मोर्या और अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा उपस्थित रहे। विधायक रिकेश सेन व महापौर नीरज पाल आवश्यक कार्य के कारण लाटरी में उपस्थित नहीं हो पाए। विधायक और महापौर ने लाटरी प्रक्रिया में आवास प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी है। पीएम आवास योजना शहरी (ए.एच.पी.) मोर मकान-मोर आस और मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत निर्मित/निर्माणाधीन आवासों की कुल संख्या 1669 है, जिसमें से 1032 आवास हितग्राहियों को आबंटित किये जा चुके हैं। रिक्त आवासों की संख्या 637 है, जिसका आवंटन लाटरी निकालकर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को वंदे मातरम कुरूद भिलाई और सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया में आवासों का आबंटन किया गया है। लाटरी के दौरान आवास प्रभारी विद्ययाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, नम्रता सिंह ठाकुर, थलेश्वर जोशी, जी मोहन राव, महेत्तर सोनी, जागेश्वर साहू उपस्थित रहे।

सेल इंटर प्लांट्स क्रिकेट चैंपियनशिप | **बीएसपी की टीम ने सेल दुर्गापुर इस्पात संयंत्र को 99 रनों से हराया**

बीएसपी सेमीफाइनल में, भद्रावती और सेलम ने भी दर्ज की जीत

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-इंटर प्लांट्स क्रिकेट चैंपियनशिप भिलाई इस्पात संयंत्र के खेल, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग एससीएंडसी द्वारा आयोजित सेल इंटर प्लांट्स क्रिकेट चैंपियनशिप के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र ने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेल-भद्रावती वीआईएसएल और सेल-सेलम एसएसपी ने भी अपने-अपने मैचों में प्रभावशाली जीत दर्ज की। सेक्टर 10 स्थित बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड में घरेलू टीम भिलाई इस्पात संयंत्र ने असाधारण ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए सेल-दुर्गापुर इस्पात संयंत्र डीएसपी को 99 रनों से हराकर अपने पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह पक्की की। कप्तान अनिल सिंह के नेतृत्व और कोच राजा बनर्जी के प्रशिक्षण में बीएसपी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 208 रन बनाए। सुदीप सिंह ने 77 रनों की पारी खेली।आर वेंकटेश ने 37 रन, के राजगोपालन ने 30 रन और सुवेंदु ने 18 रन बनाए। दुर्गापुर की ओर से भास्कर ने तीन और विकास ने दो विकेट लिए। जवाब में दुर्गापुर की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 109 रन पर ही सिमट गई। बीएसपी से सुरेश सोनपिपारे ने चार विकेट लिए। सेक्टर 1 स्थित बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड पर सेल भद्रावती स्टील प्लांट वीआईएसएल ने रोचक मुकाबले में सेल-कॉर्पोरेट ऑफिस की टीम को छह विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कॉर्पोरेट ऑफिस की टीम 78 रन पर आउट हो गई। जवाब में भद्रावती ने आसानी से लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 7.2 ओवर में 4 विकेट पर 79 रन बना लिए। श्रीनिवास ने सर्वाधिक 31 रन बनाए, जबकि कप्तान राघवेंद्र ने 14 रन जोड़कर जीत सुनिश्चित की। कॉर्पोरेट ऑफिस की ओर से प्रतीक ने दो विकेट लिए। सेक्टर 10 स्थित बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए एक अन्य मैच में सेल-सेलम स्टील प्लांट ने सेल रिफ्रैक्टरी यूनिट एसआरयू को 70 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेलम ने 3 विकेट पर 204 रन बनाए। प्रदीप कुमार ने 84 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें ए सेल्वा कुमार ने 61 रनों का योगदान दिया।

एसआरयू 6 विकेट पर 134 रन ही बना सकी। लोकेश पात्रे 48 रन बनाकर नाबाद रहे। विशाल अग्रवाल ने 24 रन जोड़े। सेलम के गेंदबाज कप्तान एस निवास और सुरेश कुमार ने दो-दो विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

12 नवंबर को हुए मैचों में अंपायर संतोष सोनी, राणा प्रताप सिंह, हरप्रीत सिंह, कुशल वर्मा और अशोक रिगरी ने अंपायरिंग की। स्कोरिंग का दायित्व संतोष ठाकुर, विनोद देवघरे, आकाश गुप्ता और आयुष ठाकुर ने संभाला।

कुम्हारी विचक्षण जैन विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

कुम्हारी/नवप्रदेश। विचक्षण जैन विद्यापीठ, कुम्हारी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल कर विद्यालय और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा साक्षी बरलोटा ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण कर अखिल भारतीय स्तर पर 20 वीं रैंक हासिल की है। साक्षी ने सीए फाउंडेशन प्रथम प्रयास में शानदार सफलता प्राप्त की थी। विद्यालय में अध्ययन के दौरान साक्षी ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे।

अरहम जैन ने सीए फाउंडेशन प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने सीयूईटी परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अरहम को हार्वर्ड बिजनेस कोहोर्ट जो कि भारतीय वी.सी. के सहयोग से संचालित है, में 90 प्रतिशत स्कॉलरशिप का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। विद्यालय में अध्ययन के दौरान अरहम ने भी सीबीएसई बोर्ड में 93.7 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे।

शिव बराडिया ने भी सीए फाउंडेशन परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। शिव ने विद्यालय में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 84 प्रतिशत प्राप्त कर अपनी मेहनत और क्षमता का प्रमाण दिया था। विद्यालय परिवार ने इन विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। इस मौके पर प्रधानाचार्य सहित विद्यालय प्रबंधन ने साक्षी, अरहम और शिव को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

अर्थशास्त्र परिषद द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के अर्थशास्त्र परिषद द्वारा विश्व सांख्यिकी दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन ''विश्व को विश्वसनीय आकड़ों से जोड़नाः नवाचार और भविष्य के लिए आंकड़ों का महत्व'' शीर्षक पर किया गया। उक्त कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विभागाध्यक्ष डॉ.शशिकिरण कुजूर ने अर्थशास्त्र में सांख्यिकी के महत्व एवं भविष्य में इसकी उपयोगिता से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।

भाषण प्रतियोगिता में एम.ए. प्रथम सेमेस्टर से प्रथम स्थान साहिल अनंत एवं द्वितीय स्थान दुर्गा जोगी एवं तृतीय स्थान योगेश्वरी ने प्राप्त किया एवं कुल 11 छात्र-छात्राओं ने उक्त प्रतियोगिता में सहभागिता किया। सुश्री इंद्राणी मरकाम ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए कार्यक्रम का आभार ज्ञापन श्रीमती खिलौना कन्नोजे अतिथि व्याख्याता ने किया।

उक्त कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अर्थशास्त्र परिषद के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

कांग्रेसी कार्यकर्ता पार्टी की अमूल्य पूंजी : इन्द्र साव

सिमगा के कामता में कांग्रेस जनों का हुआ दीपावली मिलन समारोह

भाटापारा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिमगा ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का दीपावली मिलन समारोह ग्राम कामता में विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व एवं विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ब्लॉक अध्यक्ष डॉ के के नायक ,दीनबंधु शर्मा की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों से आए कांग्रेस जनों को दीपावली पर्व की बधाई देते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि "कांग्रेस पार्टी की असली ताकत हमारे कार्यकर्ता हैं। ऐसे आयोजन न केवल आपसी मेलजोल बढ़ाते हैं, बल्कि हमें जमीनी हकीकत जानने का अवसर भी देते हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों, युवाओं और आम जनता की समस्याओं से पूरी तरह बेपरवाह है। महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की अनदेखी ने जनजीवन को प्रभावित किया है। अब समय आ गया है कि कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर गांव-गांव जाकर जनविरोधी नीतियों का विरोध करें और जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाएं।"

उन्होंने आगे कहा कि भाटापारा क्षेत्र के प्रत्येक गांव की समस्या उनकी प्राथमिकता में है और सरकार की लापरवाही के खिलाफ वे सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करते रहेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने धान खरीदी हेतु एग्रीटेक पंजीयन की जटिल प्रक्रिया पर नाराज़गी जताई तथा बेमौसम बारिश से धान फसल को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार से शीघ्र मुआवज़ा देने की मांग की। कार्यक्रम के अंत में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और एकता की भावना का संचार होता है। समारोह उपरांत सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. के. के. नायक, दिवाकर मिश्रा, राजमहंत जगमोहन मार्कण्डेय, मोहन गायकवाड, श्याम लाल देवांगन, हीरालाल साहू, मांधाता साहू, अजीत भट्ट, मनहरण सोनकर, दिनेश साहू, चंदू साहू, भिखारी गहरे, घनश्याम यादव, रंजीत सोनवानी, गणित वर्मा,भीष्म साहू ,इनदरमन साहू, गणेश पुरी गोस्वामी, संतोष साहू,खगेश जांगड़े,लाला वर्मा,प्रभू यदु, धन सिंह, दीनबंधु शर्मा,हरि सोनकर, गोलू पाटकर, दशरथ चंद्राकर, आकाश मांडले,हरि घृतलहरे,अश्वनी साहू, जनपद सदस्य भानू वर्मा, चंद्रशेखर साहू,रिशी पटेल,धरम वर्मा, सरपंच लोमन घृतलहरे, साहिल मसीह,नरेश साहू, मुकेश बंजारे, महेंद्र साहू,जवाहर साहू, धनेश्वर ध्रुव, नारायण बंजारे,समेलाल साहू,नारद सोनकर, संदीप मसीह,छबिराम साहू,ईश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

उड़ीसा के मंत्री व सांसद का चंपारण आगमन पर भव्यस्वागत

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। उड़ीसा राज्य के कैबिनेट मंत्री विभूति भूषण जिन्ना ट्रांसपोर्ट, स्टील, माइंस विभाग अनंत नायक जी सांसद क्योझर, परशुराम मांझी पूर्व सांसद नवरंगपुर जो कि छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप जी के बहनोई भी पहुंचे साथ में रमेश साहू प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उड़ीसा, प्रीतम सिंह दीवान पूर्व विधायक खल्लारी, दीनबंधु बिश्नोई, मनोज साहू, संतोष साहू चंपारण धाम दर्शन के लिए पहुंचे। वहां ब्रह्मानंद साहू सभापति जनपद पंचायत अभनपुर एवं युधिष्ठिर चंद्राकर ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। चंपारण में महाप्रभु जी, राम दरबार का दर्शन कर चम्पेश्वर महादेव में पुजारी के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। ब्रह्मानंद साहू ने चंपारण के इतिहास के बारे में विस्तार से अवगत कराया। जिसमें श्री राम वन गमन पथ, गौशाला, श्री वल्लभाचार्य जी, श्री चंपेश्वर महादेव, श्री राम जानकी मंदिर आदि के बारे में विस्तार से बताया। गौशाला के बारे में सुनते ही मंत्री जी अपने आप को रोक ना सके और गोशाला जाने की इच्छा जाहिर की एवं एक्टिवा में ही बैठकर गौशाला पहुंचे और गायों को प्रणाम किया तथा गुड़ से बने भोग खिलाया। स्वल्पाहार कान्हा गेस्ट हाउस में रखा गया था। उक्त कार्यक्रम में चम्पेश्वर महादेव के अध्यक्ष नन्हूराम साहू, दुष्यंत साहू उपसरपंच चंपारण भी उपस्थित रहे। चंपारण धाम दर्शन के बाद मंत्री जी ने बताया कि भविष्य में सपरिवार चंपारण दर्शन में आने की बात कही।

भूमि खरीदी-बिक्री से प्रतिबन्ध हटा

कसडोल/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 बी के भैसा से किलोमीटर 139.400 ग्राम कुम्हारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत 4-लेन चौड़ीकरण हेतु तहसील पलारी,बलौदाबाजार, लवन एवं कसडोल अंतर्गत ग्रामो के प्रभावित खसरा एवं उसके 100 मीटर परिधि के खसरे को छोड़कर शेष खसरे की खरीदी बिक्री से रोक सम्बधित भू-अर्जन अधिकारी द्वारा हटा दी गई है।

भूमि रकबा त्रुटि सुधार में भ्रष्टाचार, बिजली संकट और फर्जी शराब दुकान प्रस्ताव पर कार्रवाई की मांग

■ **35 से 40 गांवों में बिजली कटौती और कम वोल्टेज की बनी हुई है समस्या**

धमधा/नवप्रदेश। किसान बंधु संगठन, धमधा ब्लॉक के सैकड़ों किसानों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की तीन प्रमुख समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही की मांग की। किसानों ने भूमि त्रुटि सुधार में फैल रहे भ्रष्टाचार, ठेलका सब-स्टेशन में बिजली संकट, और अछोली ग्राम में बिना अनुमति फर्जी शराब दुकान प्रस्ताव के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।

संगठन के नेतृत्वकर्ता किसान नेता बाबा टेकसिंह चंदेल ने कहा कि धमधा क्षेत्र में किसानों के भूमि त्रुटि सुधार प्रकरणों में पटवारियों और तहसील स्तर पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। किसानों को जानबूझकर पेशी दर पेशी घुमाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करे और भूमि त्रुटि सुधार की प्रक्रिया को पारदर्शी व शीघ्र बनाए। किसानों ने यह भी बताया कि ठेलका सब-स्टेशन में तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी के कारण क्षेत्र के लगभग 35 से 40 गांवों में बिजली कटौती और कम वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इससे खेतों की सिंचाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। किसानों ने मांग की कि ठेलका सब-स्टेशन में तत्काल आवश्यक तकनीकी स्टाफ की पदस्थापना की जाए और विद्युत आपूर्ति नियमित की जाए।

तीसरे मुद्दे पर किसानों ने बताया कि अछोली ग्राम में पंचायत की अनुमति के बिना शराब दुकान खोलने के लिए फर्जी प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस मामले में जनपद पंचायत धमधा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की मिलीभगत की आशंका जताई गई है। इस संबंध में पहले भी कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस अवसर पर आत्मा साहू, अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा, ढालू वर्मा अध्यक्ष, लोधी समाज धमधा सर्किल,लेखराम वर्मा, भुवनेश्वर नेताम, भवानी सिन्हा,परमेश्वर साहू,जयप्रकाश विश्वकर्मा, राजेंद्र वर्मा, तेजराम चंदेल, गोपु यादव सहित बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

किसानों की तीनों मांग में की जाएगी कार्यवाही

वही जिला प्रशासन के प्रतिनिधि अधिकारी ने बताया कि जल्द ही किसानों की तीनों मांग में कार्यवाही की जाएगी जिसमें सबसे बड़ा रकबा त्रुटि सुधार के मामले में गांव गांव शिविर लगाया जाएगा । ठेलका सब स्टेशन में पर्याप्त कर्मचारी व्यवस्था करने का आश्वासन दिया और धमधा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के खिलाफ जांच करने की बात कही।

वर्जन

किसान नेता बाबा टेकसिंह चंदेल ने कहा कि यदि प्रशासन ने आगामी 1 माह में शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो संगठन जिला मुख्यालय में उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा।

पंचम दीवान कन्या शाला में हुआ साइकिल वितरण

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के पंचम दीवान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव रतन शर्मा विशिष्ट अतिथि अश्वनी शर्मा अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद भाटापारा, कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंजराम कोसले पार्षद एवं अध्यक्ष शाला विकास समिति पंचम दीवान भाटापारा थे। इस दौरान कार्यक्रम में शिवरतन शर्मा ने कहा कि शासन ने सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत निशुल्क साइकिल देने का एकमात्र उद्देश्य यही था कि, बेटियां अपने आसपास ही बेहतर ढंग से शिक्षा प्राप्त कर सके और पढ़ाई कर समाज,परिवार , स्कूल का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य शैलेंद्र नामदेव ने शाला प्रतिवेदन एवं मांग पत्र पढ़ा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती खुशबू ठाकुर एवम् आभार व्यक्त एस . के.यादव किया।इस अवसर पर राकेश तिवारी सुनील यदु,लक्ष्मी टंडन नंदकुमार वैष्णव,योगेश टंडन योगेश अनन्त नारायण निर्मलकर, एस.एल.वर्मा सरिता सिंग, मंजू वर्मा रेखापाल,मनीष देवांगन रवि पांडे, बृज जांगड़े,मीना सोनी रवि पांडे तीर्थ कुमारी वर्मा भूषण यादव योगेंद्र चंद्र सानिया खान इत्यादि उपस्थित थे।

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा ईको क्लब हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया

भाटापारा/नवप्रदेश। चुचुरुंगपुर हाई स्कूल में अल्ट्राटेक रावन सीमेंट वर्क्स के सीएसआर विभाग द्वारा एक पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 110 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया , जिससे विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में ईको क्लब के छात्र सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जागरूक किया गया। ईको क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को वृक्षारोपण , जल संरक्षण , कचरा प्रबंधन और जैव विविधता संरक्षण जैसे विषयों पर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। विगत दिनों पंचायत , विद्यालय प्रबंधन एवं ग्राम के प्रगतिशील निवासियों के सहयोग से विद्यालय परिसर में कुल 1200 पौधा रोपण किया गया है। यह पहल न केवल हरियाली बढ़ाने में सहायक होगी , बल्कि छात्रों को पौधों की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी सिखाएगी।

कार्यक्रम के दौरान अल्ट्राटेक रावन सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। पौधों की देखभाल केवल रोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और विकास में निरंतर योगदान आवश्यक है। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कुमार गेंडरे ने अपने संदेश में कहा कि पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। विद्यार्थी इन पौधों को अपनाकर इनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अभियान को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक मोहनलाल वर्मा , रामदयाल साहू एवं राजेन्द्र कुमार वर्मा तथा सीएसआर टीम से सुरेन्द्र कुमार यादव , द्वारिका वर्मा , सुनिता निषाद एव ताराचंद वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ईको क्लब के गठन से विद्यालय में पर्यावरणीय गतिविधियों को और अधिक संगठित एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जाएगा। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की यह पहल न केवल विद्यालय के छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी, बल्कि ग्राम स्तर पर भी सतत विकास की दिशा में सकारात्मक बदलाव लाएगी।

यातायात जागरूकता अभियान का पुलिस मितान को दिया प्रशिक्षण

छुरा/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला पुलिस यातायात सुरक्षा के लिए आज यातायात जागरूकता का प्रशिक्षण दिया गया।ताकि लोगों को नियमों की पूरी जानकारी हो सके और यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाया जा सके जिले के एसपी निखिल राखेचा, निर्देशन और डीएसपी निशा सिन्हा के मार्गदर्शन में गरियाबंद पुलिस लाईन में बैनर, दस्तावेज और साउंड सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों से संबंधित सभी प्रकार के वाहन चलाने वालों को रोककर नियमों के बारे में बताते हुए पुलिस मितान को मिनी कीट का भी वितरण किया गया साथ ही भविष्य में गलतियां न करने की समझाइश भी दी जा रही है वहीं लोगों को बताया जा रहा है कि हेलमेट पहने बिना दुपहिया वाहन नहीं चलाना चाहिए बाइक पर तीन सवारी न जाएं, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाएं, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें, रोड किनारे पार्किंग न करें, ओवरटेक करते समय यातायात नियमों का विशेष ध्यान रखें, वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज लाइसेंस बीमा,आरसी बुक और अन्य दस्तावेज साथ जरूर रखें साथ ही लोगों को रोककर यातायात के नियमों की जानकारी दी जा रही है इस संबंध में जिले के सहायक उपनिरीक्षक रामाधार मरकाम ने बताया है कि इस अभियान का उद्देश्य यातायात को सुगम सुरक्षित निर्माण बनाना है यह तभी संभव है जब यातायात संसाधनों का उपयोग करने वाले इस के नियमों की पूरी जानकारी रखें और उसका पालन भी करें इसके प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।इसके साथ ही डीएसपी निशा सिन्हा ने लोगों से यातायात को सुगम बनाने के लिए जिला पुलिस के सहयोग की अपील की है।

चिकित्सा शिक्षा में अमर हुए देवसिंह सोनबेर

■ **'ज्ञानयोग' की पराकाष्ठा, देहदान से मृत्यु के बाद भी ज्ञान के दीप जलाकर गए**

कुरुद। सेवा, सादगी और सत्यनिष्ठा को अपना जीवन-मूल्य बनाने वाले नवागांव (कुरुद) निवासी श्री देवसिंह सोनबेर (4 दिसंबर 1943 ङ्क 6 नवंबर 2025) ने 81 वर्ष की आयु में इस संसार को अलविदा कहा। उनका जीवन जितना कर्तव्यनिष्ठ रहा, उनकी विदाई उतनी ही प्रेरणादायक और असाधारण साबित हुई। जीवनभर कर्मयोगी रहे श्री सोनबेर ने देहांत के उपरांत अपनी देह का दान मेडिकल कॉलेज, रायपुर को कर दिया, जिससे वह मृत्यु के बाद भी चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञान के दीप जलाते रहेंगे। उनका यह अनुपम कार्य 'जीवन में ज्ञान बाँटा – और विदा के बाद भी ज्ञान के दीप जलाकर गए' की भावना को चरितार्थ करता है। यह निर्णय 'मनुष्य मिटता नहीं, अगर वह सीख छोड़ जाए' के सिद्धांत का जीवंत प्रमाण है। सोनबेर का यह कदम उन्हें 'कलयुग के दधीचि' के रूप में स्थापित करता है, जिन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अपना शरीर भी समर्पित कर दिया। उन्होंने अपने अंतिम संस्कार को शोक के बजाय ज्ञानदान के उत्सव में बदल दिया। यह साधारण नहीं, बल्कि 'कर्मयोग और ज्ञानयोग' का असाधारण समन्वय है। ?अब उनकी देह मेडिकल कॉलेज, रायपुर के छात्रों के लिए एक खुली किताब होगी।

दिमागी कसरत... | **प्रस्तुत नाटक सभी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा**

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट ने सुमा में किया उन्नत भारत अभियान आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट के तत्वाधान में "उन्नत भारत अभियान स्थापना दिवस" के उपलक्ष्य में गोद ग्राम सुमा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। बी.एड. शिक्षार्थियों द्वारा दीप ज्योति मंत्र और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिसके पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर माल्यार्पण कर उन्नत भारत स्थापना दिवस का उद्घोष किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मनीष शुक्ला, संचालक कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, विशेष अतिथि लोकेश कुमार वर्मा (सरपंच, सुमा), एम एस. कुरैशी (स्वास्थ्य विभाग, भाटापारा), कृष्ण कुमार वर्मा (प्राचार्य, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, सुमा) एवं डॉ. पूर्णिमा कौशिक (संयोजक, उन्नत भारत अभियान) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विद्यालय एवं महाविद्यालय के अध्यापकगण, सहायक प्राध्यापकगण, शिक्षार्थी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। बच्चों ने कविता पाठ, प्रश्न मंच, दिमागी कसरत प्रश्न, मनोरंजनात्मक खेल जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बी.एड. शिक्षार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनसे प्रेरित होकर विद्यालय के बच्चों ने भी रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। "मोबाइल के दुष्परिणाम" पर प्रस्तुत नाटक सभी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त बच्चों को स्कूल बैग प्रदान किए गए, जिनका वितरण मनीष शुक्ला एवं डॉ. वंदना चौहान द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री कुरैशी ने बच्चों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी ।संचालक मनीष शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि "गोद ग्राम सुमा को उन्नति, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्नत भारत अभियान के माध्यम से हम गांवों को समग्र विकास की ओर प्रेरित कर रहे हैं।"

संयोजक डॉ. पूर्णिमा कौशिक ने कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों, बी.एड. शिक्षार्थियों, सहायक प्राध्यापकों एवं सभी अतिथियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया

इस दौरान सह-संयोजक के अनुपम उमरे, श्रीमती माधुरी वर्मा, एवं श्रीमती प्रमिला शर्मा सहित विद्यालय और महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाए।

युवा उत्सव अंतर्गत पोस्टर मेकिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती के निर्देशन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार युवा उत्सव सत्र 2025-26 के अंतर्गत 10 नवम्बर, सोमवार को पोस्टर मेकिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में क्रियान्वयन समिति की सक्रिय भूमिका रही। समिति में कला संकाय से डॉ. आशा चौधरी एवं डॉ. नीता राजपूत, वाणिज्य संकाय से जी. के. यादव एवं पूर्वेश बांधव, तथा विज्ञान संकाय से अविनाश सिंह एवं डॉ. गोकुल प्रसाद का विशेष योगदान रहा। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीयूष यादव, द्वितीय स्थान युवराज सिंह महावार एवं तृतीय स्थान योगेश देवांगन (एम.एससी. तृतीय सेमेस्टर, प्राणिशास्त्र) ने प्राप्त किया।

न्यूज गैलरी

बाल दिवस पर बाल नृत्यांगना अस्मिता का योग समिति करेगी सम्मान

मनेंद्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। बाल दिवस के अवसर पर 'बाल प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम' के अंतर्गत एमसीबी योग सेवा समिति, जिला इकाई द्वारा भरतनाट्यम की कुशल बाल नृत्यांगना अस्मिता केवट को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समिति के योग के प्रथम सत्र में, विजय मंगलम बालिका छात्रावास की संचालिका एवं समाजसेविका रूपा पोद्दार के सौजन्य से प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने बताया कि अस्मिता ने हाल ही में आयोजित छत्तीसगढ़ राजोत्सव में अपने मनमोहक भरतनाट्यम नृत्य से सभी का ध्यान आकर्षित किया था। अस्मिता, आत्मानंद विद्यालय मनेंद्रगढ़ में कक्षा पाँचवीं की छात्रा हैं।

एसपी रत्ना सिंह का राजपूत क्षत्रिय महासभा ने किया सम्मान

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर/नवप्रदेश। एम सी बी - जिले की पहली महिला पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह को उनकी कड़क, निष्पक्ष और प्रभावशाली कार्यशैली के लिए अखिल भारतीय राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा सम्मानित किया गया। महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी कार्यालय पहुँचकर उन्हें शॉल, पुष्पगुच्छ और अभिनंदन पत्र भेंट किया। इस अवसर पर महासभा की जिला अध्यक्ष बबीता सिंह एवं अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कहा कि एसपी रत्ना सिंह के नेतृत्व में जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है। हाल ही में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सड़कों पर निकाले गए जुलूस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। सम्मान समारोह में देवेंद्र सिंह, रामनरेश सिंह, मुरली मनोहर सिंह, राजप्रताप सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सूने मकान सोने-चांदी के जेवरात सहित नकद चोरी

नागपुर/एमसीबी/नवप्रदेश। नागपुर में एक सूने मकान में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, कांसे के बर्तन और करीब 20 से 25 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार, नागपुर निवासी सुरेश कश्यप अपनी मां के निधन के बाद परिवार सहित अंतिम संस्कार के लिए मनेन्द्रगढ़ गए हुए थे और रात वहीं रुक गए। जब वे अगली सुबह नागपुर लौटे, तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था, कमरों के दरवाजे खुले और सामान बिखरा पड़ा था। परिवार ने तुरंत नागपुर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

कई स्कूल ऐसे भी जहां के सभी शिक्षकों की लगी ड्यूटी, बाहर खेलते दिखे बच्चे

मतदाताओं की जांच करने घर-घर जा रहे शिक्षक; पढ़ाई प्रभावित, अगले महीने छमाही

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 4 नवंबर से मतदाता सूची की जांच का काम शुरू हो गया है। जिले के ज्यादा से ज्यादा शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ के रुप में लगाई गई है। 4 दिसंबर तक सभी बीएलओ को तीन-तीन बार लोगों के घरों पर जाकर मतदाताओं की जांच करना है। इससे स्कूलों की पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। जबकि माह के अतिंम मे छमाही परीक्षा और फरवरी में 10वीं-12वीं बोर्ड के एग्जाम हैं। कई स्कूल तो ऐसे भी हैं जहां के सारे टीचरों की ड्यूटी लगा दी गई है।

नवप्रदेश ने पड़ताल को तो पाया कि जिले में भी ऐसे कई स्कूल हैं जिनमें एक भी शिक्षक को पढ़ाई कराने के लिए नहीं छोड़ा गया है। हालांकि शिकायत करने पर एक-दो टीचरों को एसआईआर ड्यूटी से मुक्त किया जा रहा है लेकिन इसके लिए भी कई चक्कर काटने पड़ रहे हैं। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि शिक्षा विभाग के अफसरों को इसकी जानकारी ही नहीं है कि किस स्कूल के कितने टीचरों की ड्यूटी लगाई गई है। मुंगेली के अलावा लोरमी और पथरिया के शिक्षक संगठनों से इस बारे में जानकारी ली। पता चला कि एसआईआर में ड्यूटी लगाने के पहले शिक्षा विभाग से स्कूलवार सूची मांगी गई और निर्वाचन कार्यालय से सीधे आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश की कॉपी तक जिले और ब्लॉक के शिक्षा अधिकारी कार्यालय नहीं भेजी गई है। इस वजह से अफसरों जानकारी ही नहीं है कि कहां टीचर बचे हैं और कहां नहीं।

इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है।

बैग कक्षा में और बच्चे बाहर- भीतर एंट्री करते ही स्कूल के छोटे से मैदान में बच्चे खेलते मिले। क्लास के टाइम में खेल-कूद कैसे पूछने पर एक छात्र ने कहा- सर ही नहीं है। बस्ते रखकर खेल रहे हैं। प्राचार्य कक्ष पहुंचने पर वहां दो महिला टीचर बैठीं मिलीं। उनसे बीएलओ ड्यूटी के बारे में सवाल करते ही एक महिला टीचर ने बताया, सर... हमारे यहां तो सभी की ड्यूटी लगा दिए थे। बड़ी मुश्किल से दो का नाम कटा है। में एमएच हूं और ये स्टाफटीचर। किसी तरह हम दोनों ही कक्षाएं संभालने के साथ प्रशासनिक काम देख रहीं हैं।

आत्मानंद स्कूलों के टीचर भी लगे ड्यूटी में- आत्मानंद स्कूलों में तीन से चार शिक्षकों को अभी एसआईआर में लगाया गया है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि महीने भर पहले प्राइमरी बच्चों की तिमाही परीक्षाएं हुई हैं। दिसंबर में अर्धवार्षिक परीक्षा होनी है। ज्यादातर टीचर कोर्स पूरा कराने में जुटे हुए हैं। कोर्स पूरा होने के बाद कुछ अतिरिक्त टीचर्स भी एसआईआर के काम में भेजे जाएंगे। फ्लिहाल बीएलओ के साथ वे नियमित तौर पर सर्वे का काम कर रहे हैं। इनमें करीब आधी महिला महिला टीचर भी शामिल हैं।

हर महीने टेस्ट पर भी हो रहा असर

मतदाता सूची रिवीजन और जनगणना में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के लिए हर महीने टेस्ट लेने की प्रक्रिया पर भी असर पड़ रहा है। जिन विषयों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है उनकी क्लासेस खाली जा रही हैं। इससे दसवीं-बारहवीं का रिजल्ट प्रभावित होगा क्योंकि हाल ही में रिजल्ट सुधारने के लिए जिले नई कवायद शुरू की गई है। हर महीने टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। जिसका पेपर जिला शिक्षा विभाग से तैयार कराया जा रहा है। पिछले महीने तिमाही की परीक्षा हुई और आधे से ज्यादा छात्र इस परीक्षा में फेल हो गए थे।

धान खरीदी प्रक्रिया में निगरानी पर जोर: कलेक्टर ने राइस मिलर्स की बैठक ली

जीपीएस ट्रैकिंग और कमांड कंट्रोल सेंटर से होगी धान खरीदी की मॉनिटरिंग

मुंगेली/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ एवं सुचारु रूप से संचालन के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में राइस मिलर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप धान खरीदी की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई गई है। इसके लिए अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं तथा प्रशिक्षण भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार धान खरीदी के लिए विशेष मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया गया है। बेहतर मॉनिटरिंग के लिए इस बार इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया गया है। रूट मैपिंग करने एवं परिवहन के लिए चिन्हांकित वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाकर विशेष निगरानी की जाएगी और धान

परिवहन में किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर ऐप के माध्यम से तुरंत अलर्ट प्राप्त हो जाएगा, जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि सही गुणवत्ता का धान सही व्यक्ति से सही समय पर खरीदी सुनिश्चित करने, खरीदी केन्द्रों से लेकर परिवहन और मिलिंग तक हर चरण की सघन निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों के द्वारा अवैध धान की खपत को रोकना, धान की रीसाइकलिंग पर नियंत्रण रखना तथा धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारु संपादन करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि एग्रीस्टेक, एकीकृत किसान पोर्टल, डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का प्रयास किया गया है, ताकि सही किसानों से सही रकबे का धान खरीदा जा सके। उन्होंने धान खरीदी के सुचारू संचालन के लिए राइस मिलर्स से भी सुझाव मांगे। कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन की तरह पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए फ्लाइंग स्क्वायड बनाया गया है। उन्होंने राइस मिलर्स को पूरी प्रक्रिया की बेहतर समझ के साथ धान खरीदी में सहयोग करने की अपील की। कलेक्टर ने बताया कि समितियों में तौल के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटा-बांट का इस्तेमाल किया जाएगा। इसका कैलिब्रेशन कार्य भी किया जा चुका है। उन्होंने राइस मिलर्स को मिलिंग के दौरान पर्यावरण मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा प्रदूषण को कम करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर कलेक्टर जीएल यादव ने राइस मिलर्स से धान खरीदी में सहयोगात्मक रवैया अपनाने की अपील की। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी हुलेश डड़सेना, सहायक आयुक्त सहकारिता हितेश श्रीवास, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव सहित संबंधित अधिकारी और राइस मिलर्स मौजूद रहे।

रिश्ते के नाना को गूंगी-बहरी नातिन से दुष्कर्म के आरोप में आजीवन कारावास

मुंगेली/नवप्रदेश। श्रवण एवं वाक्-बाधित गूंगी-बहरी महिला के साथ रिश्ते के नाना को बलात्कार का दोषी पाते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट ने आजीवन कारावास एवं 2000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न करने पर अभियुक्त को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। फास्ट ट्रैक कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की अदालत ने संवेदनशील एवं जघन्य अपराध के मामले में ऐतिहासिक निर्णय सुनाया। अदालत ने रिश्ते के नाना मोहन जोशी उम्र 62 वर्ष को अपनी ही नातिन, जो कि श्रवण एवं वाक-बाधित गूंगी-बहरी महिला है के साथ बलात्कार का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 2000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न करने पर अभियुक्त को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह मामला थाना फास्टरपुर क्षेत्र का है। घटना 21 फरवरी 2024 की है। दोपहर लगभग 12 बजे पीड़िता अपने घर में अकेली थी। उसके माता-पिता खेत में काम करने गए थे, पति लोरमी में एक्टिवा की किश्त जमा करने गया था और बच्चे स्कूल में थे। इसी दौरान अभियुक्त मोहन जोशी जो पीड़िता का रिश्ते में नाना बताया गया है, मोटर साइकिल से घर पहुंचा। आरोप था कि उसने महिला की इच्छा के विरुद्ध उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता जन्म से ही श्रवण एवं वाक् दिव्यांग है। पति के घर लौटने पर उसने इशारों के माध्यम से घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता के पति ने तत्काल थाना फास्टरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके आधार पर अपराध दर्ज हुआ। न्यायालय में सुनवाई अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने अदालत में पीड़िता के इशारों के माध्यम से दर्ज बयान मेडिकल रिपोर्ट एवं घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्यों को प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत किया।

महिलाओं की केवाईसी तो बहाना है, महतारी वंदन योजना से असल में नाम काटना है: बेनर्जी

मुंगेली/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना में 21 महीने बाद केवाईसी करने की अनिवार्यता पर सवाल उठाते हुए काग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता संजीत बनर्जी ने कहा कि भाजपा सरकार अब महतारी वंदन योजना की किश्त की राशि सभी महिलाओं को देना नही चाहती है।योजना में हर माह 606 करोड़ रुपए देना पड़ रहा है इससे सरकार की वित्तिय स्थिति खराब हो गई है। अब योजना कि राशि मे कटौती करने योजना से जुड़ी महिलाओं के लिए नियम शर्ते लागू की जा रही है ताकि हितग्रहियों का नाम काटा जा सके। अब सवाल ये उठता है कि अचानक 21 महीना बाद महतारी वंदन योजना से जुड़ी 69 लाख 26 हजार महिलाओं की केवाईसी की आवश्यकता क्यों पड़ रही है? जब योजना शुरू हुई तो पहली किश्त लंगभग 69 लाख 26 हजार महिलाओं को दिया गया 21 वी किश्त करीब 64 लाख 94 हजार 768 महिलाओं को मिला। यानी पिछले महीना 5 लाख महिलाओं को महतारी वंदन का किश्त नहीं दिया गया? वादा तो योजना में सभी महतारियो को 1 हजार महीना देने का था। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी से लेकर प्रदेश की अंतिम महतारी तक को फि्र अब नियम शर्त क्यों? वैसे भी इस योजना की शुरूवात से ही 40 प्रतिशत महतारी बाहर है जिसे योजना से जोड़ने निकाय चुनाव में भाजपा ने वादा किया था। जिसका इंतजार महिलाएं कर रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता संजीत बनर्जी ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा बड़े बड़े वादे करती है और महिलाओं से लेकर हर वर्ग को आकर्षित करती है और सत्ता मिलने के बाद उनके साथ धोखा करती है महतारी वंदन योजना में जिले की सभी महिलाओं को लाभ नहीं मिलना भाजपा की धोखा है।

> सरकार की योजना को क्रियान्वयन करना प्रमुख है। कांग्रेस का काम केवल आरोप लगाना है। सरकार महतारी वंदन के केवायसी की जांच कर रही है। किसी का नाम नहीं काट रही है।
>
> **तोखन साहू**
> केंद्रीय राज्य मंत्री

बीएलओ घर-घर जाकर कर रहे गणना पत्रक वितरण

सक्ती/नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के मार्गदर्शन में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में 04 नवंबर से मतदाताओं की मतदाता सूची हेतु गणना पत्रक भरवाने का कार्य किया जा रहा है। यह प्रक्रिया 04 दिसंबर 2025 तक निरंतर जारी रहेगी। इसके पश्चात 09 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 09 दिसंबर से 08 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। दावा-आपत्तियों का निपटान 31 जनवरी तक पूर्ण कर लिया जाएगा, जबकि मतदाता सूची की शुद्धता के परीक्षण उपरांत 07 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

कोसगा गांव से नाबालिग लड़की लापता, पुलिस ने शुरू की तलाश

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत क़ोसगा से एक नाबालिग लड़की के घर से गायब होने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बीरबल यादव आ0 शिव प्रसाद यादव उम्र 27 साल निवासी ग्राम कोसगा ने 12 नवम्बर को थाना उपस्थित आकर अपने नाबालिग लड़की के घर से गायब होने का रिपोर्ट दर्ज कराया है। अंदेशा है कि कोई अंजान व्यक्ति नाबालिग लड़की को फुसलाकर भगा ले गया होगा। दरअसल प्रार्थी 1 नवंबर की शाम अपने परिवार के साथ घर में था। 17 वर्षीय नाबालिग लड़की घर में दिखाई नहीं दी। आस पड़ोस एवं रिस्तेदारो में पता तलाश करने भी पता नहीं चल पाया।

अभियान 'पहल' के तहत मुंगेली में सामाजिक जागरूकता बैठक आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान ''पहल'' के तहत संवाद सभा कक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सामाजिक समरसता बनाये रखने हेतु सामाजिक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में साइबर अपराध, यातायात नियम के पालन, नशामुक्ति एवं बच्चों व महिलाओं से संबंधित अपराधों के संबंध में जानकारी देते हुये सामाजिक स्तर पर सामाजिक बुराईयां एवं कुरितियां साइबर फ्रॉड के प्रलोभन में नहीं आने, नशा से दूर रहने तथा यातायात नियमों का पालन करने व कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने पर प्रतिबंधित करने के संबंध में बातें बतायी। बैठक में जिले के 150 से अधिक समाज प्रमुख एवं सामाजिक प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। अभियान ''पहल'' के तहत समाज प्रमुखों के बैठक कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक व जिला पंचायत सी.ई.ओ. प्रभाकर पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समाज प्रमुखों को विभिन्न विषयों साइबर अपराध, यातायात के नियम व उसके पालन, नशामुक्ति एवं बच्चों व महिलाओं से संबंधित अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया जाकर समाज प्रमुखों से बोला गया कि अपने सामाजिक स्तर पर पालन करते हुये अपने-अपने समाज के लोगों को सामाजिक बुराईयां एवं कुरितियां साइबर फ्रॉड बचने व उनके प्रलोभन में नहीं आने, नशा नही करने व नशा से दूर रहने तथा यातायात नियमों का पालन करने व कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने पर प्रतिबंधित कर परिवार एवं समाज में जागरूकता फैलाने अपील की गयी। समाज प्रमुखों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रश्नात्मक चर्चा किये जिसके संबंध में जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सारगर्भित बातें बतायी गयी, और अपने परिवारिक एवं सामाजिक स्तर पर जन जागरूक, सामाजिक समरसता एवं भाईचारा विस्थापित करते हुये परिवार एवं समाज की विकास करने की बातें बताई गई।

अगहन मास का दूसरा गुरुवार श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। अगहन मास का दूसरा गुरुवार 13 नवंबर को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में मनाया गया। परंपरा के अनुसार यह दिन मां लक्ष्मी की आराधना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। शहर में घर-घर में महिलाएं चार पहर तक पूजा-अर्चना करेंगी और मां को विविध पकवानों का भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर पूरे घर को साफ सुथरा रखकर दीपों से सजाया जाता है ताकि लक्ष्मीजी का आगमन सुख-समृद्धि के साथ हो।

बुधवार रात से ही पूजा की तैयारियां शुरू हो गई थीं। घरों में धन-धान्य की देवी मां लक्ष्मी के पदचिह्न चावल और आटे के घोल से बनाए गए, जो समृद्धि के प्रतीक माने जाते हैं। तड़के महिलाएं स्नान कर पूजा स्थान पर दीप प्रज्ज्वलित करेंगी और अलग-अलग चार पहर मां की आराधना कि। इस दौरान लक्ष्मी स्तोत्र, श्रीसूक्त और गजलक्ष्मी व्रत कथा का पाठ किया गया पूजा के बाद घरों में बने खीर, पूरी, पुए, हलवा, दाल-चावल व मिठाइयों का भोग मां को अर्पित किया गया। पूजा पूर्ण होने के बाद परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया, जिसे सौभाग्य और एकता का प्रतीक माना जाता है। आगामी अगहन गुरुवार- अगहन का तीसरा गुरुवार 20 नवंबर और चौथा गुरुवार 27 नवंबर को मनाया जाएगा। इन दिनों भी श्रद्धालु इसी प्रकार पूजन-अर्चन करेंगे। बिलासपुर में हर वर्ष की तरह इस बार भी घरों में पारंपरिक ढंग से अगहन गुरुवार का पर्व मनाया जा रहा है।

मां का मिलता है आशीष- अगहन माह में गुरुवार का विशेष महत्व होता है। पुजारियों के अनुसार, इस महीने के प्रत्येक गुरुवार को मां लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं। जो श्रद्धा से उनकी पूजा करता है, उसके घर में अन्न-धन की कभी कमी नहीं होती।

योजना | विधायक प्रबोध मिंज सहित जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को किया रवाना, दर्शानार्थियों को दी शुभकामनाएं

श्री रामलला दर्शन योजना' के तहत सरगुजा संभाग के 850 श्रद्धालु तीर्थयात्री अयोध्या के लिए रवाना

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के अंतर्गत सरगुजा संभाग के 850 श्रद्धालु तीर्थयात्री आज अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में तीर्थयात्रियों की विशेष ट्रेन को लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज सहित जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर महापौर मंजूषा भगत, नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी जिला पंचायत उपाध्यक्ष, देवनारायण यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी यात्रियों को सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। उप संचालक समाज कल्याण एवं नोडल अधिकारी व्ही. के. उके ने बताया कि जिले से कुल 170 तीर्थयात्री इस यात्रा में सम्मिलित हैं। इनमें नगर निगम अम्बिकापुर से 30, नगर पंचायत सीतापुर से 7, लखनपुर से 7, जनपद पंचायत अम्बिकापुर से 18, लखनपुर से 18, उदयपुर से 18, बतौली से 18, मैनपाट से 18, सीतापुर से 18 तथा लुण्ड्रा से 18 श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं देखभाल हेतु जिले से अनुरक्षक दल भी उनके साथ भेजा गया है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भोजन, आवास एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह विशेष ट्रेन 15

नवम्बर 2025 को वापस अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस अवसर पर पर्यटन अधिकारी आशीष वर्मा, ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट एवं रेलवे विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सरगुजा संभाग के सभी जिलों से शासन द्वारा निर्धारित यात्री कोटा में सरगुजा से 170, जशपुर से 204, बलरामपुर-रामानुजगंज से 164, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से 57,कोरिया से 108, सुरजपुर से 147 कुल 850 दर्शानार्थी अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए हैं। जशपुर जिले के फरसाबहार में रहने दर्शानार्थी दिनेश ने कहा कि अयोध्या धाम जाने की हमारी इच्छा तो बहुत पहले से थी, पर अवसर नहीं मिल पा रहा था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से 'रामलला दर्शन योजना' के तहत अब यह संभव हुआ। हमें बहुत खुशी है कि सरकार ने यात्रा, भोजन और रहने की इतनी अच्छी व्यवस्था की है। हमें विशेष बस से लाया गया, रास्ते में नाश्तादूपानी और भोजन सब फ्री मिला है। मुख्यमंत्री को इसके लिए दिल से धन्यवाद। जशपुर जिले के कुनकुरी ब्लॉक की रहने वाली संगीता सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत धन्यवाद कि आज हमें रामलला के दर्शन करने का अवसर मिला।

सरपंच और आवास मित्र पर एफआईआर दर्ज

एमसीबी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कोथारी में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मनरेगा योजनाओं के तहत सरकारी राशि के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। जांच में सरपंच और आवास मित्र की मिलीभगत से फर्जी जियो टैग व मस्टररोल तैयार कर भुगतान करने का मामला प्रमाणित पाया गया। प्रशासन ने दोनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के अनुसार, ग्राम पंचायत कोथारी की सरपंच यशोदा सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा.) के अंतर्गत अपने नाम पर एक और परिवार के दो अपात्र सदस्यों के नाम पर आवास स्वीकृत करवाए। आवास मित्र के साथ सांठगांठ कर फर्जी जियो टैग बनवाए गए और उन पर किस्तों का भुगतान भी करवा लिया गया। इतना ही नहीं, मनरेगा के अप्रमाणित मस्टररोल के आधार पर मजदूरी भुगतान का भी खुलासा हुआ है। इसी तरह ग्राम पंचायत के आवास मित्र श्री राजकुमार यादव ने स्वयं के नाम पर एक और परिवार के चार अपात्र सदस्यों को योजना का लाभ दिलाया। जांच में यह भी सामने आया कि सभी आवासों के जियो टैग फर्जी हैं और भुगतान मनरेगा की गैर प्रमाणित मस्टररोल से किया गया।

महिलाओं व बच्चों का ब्रेनवॉश करने का आरोप, तीन गिरफ्तार

मकान में चल रही प्रार्थना सभा में हिंदूवादी संगठनों ने किया हंगामा, सरकंडा क्षेत्र के वसंत विहार कॉलोनी का मामला

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** धर्मांतरण को लेकर एक बार फिर नया मामला सामने आया है। बीते 12 नवंबर को धर्मांतरण के 2 अलग-अलग मामले सामने आए है। हिंदूवादी संगठनों ने एसईसीएल के ड्राइवर पर धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाया। मामला पचपेड़ी थाना क्षेत्र का है। पहला मामला सरकंडा क्षेत्र के वसंत विहार कॉलोनी का है। जहां एक मकान में महिला, पुरुष और बच्चे मौजूद थे, वहां ड्राइवर हिंदू देवी-देवताओं को शैतान बताकर उनका ब्रेनवॉश कर रहा था।*

दूसरा मामला जिले के पचपेड़ी थाना क्षेत्र के कुकुर्दीखुर्द गांव का है। जहां के एक मकान में प्रार्थना सभा में हिंदू महिलाओं और बच्चों को बरगलाया जा रहा था। पुलिस ने दोनों मामलों में ड्राइवर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, बसंत विहार कॉलोनी निवासी राजेंद्र खरे एसईसीएल में ड्राइवर है। हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को जानकारी मिली कि राजेंद्र खरे 12 नवंबर की शाम अपने घर पर प्रार्थना सभा आयोजित की है। जहां हिंदुओं को बुलाकर उनका ब्रेनवॉश किया जा रहा है। खबर मिलते ही हिंदूवादी संगठन के लोग वहां पहुंच गए। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को बुला लिया। यहां बहतराई और खमतराई के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं और पुरुषों को बुलाया गया था, जिसमें 7 से 8 बच्चे भी शामिल थे। आरोप है कि सभा के दौरान उन्हें हिंदू धर्म के बारे में गुमराह कर उनका ब्रेनवॉश किया जा रहा था। हिंदू संगठन के छत्रपाल साहू ने पुलिस को बताया कि वो खिड़की से झांक कर देखा तब, राजेंद्र खरे करीब 10 से 12 महिला-पुरुषों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहा था। कमरे में हिंदू देवी-देवताओं को शैतान बताते हुए वह सभी को विश्वासी कह रहा था। सूचना पर हिंदू संगठन और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्वार्टर से एसईसीएल के ड्राइवर राजेंद्र खरे को थाने लाकर पूछताछ की। जिसके बाद छत्रपाल साहू की रिपोर्ट पर पुलिस ने एसईसीएल कर्मचारी राजेंद्र के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

कुकुर्दीखुर्द गांव में प्रार्थना सभा, केस दर्ज

इसी तरह पचपेड़ी थाना क्षेत्र के कुकुर्दीखुर्द गांव में संजय डांडेकर के घर पर ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी। हिन्दू संगठनों को सूचना मिली कि इस सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद हैं और वहां संजय डांडेकर और रिरिक लहसकर लोगों को प्रलोभन देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सूचना पर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। कुकुर्दीखुर्द गांव में मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि कई महिला, पुरुष और बच्चे बाइबिल और ईसाई धर्म के साहित्य के साथ प्रार्थना कर रहे थे। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया और हंगामे की स्थिति बन गई। हालांकि पुलिस ने हस्तक्षेप कर प्रार्थना सभा को बंद कराया। जिसके बाद हिन्दू संगठन के नारायण पटेल की शिकायत पर पुलिस ने संजय डांडेकर और रिरिक लहसकर के खिलाफ धारा 299 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

न्यूज गैलरी

सुरेश राष्ट्रीय साहित्य क्रांति प्रोत्साहन परिषद के उपाध्यक्ष नियुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश की न्यायधानी के वरिष्ठ साहित्यकार कवि लेखक एवं पत्रकार सुरेश सिंह बैस को साहित्य क्रांति प्रोत्साहन परिषद का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त गया है। तत्संबंधित नियुक्ति पत्र प्रेषित करते हुए, राष्ट्रीय 'विचारक्रांति' साहित्य संस्थान सिंगरौली, मध्यप्रदेश के संस्थापक डॉ. राजकुमार जायसवाल ने कहां श्री बैस को साहित्यिक गतिविधियों व समाज हित हेतु राष्ट्रीय विचारधारा के प्रचार प्रसार के लिए विचार क्रांति साहित्य प्रोत्साहन परिषद का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र में उन्होंने श्री बैस को राष्ट्रीय विचार क्रांति प्रोत्साहन परिषद का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद नियुक्ति पश्चात शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत' भारत सरकार द्वारा पंजीकृत 'विचारक्रांति प्रोत्साहन परिषद्' में अवैतनिक रूप से समाजहित में कार्य कर रहे व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने व परिषद् के कार्यों में तेजी से वृद्धि लाने के लिए 'राष्ट्रीय उपाध्यक्ष 'के पद पर नियुक्त किया जाता है।

---

25 साल के अनुभव की शर्त को दी थी चुनौती, शासन का निर्णय मानकर हाईकोर्ट ने खारिज की याचिकाएं

सूचना आयुक्त की नियुक्ति पर लगा स्टे हाईकोर्ट ने हटाया

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** हाईकोर्ट ने राज्य सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दी है। इसके साथ ही नियुक्ति पर लगी रोक को भी हटा दी है। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच ने कहा कि सर्च कमेटी द्वारा तय 25 साल के अनुभव का मापदंड मनमाना और अवैध नहीं है। कोर्ट ने माना कि जब किसी पद के लिए बहुत अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो शॉर्ट लिस्टिंग की प्रक्रिया चयन प्रणाली का अभिन्न हिस्सा होती है।*

दरअसल अनिल तिवारी, राजेंद्र कुमार पाध्ये और डॉ. दिनेश्वर प्रसाद सोनी ने सूचना आयुक्त की नियुक्ति को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दायर की थी। इसमें राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए जोड़ी गई शर्त को अनुचित बताते हुए निरस्त करने की मांग की गई थी। याचिका में तर्क दिया गया कि चयन प्रक्रिया शुरू होने के बाद योग्यता बदलना खेल के बीच में नियम बदलने जैसा है और यह कानूनन गलत है। इस मामले में राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि सर्च कमेटी का यह निर्णय आरटीआई अधिनियम के प्रावधान अनुसार है, जिसमें सूचना आयुक्त पद के लिए व्यापक ज्ञान और अनुभव को आवश्यक बताया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला देते हुए बताया गया कि सर्च कमेटी को शॉर्ट लिस्टिंग के मानदंड तय करने का पूरा अधिकार है। 999 सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देश पर 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजित होगी। लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक हुई। के बैठक में उपस्थित समस्त जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, व्यवहार न्यायाधीश और सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने इस नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को रखे जाने और उनके जल्द निराकरण पर चर्चा की।

याचिकाकर्ताओं ने कहा- आरटीआई में अनुभव की सीमा नहीं

याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि आरटीआई एक्ट 2005 की धारा 15(5) और 15(6) में अनुभव की कोई न्यूनतम अवधि तय नहीं है। राज्य सूचना आयुक्त पद की चयन प्रक्रिया में सर्च कमेटी ने 9 मई 2025 को यह निर्णय लिया था कि केवल वे ही उम्मीदवार इंटरव्यू के लिए योग्य होंगे, जिनके पास विधि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, समाजसेवा, प्रबंधन, पत्रकारिता, जनसंपर्क, प्रशासन या शासन के क्षेत्र में कम से कम 25 साल का अनुभव हो। इसके अलावा आयु 65 वर्ष से कम होनी चाहिए।

---

27 स्टेशनों पर यात्री टिकट सुविधा केंद्र के लिए निविदा आमंत्रित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को उनके निकटतम स्थान पर शीघ्र, सुलभ एवं सुविधाजनक रूप से रेल यात्रा टिकट (आरक्षित एवं अनारक्षित) उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'यात्री टिकट सुविधा केंद्र योजना लागू की गई है। इसी क्रम में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और टिकटिंग प्रणाली को अधिक प्रभावशाली एवं गतिशील बनाने हेतु बिलासपुर मंडल के 27 प्रमुख स्टेशनों पर यात्री टिकट सुविधा केंद्र स्थापित किए जाने के लिए निविदा आमंत्रित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत केवल वे अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगे जो रेलवे द्वारा अधिकृत रेल एजेंट हैं, जैसे - रेल यात्री सेवा एजेंट, रेलवे टूरिस्ट एजेंट, रीटेल सर्विस प्रोवाइडर, जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक या वे व्यक्ति जिन्हें कम से कम दो वर्ष का रेलवे टिकटिंग का अनुभव हो, चाहे वे पूर्व में कार्यरत रहे हों या वर्तमान में कार्यरत हों। यात्री टिकट सुविधा केंद्र बिलासपुर मंडल के निम्नलिखित 27 स्टेशनों पर स्थापित किए जाएंगे - बिलासपुर, उसलापुर, रायगढ़, चांपा, अनूपपुर, कोरबा, शहडोल, अम्बिकापुर, अकलतरा, पेंड्रारोड, उमरिया, अमलाई, बैकुंठपुर रोड, बाराद्वार, बिजुरी, बीरसिंगपुर, विश्रामपुर, ब्रजराजनगर, बुढ़ार, चिरिमिरी, जयरामनगर, जांजगीर-नैला, खरसिया, कोतमा, मनेन्द्रगढ़, सक्ती एवं सूरजपुर रोड। निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथिः 17 नवम्बर से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः 9 दिसंबर प्रातः 11 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक, अनुबंध की अवधिः 3 वर्ष निविदा दस्तावेज, पात्रता मानदंड एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर सकते हैं।

बन्नाक चौक सिरगिट्टी में रावत नृत्य महोत्सव 16 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। रावत नृत्य महोत्सव समिति एवं यादव समाज सिरगिट्टी द्वारा भव्य रावत नृत्य महोत्सव का आयोजन कल 16 नवंबर रविवार को संध्या 6 बजे से खेल मैदान, बन्नाक चौक सिरगिट्टी में किया गया है। महोत्सव के मुख्य अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक होंगे। समारोह की अध्यक्षता डॉ. सोमनाथ यादव पूर्व अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (कैबिनेट मंत्री दर्जा) करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि देवेंद्र यादव विधायक दुर्ग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी, अमित यादव जिला युवा यादव अध्यक्ष, सुभाष सिंह परते प्रदेश अध्यक्ष युवा आदिवासी समाज, केशरी इंगोले पार्षद, पुष्पेंद्र साहू पार्षद, विजय सिंह मरावी पार्षद, सूरज मरकाम पार्षद, संजय यादव पार्षद, दिलीप यादव अध्यक्ष प्रेस क्लब बिलासपुर, शैलेन्द्र यादव पूर्व पार्षद, डा. राजेश यादव, राकेश यादव, अविनाश यादव, नंदकिशोर यादव एवं भूपेंद्र उपाध्याय शामिल होंगे। रावत नृत्य महोत्सव समिति एवं यादव समाज सिरगिट्टी द्वारा आयोजित समिति के अध्यक्ष संजय यादव, महासचिव रिकी यादव, मनोज यादव, गौरव यादव, प्रभात यादव, मनीष यादव सोम यादव ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार रावत नृत्य महोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाने के लिए समिति के सदस्यगण जुटे हुए है और भाग लेने वाली समस्त टीमों के लिए आकर्षण पुरस्कार के रूप में प्रथम पुरस्कार इक्कीस हजार रुपए नगद के साथ ट्रॉफी साथ द्वितीय, तृतीय,चतुर्थ, पंचम के साथ समस्त टीमों को सांत्वना पुरस्कार दी जाएगी।

मस्तूरी में रावत नृत्य महोत्सव आज

रावत नृत्य महोत्सव समिति द्वारा रावत नृत्य महोत्सव का आयोजन 14 नवंबर को संध्या 6 बजे से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान मस्तूरी में किया गया है। महोत्सव के मुख्य अतिथि दिलीप लहरिया विधायक मस्तूरी होंगे। समारोह की अध्यक्षता डॉ. सोमनाथ यादव पूर्व अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (कैबिनेट मंत्री दर्जा) करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवप्रताप साव पूर्व पार्षद, अरुणा सूर्या सभापति जिला पंचायत, सतकली बावरे सदस्य जिला पंचायत, दामोदर कांत सदस्य जिला पंचायत, विनोद सिंह ठाकुर पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मस्तूरी के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में सरस्वती बिंझवार अध्यक्ष जनपद पंचायत मस्तूरी शामिल होंगे।

फिजियोथेरेपिस्ट भर्ती प्रक्रिया, दावा आपत्ति 18 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित समावेशी शिक्षा के तहत फिजियोथेरेपिस्ट के पद पर प्राप्त आवेदनों का विस्तृत विवरण एनआईसी की वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडाटबिलासपुर डाटजीओवीडाटइन में प्रकाशित किया गया है। यदि किसी आवेदक के विवरण में कोई विसंगति है तो आवेदक 18 नवम्बर 2025 तक प्रमाण सहित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

सेवाभाव ही जीवन का सच्चा उद्देश्य, समाज बदलने का एक माध्यमः डॉ. खेर

सीपत /नवप्रदेश। शासकीय मदन लाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वयंसेवकों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. राजीव शंकर खेर ने भारत माता और स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की। प्राचार्य डॉ. खेर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि समाज को बदलने का माध्यम है। सेवा का भाव ही जीवन का सच्चा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि एनएसएस युवाओं में अनुशासन, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव जगाता है। अपने व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ जब युवा दूसरों के लिए काम करता है, तभी उसका जीवन सार्थक बनता है। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस के पचास सक्रिय स्वयंसेवकों को संस्था की ओर से टी-शर्ट और कैप प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह प्रतीक था उनकी सेवा भावना और संगठन के प्रति समर्पण का। प्राचार्य डॉ. खेर ने कहा कि स्वच्छता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जब हर व्यक्ति अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखेगा, तभी हमारा समाज स्वस्थ और सुंदर बनेगा। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शत्रुघ्न घृतलहरे ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यप्रणाली, उद्देश्य और गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि 'एनएसएस युवाओं को ग्रामीण जीवन से जोड़कर उन्हें सामाजिक सरोकारों से परिचित कराता है। सेवा, सहयोग और संवेदना ही इसका मूल मंत्र है। वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रशांत यादव ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया।

सिम्स में एक और हाई रिस्क मरीज का सफल घुटना प्रत्यारोपण

75 वर्षीय मरीज का ऑपरेशन 6 नवम्बर को हुआ सफल

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स (छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस) के अस्थि रोग विभाग में एक और हाई रिस्क मरीज का सफल घुटना प्रत्यारोपण किया गया है। यह सर्जरी गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि साबित हुई है। ऑपरेशन से 7 दिन पहले, 75 वर्षीय पुरुष मरीज गणेश राम निराला, निवासी नगरीदिह सक्ती (छत्तीसगढ़), अस्थि रोग विभाग की ओपीडी में घुटनों में दर्द और चलने-फिरने में कठिनाई की शिकायत लेकर पहुंचे थे। डॉ. तरुण सिंह ठाकुर द्वारा विस्तृत जांच और एक्स-रे के बाद पाया गया कि मरीज का बाएं घुटना पूरी तरह खराब हो चुका है। डॉ. ठाकुर ने ऑपरेशन की सलाह दी और वरिष्ठ अस्थि विशेषज्ञ डॉ. ए.आर. बेन से परामर्श लिया गया। मरीज को शुगर और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या होने के बावजूद, पूरी टीम ने सावधानीपूर्वक तैयारियों के बाद 6 नवम्बर 2025 को घुटना प्रत्यारोपण का सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं, दर्द मुक्त हैं और अगले ही दिन स्वयं अपने पैरों पर समर्थ रूप से चलने लगे। ऑपरेशन टीम में डॉ. ए.आर. बेन (विभागाध्यक्ष), डॉ. तरुण सिंह ठाकुर (सहायक प्राध्यापक), डॉ. रवि महोबिया, डॉ. सोमेश शुक्ला, डॉ. सागर कुमार, सिस्टर सुधा और पीजी रेजिडेंट शामिल थे। एनेस्थिसिया विभाग से डॉ. मधुमिता मूर्ति (विभागाध्यक्ष), डॉ. मिल्टन देव बर्मन, डॉ. श्वेता काजूर, डॉ. भावना रॉयजादा और उनकी टीम ने उत्कृष्ट योगदान दिया। नर्सिंग में योगेश्वरी, सिस्टर सुधा और उनकी टीम की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पोस्ट-ऑपरेटिव दर्द प्रबंधन में एनेस्थिसिया डॉक्टरों की विशेष भूमिका रही। यह ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क किया गया।

जरगा रेत खदान की पांच साल के लिए नीलामी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के तहत इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से रेत खदान की नीलामी के लिए 10 अक्टूबर 2025 को रेत खदान आबंटन हेतु ग्राम जरगा, ग्राम पंचायत कोनचरा हेतु एन.आई.टी. जारी किया गया। उक्त निविदा हेतु ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से 04 नवम्बर से 10 नवम्बर 2025 तक (07 दिवस) तक आमंत्रित किया गया था। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जल संसाधन संभाग बिलासपुर के प्रार्थना भवन कक्ष में रेत खदान की जरगा का नीलामी हेतु 11 नवम्बर को टेंडर ओपन किया गया। टेंडर ओपन के दौरान कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 108 पात्र एवं 07 अपात्र हुए। यह प्रक्रिया सुबह 10.30 बजे से शाम 7 बजे तक चली। वित्तीय बोली समरूप पाये जाने पर अधिमानी बोलीदार घोषित करने हेतु ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लॉटरी प्रक्रिया की गई। लॉटरी प्रक्रिया में समस्त बोलीदारों के नाम उपस्थित बोलीदारों के समक्ष लॉटरी बॉक्स में डालकर लॉटरी के माध्यम से अधिमानी बोलीदार का

मरम्मत

रायगढ़ मेमू 4 दिन रद्द, आधे रास्ते समाप्त हो जाएगी 6 ट्रेनें, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 10 दिनों के लिए निरस्त

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेल मंडल स्थित शालीमार यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य की शुरुआत 12 नवंबर से हो गई है। इसके चलते बिलासपुर जोन से होकर गुजरने वाली छह ट्रेनें 14 दिनों तक रद्द रहेंगी। इनमें दो नियमित व दो साप्ताहिक ट्रेनें शामिल हैं। हावड़ा-मुंबई मार्ग पर चलने वाली शालीमार-एलटीटी-शालीमार नियमित एक्सप्रेस 10-10 दिन और साप्ताहिक एक्सप्रेस 3-3 दिन रद्द रहेंगी। इसी तरह चार ट्रेनें अलग-अलग दिनों में आधे रास्ते से ही समाप्त होकर वहीं से लौट जाएगी। यह कार्य 23 नवंबर तक चलेगा।*

दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ ही बिलासपुर मंडल के बिलासपुर-झारसुगड़ा सेक्शन में चौथी लाइन बिछाने का काम जारी है। चांपा-खरसिया सेक्शन के सारागांव स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए नॉन इंटरलॉकिंग का काम 13 नवंबर से शुरू होगा। इसके चलते बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू लोकल ट्रेन को 13 से 17 नवंबर तक चार दिनों के लिए रद्द कर दिया गया है।

रद्द होने वाली गाड़ियां- ट्रेन नंबर 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 13 से 23 नवंबर तक। ट्रेन नंबर 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस 13 से 21 नवंबर तक। ट्रेन नंबर 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 12, 13 व 19 नवंबर को। ट्रेन नंबर 12152 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस 14, 15 व 21 नवंबर को। ट्रेन नंबर 68738 / 68737 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर 14 से 17 नवंबर तक रद्द रहेगी। ट्रेन नंबर 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर 13 से 16 नवंबर तक रद्द रहेगी। ट्रेन नंबर 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर 14 से 17 नवंबर तक रद्द रहेगी।

बीच रास्ते समाप्त होने वाली गाड़ियां

ट्रेन नंबर 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 18 नवंबर को सांतरा-गाछी स्टेशन ही समाप्त होगी। 20 नवंबर को 12102 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस ट्रेन सांतरा-गाछी से ही एलटीटी के लिए रवाना होगी। ट्रेन नंबर 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस 19 नवंबर को सांतरा-गाछी स्टेशन ही समाप्त होगी। यह गाड़ी सांतरा-गाछी एवं शालीमार के बीच रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर 14 से 17 नवंबर तक बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी।

भारत-दक्षिण अफ्रीका :- विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मद्देनजर अहम श्रृंखला

नितेश छाबड़ा

दक्षिण अफ्रीका जैसी ताकतवर टीम की चुनौती सामने है। दक्षिण अफ्रीका ने इसी साल ऑस्ट्रेलिया की शक्तिशाली टीम को हराकर टेस्ट मैचों की विश्व चैंपियनशिप जीती है। हालांकि पिछले महीने भारत ने अपनी जमीं पर वेस्टइंडीज को 2-0 से मात दी है। मगर वेस्टइंडीज की कमजोर टीम के विरुद्ध मिली जीत को भारतीय टीम मैनेजमेंट स्वयं भी ज्यादा नही आंकना चाहेगा, इसलिए भारतीय टीम को अपने घरेलू मैदानों पर अपनी प्रतिष्ठा को साबित करने के लिहाज़ से यह सीरीज महत्वपूर्ण होगी।

भारत एवं दक्षिण अफ्रीका के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज़ आज से कोलकाता में होने जा रहा है। यह टेस्ट सीरीज भारत के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मद्देनजर काफी अहम है। साथ ही शुभमन गिल और उनकी टीम को इस सीरीज में यह भी साबित करना होगा कि घरेलू मैदानों पर उन्हें मात देना अभी भी टेढ़ी खीर जैसा है। ऐसा इसलिए कि पिछले वर्ष न्यूजीलैंड के विरुद्ध भारतीय टीम को घर में तीनों टेस्ट मैचों में मात मिली थी। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ जो क्लीन स्वीप की थी, उसके कारणों की पड़ताल की गई तो पता चला था कि भारतीय बल्लेबाज कीवी गेंदबाजों के सामने बुरी तरह विफल रहे थे।

अब दक्षिण अफ्रीका जैसी ताकतवर टीम की चुनौती सामने है। दक्षिण अफ्रीका ने इसी साल ऑस्ट्रेलिया की शक्तिशाली टीम को हराकर टेस्ट मैचों की विश्व चैंपियनशिप जीती है। हालांकि पिछले महीने भारत ने अपनी जमीं पर वेस्टइंडीज को 2-0 से मात दी है। मगर वेस्टइंडीज की कमजोर टीम के विरुद्ध मिली जीत को भारतीय टीम मैनेजमेंट स्वयं भी ज्यादा नही आंकना चाहेगा, इसलिए भारतीय टीम को अपने घरेलू मैदानों पर अपनी प्रतिष्ठा को साबित करने के लिहाज़ से यह सीरीज महत्वपूर्ण होगी। यह इसलिए भी क्योंकि दक्षिण अफ्रीका की टीम ने भारतीय उपमहाद्वीप में पिछले वर्ष बांग्लादेश को उन्हीं के घर मे 2-0 से वाइटवाश किया है और अभी पिछले माह पाकिस्तान दौरे में सीरीज बराबर करने में भी सफलता प्राप्त की है। इसके अलावा पिछले दिनों भारत ए के साथ भी सीरीज़ 1-1 से ड्रा कराई है, जिसमें दोनों टीमो की तरफ से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खेल रहे थे। ज़ाहिर है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को भारतीय उपमहाद्वीप की पिचों पर खेलने का अच्छा खासा अनुभव है।

स्पोर्टिंग विकेट या स्पिन विकेट की उलझन

भारतीय टीम मैनेजमेंट यह तय नही कर पा रहा है कि स्पिन विकेट की मांग की जाए या स्पोर्टिंग विकेटों में ही मैच जीतने का प्रयास किया जाए। हालांकि अभी तक विकेट के बारे में जो बातें सामने आ रही है, उससे यही प्रतीत हो रहा कि स्पोर्टिंग विकेट बनाए जाने की संभावना अधिक है। इन विकेटों पर जैसे जैसे मैच आगे बढ़ेगा स्पिनर्स को मदद मिलेगी। यदि काली मिट्टी वाले स्पिन विकेट तैयार किए जाते हैं तो उन पर खेलना भारत के लिए दोधारी तलवार जैसा हो सकता है। यह भारत के पक्ष में भी जा सकता है और विरुद्ध भी। इसके पीछे दो बड़ी वजहें हैं। पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि भारतीय बल्लेबाज़ी स्पिन के विरुद्ध जूझती नजर आयी है। पिछले वर्ष न्यूजीलैंड ने पुणे और मुम्बई टेस्ट में अपने स्पिनर्स के दम पर भारतीय बल्लेबाज़ी को बौना साबित कर दिया था। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने इस दौरे में स्पिन विकेटों का ख्याल रखते हुए केशव महाराज, मुथुस्वामी और हार्मर सरीखे क्वालिटी स्पिनर्स को शामिल किया है। ये गेंदबाज भारतीय टीम को खुद के बुने जाल में फंसा सकते हैं।

टीम कॉम्बिनेशन की उलझन

इस सीरीज में टीम इंडिया किन 11 खिलाड़ियो के साथ उतरेगी, इसको लेकर अभी भी जद्दोजहद जारी है। नीतीश रेड्डी को टीम से रिलीज़ कर दिया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि टीम सिर्फ दो तेज़ गेंदबाज़ों के साथ जाना चाहेगी। इसके अलावा टीम स्पिन आल राउंडर के कॉम्बिनेशन के साथ उतरना चाहेगी। इसका मतलब यह कि कुलदीप को फिर से बल्लेबाज़ी क्रम को गहराई देने के नाम पर स्थान नही मिलेगा। नीतीश रेड्डी के स्थान पर ध्रुव जुरेल को खिलाने का इशारा टीम मैनेजमेंट से मिल रहा है। यह भी जाहिर हो रहा कि साई सुदर्शन नंबर 3 पर पहली पसंद होंगे।

मजबूत है अफ्रीकी टीम

दक्षिण अफ्रीका को किसी भी तरह से कमतर आंकना भारतीय टीम की बहुत बड़ी भूल होगी। टीम के कोच कोनराड टीम के स्पिन अटैक पर भरोसा जताते हुए सीरीज में जीत का दावा कर रहे हैं। इधर बावुमा की कप्तानी ने टीम का हालिया प्रदर्शन शानदार रहा है और विश्व टेस्ट चैंपियन का खिताब हासिल होने टीम के हौसले भी बुलंद हैं। देखा जाए तो यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज़ से दोनों टीमों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल की जोड़ी इस सीरीज़ को जीतकर अपने लिए टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की राह को और अधिक मजबूत करना चाहेंगे।

न्यूज गैलरी

भारतीय शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ खुला, मेटल शेयरों में तेजी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में हल्की गिरावट के साथ खुला। सुबह 9.24 पर सेंसेक्स 116 अंक या 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,349 और 34 अंक या 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,851 पर था। शुरुआती सत्र में लार्जकैप के उलट मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी के साथ कारोबार हो रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 74 अंक या 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,977 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 39 अंक या 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,290 पर था।सेक्टरोल आधार पर मेटल, रियल्टी, मीडिया, फार्मा, फाइनेंशियल सर्विसेज, इन्फ्रा, कमोडिटीज और कंजम्पशन इंडेक्स हरे निशान में थे। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, एनर्जी और प्राइवेट बैंक लाल निशान में थे।सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और सन फार्मा टॉप गेनर्स थे। इन्फोसिस, इटरनल (जोमैटो), कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, टीसीएस,एचडीएफसी बैंक और आईटीसी लूजर्स थे।एशियाई बाजारों में भी मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई, बैंकॉक और जकार्ता हरे निशान में थे। हांगकांग और सोल लाल निशान में थे। अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को मिलेजुले बंद हुए थे।बाजार के जानकारों ने कहा कि बाजार को नया ऑल-टाइम हाई लगाने के लिए और कारकों की आवश्यकता है। फिलहाल बाजार ने बिहार चुनाव में एनडीए की जीत की संभावना को फैक्टर-इन कर लिया है। शेयर बाजार के लिए आने वाले समय में अमेरिका और भारत ट्रेड डील अहम फैक्टर होगी।संस्थागत मोर्चे पर, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 12 नवंबर को लगातार तीसरे सत्र में अपनी बिकवाली जारी रखी और 1,750 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे। इसके विपरीत, घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) लगातार खरीदार बने रहे और उन्होंने 5,100 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के शेयर खरीदे, जिससे बाजार को लगातार समर्थन मिला है।कच्चे तेल एक सीमित दायरे में बना हुआ है। ब्रेंट क्रूड 62.67 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 58.40 डॉलर प्रति बैरल पर है।

भारत ने 111 देशों को वस्त्र निर्यात में 10 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की

भारत का वस्त्र निर्यात मजबूत और विविध, 111 देशों में बढ़ोतरी

नई दिल्ली। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का वस्त्र और परिधान निर्यात मजबूत बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर 2025) में भारत ने 111 देशों को वस्त्र निर्यात में 10 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की। इन देशों से कुल 8,489.08 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई हुई, जो पिछले साल की समान अवधि में 7,718.55 मिलियन डॉलर थी। इससे 770.3 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त आय हुई।

कुल मिलाकर वस्त्र, परिधान और मेड-अप निर्यात में 0.1 फीसद की मामूली बढ़ोतरी हुई। हस्तशिल्प निर्यात को मिलाकर यह आंकड़ा और मजबूत दिखता है। प्रमुख बाजारों में संयुक्त अरब अमीरात (14.5 फीसद), ब्रिटेन (1.5 फीसद), जापान (19.0 फीसद), जर्मनी (2.9 फीसद), स्पेन (9.0 फीसद) और फ्रांस (9.2 फीसद) ने अच्छी वृद्धि दिखाई। वहीं, मिस्र (27 फीसद), सऊदी अरब (12.5 फीसद) और हांगकांग (69 फीसद) जैसे बाजारों में तेज उछाल दर्ज हुआ।

इस बढ़ोतरी के पीछे मुख्य योगदान रेडीमेड गारमेंट्स (3.42 फीसद) और जूट उत्पादों (5.56 फीसद) का रहा। आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक मंदी और टैरिफ बाधाओं के बावजूद भारतीय वस्त्र उद्योग लचीला और प्रतिस्पर्धी है।

सरकार की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत योजनाओं ने निर्यात को नई दिशा दी है। गैर-पारंपरिक बाजारों में विस्तार से भारत अब सिर्फ बड़े देशों पर निर्भर नहीं है। छोटे-बड़े

111 बाजारों तक पहुंच बनाकर विविधता और स्थिरता हासिल की गई है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, यह सफलता मूल्य संवर्धन, गुणवत्ता सुधार और नए बाजारों की खोज का नतीजा है। उद्योग जगत का कहना है कि भारतीय कपड़ा कंपनियां अब डिजाइन, ब्रांडिंग और टिकाऊ उत्पादों पर जोर दे रही हैं, जिससे विदेशी खरीदार आकर्षित हो रहे हैं।

हालांकि कुछ बड़े बाजारों जैसे अमेरिका में चुनौतियां बरकरार हैं। लेकिन, कुल मिलाकर निर्यात का ग्राफ ऊपर जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले महीनों में त्योहारी सीजन और नए व्यापार समझौतों से और तेजी आएगी। यह प्रदर्शन न सिर्फ अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है, बल्कि लाखों कारीगरों और श्रमिकों को रोजगार भी दे रहा है। भारत अब वैश्विक वस्त्र बाजार में एक भरोसेमंद नाम बनता जा रहा है।

जीएसटी कटौती का दिखा सीधा असर

आम आदमी को मिली बड़ी राहत, महंगाई 10 साल के सबसे निचले स्तर पर

नई दिल्ली। भारत में खुदरा महंगाई दर अक्टूबर में रिकॉर्ड 0.25 प्रतिशत के निचले स्तर पर पहुंच गई है, जो पिछले 10 वर्षों में सबसे निचला स्तर है। यह मौजूदा सीपीआई सीरीज में दर्ज की गई अब की सबसे कम महंगाई दर है। यह जानकारी सरकार की ओर से बुधवार को दी गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वियन मंत्रालय की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में महंगाई दर अक्टूबर में -0.25 प्रतिशत रही है, जबकि सितंबर में यह 1.07 प्रतिशत थी। वहीं, शहरी क्षेत्र में महंगाई दर 0.88 प्रतिशत रही है, जबकि सितंबर में यह 1.83 प्रतिशत थी।खाद्य महंगाई दर अक्टूबर में -5.02 प्रतिशत रही है, जो दिखाता है कि खाद्य उत्पादों की कीमतें सालाना आधार पर कम हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई दर अक्टूबर में -4.85 प्रतिशत रही है। इस दौरान शहरी क्षेत्रों में खाद्य महंगाई दर -5.18 प्रतिशत रही है।मंत्रालय की ओर से

जारी बयान में कहा गया कि हेडलाइन महंगाई दर और खाद्य महंगाई दर में गिरावट की वजह जीएसटी दरों में कमी आना, ऑयल, सब्जियों, फलों, अंडों, फुटवियर, अनाज और ट्रांसपोर्ट की कीमतें घटना है।अक्टूबर में ट्रांसपोर्ट और कम्युनिकेशन में महंगाई दर अक्टूबर में 0.94 प्रतिशत रही है, जो कि सितंबर में 1.82 प्रतिशत थी। फ्यूल एंव लाइट में महंगाई दर अक्टूबर में 1.98 प्रतिशत रही है, सितंबर में भी यह 1.98 प्रतिशत पर रही थी। केंद्रीय गवर्नर ने वित्त वर्ष 26 (चालू वित्त वर्ष) के लिए रिटेल महंगाई दर के अनुमान को घटाकर 2.6 प्रतिशत कर दिया, जो कि अगस्त एमपीसी में 3.1 प्रतिशत पर था।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए महंगाई दर के अनुमान को 2.1 प्रतिशत से घटाकर 1.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही के अनुमान को 3.1 प्रतिशत से घटाकर 1.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही के लिए 4 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई ने अनुमान में आगे बताया कि वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही में महंगाई 4.5 प्रतिशत रह सकती है।

कैबिनेट ने सीजीएसई को दी मंजूरी

***एमएसएमई और गैर-एमएसएमई निर्यातकों को मिलेगा लाभ**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना (सीजीएसई) शुरू करने को मंजूरी दे दी। इससे राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को 100 प्रतिशत ऋण गारंटी कवरेज प्रदान किया जा सकेगा ताकि पात्र निर्यातकों, जिनमें एमएसएमई भी शामिल हैं, को 20,000 करोड़ रुपए तक की अतिरिक्त ऋण सुविधाएं प्रदान की जा सके।इस योजना का कार्यान्वयन वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) के माध्यम से करेगा ताकि एमएसएमई सहित पात्र निर्यातकों को एमएलआई अतिरिक्त ऋण सहायता प्रदान कर सके। डीएफएस सचिव की अध्यक्षता में गठित एक प्रबंधन समिति इस योजना की प्रगति और कार्यान्वयन की देखरेख करेगी।

इस योजना से भारतीय निर्यातकों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के बढ़ने और नए एवं उभरते बाजारों में विविधीकरण को मदद मिलने की उम्मीद है। सीजीएसई के तहत संपार्श्विक-मुक्त ऋण को सुलभ करके, यह योजना सरलता को मजबूत करेगी, सुचारू व्यावसायिक संचालन सुनिश्चित करेगी और 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भारत की प्रगति को सुदृढ़ करेगी। इससे आत्मनिर्भर भारत की ओर देश की यात्रा को और मजबूती मिलेगी। निर्यात भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 21 प्रतिशत रहा। विदेशी मुद्रा भंडार में निर्यात का महत्वपूर्ण योगदान होता है। निर्यातोन्मुखी उद्योग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 45 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार देते हैं और एमएसएमई कुल निर्यात में लगभग 45 प्रतिशत का योगदान करते हैं। निरंतर निर्यात वृद्धि भारत के चालू खाता संतुलन और व्यापक आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने में सहायक रही है।निर्यातकों को अपने बाजारों में विविधता लाने और भारतीय निर्यातकों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए उन्हें बेहतर वित्तीय सहायता और पर्याप्त समय प्रदान करना महत्वपूर्ण है।

एशेज से पहले ऑस्ट्रेलिया की चिंता बढ़ी, शेफील्ड शील्ड मैच के बीच मैदान से बाहर लौटे 2 खिलाड़ी

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच 21 नवंबर से एशेज सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को दोहरा झटका लगा है। जोश हेजलवुड और सीन एबॉट को शेफील्ड शील्ड में विक्टोरिया के खिलाफ मुकाबले के बीच मैदान से बाहर लौटना पड़ा। दोनों खिलाड़ी सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर जारी मुकाबले के तीसरे दिन पहले सत्र के दौरान ही मैदान से बाहर चले गए थे। लंच ब्रेक के बाद दोनों मैदान पर वापस नहीं लौटे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विद्युत कार्य हेतु निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक : 21-सीईई-सी-एसईसीआर-2025, दिनांक 10-11-2025 कार्य का नाम: (1) विद्युत लोको शेड बिलासपुर के फेज - A के लिए उपरी उपस्कर उपकरण के द्वारा विद्युतीकरण का विस्तार कार्य (2) ईएलएस/बीएसपी में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के निरीक्षण और रखरखाव के लिए उन्नत निरीक्षण केंद्र का निर्माण। निविदा की अनुमानित लागत मूल्य : ₹ 1,70,21,330.10/- (एक करोड़ सत्तर लाख इक्कीस हजार तीन सौ तीस और दस पैसे मात्र)। अमानत राशि: ₹ 2,35,100/- (दो लाख पैंतीस हजार एक सौ) मात्र। निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक: 03-12-2025 को 15.30 बजे तक। निविदा खोलने का समय एवं दिनांक: 03-12-2025 को 15.45 बजे तक। कार्य पूर्णता की अवधि: स्वीकृति का पत्र जारी होने की तारीख से 12 (बारह माह) वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान: उपर दिये गये कार्य के लिये विस्तृत जानकारी/ई-निविदा दस्तावेज, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा कागजात, जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।

उप-मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)/मुख्य, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/FL/447

South East Central Railway @secrail

वो इकलौता गेंदबाज, जिनके नाम हैं भारत-साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज में 30 से ज्यादा विकेट

नई दिल्ली। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच एक ही टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक विकेट हासिल करने का रिकॉर्ड रविचंद्रन अश्विन के नाम है। अश्विन ही इकलौते ऐसे गेंदबाज हैं, जिन्होंने इस टीम के खिलाफ एक ही टेस्ट सीरीज में 30 या इससे अधिक विकेट हासिल किए।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालयीन आदेश

आदेश क्रमांक..../व.ले.लि/2025-26 बिलासपुर, दिनांक.....

निविदा सूचना क्र. 17/व.ले.लि/2025-26 दिनांक 03.10.2025 निविदा सिस्टम क्रं. 176918 अरपा नदी पर पचरीघाट बैराज के बांयी तट के निचले भाग के आर. डी. 300 मी. से 1050 मी. तक प्रोटेक्शन वाल का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) राशि रूपये 650.16 लाख को **एकल निविदाकार होने के कारण** निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्रं. जी 252603944 / दिनांक 07.10.2025

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग,
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-252604734/6

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 178760 निविदा सूचना क्र.22/व.ले.लि./ई-प्रोक्यूरमेंट/2025-26 दि. 10.11.2025 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 01.12.2025 समय 17:30 तक आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - **जांजगीर-चाम्पा जिले के अंतर्गत ससहा वितरक नहर, खरखोद वितरक नहर, ढाबाडीह वितरक नहर एवं इसके अंतर्गत माईनरों के पक्के कार्यों एवं लाईनिंग का मरमम्मत एवं नये प्रस्तावित पक्के कार्य।**

अनुमानित लागत - **रु. 271.80 लाख** (जी.एस.टी. छोड़कर)

(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2024 एवं पुनरीक्षित दर दिनांक 22.08.2022 पर आधारित)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **17.11.2025** समय **17:31** बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-252604737/9

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

कार्यालय, जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना कोरबा (छ.ग.)

पता- रजगामार रोड, जिला जेल के पास खरमोरा, कोरबा ईमेल cghg228182.korba@gmail.com

ज्ञापन

क्रमांक/2618/भण्डार/2025 कोरबा, दिनांक 05/11/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, इस विभाग में क्लोदिंग, इक्यूपेमेंट, फायर एवं आपदा की निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी की कार्यवाही दिनांक 28.11.2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे नगर सेना एवं अग्निशमन कार्यालय, रजगामार रोड कार्यालय प्रागंण में किया जाना है। निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों में नगर सेना के जवानों की वर्दी सामग्री यथा फुलपेंट, कमीज, टोपी, टोपी बैज, कंधा बैज, जूते, मोजे, कंबल, दरी, जर्सी, अंगोला शर्ट, बेल्ट, बेल्ट लेदर, मच्छरदानी, बरसाती, ग्राउण्ड सीट, व्हीसीएल, थाली गिलास, बुट ब्रश, पंखा एवं समर्सिबल मोटर अन्य अनुपयोगी सामग्री शामिल है। सम्पूर्ण सामान एक साथ नीलाम किया जावेगा। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व कार्यालय में आकर नीलाम की जाने वाले सामग्रियों को देख सकेंगे।

01- प्रत्येक खरीददार को बोली लगाने के पूर्व राशि रु. 1000=00 (रु. एक हजार) मात्र प्रतिभूति के रूप में जमा करना अनिवार्य है। जिन खरीददार की बोली स्वीकार नहीं होगी उन खरीददारों की जमा राशि वापस कर दी जावेगी।

02- खरीददार की उच्चतम बोली पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा स्वीकार किए जाने पर बोली की राशि जमा कर उसी दिन संपूर्ण सामग्रियों को उठाना होगा।

03- बोली लाट में जहां है, जैसा है और जितना है के आधार पर स्वीकार होगा।

04- नीलामी बोली की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति का अधिकार नीलामी कमेटी को होगा।

जी-252604726/3

जिला सेनानी एवं
जिला अग्निशमन अधिकारी
नगर सेना कोरबा

एनएचएआई को दिया अल्टीमेटम दिसंबर तक सभी सड़कें करें दुरुस्त

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार के निर्देश के बाद लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) ने राष्ट्रीय राजमार्गों के मरमत कार्य दिसंबर तक पूरा करने का अल्टीमेटम दिया है। बारिश खत्म होने के बाद प्रदेशभर के अलग-अलग मार्गों पर मरमत कार्य जारी हैं। लोक निर्माण विभाग ने राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों को कहा है कि दिसंबर तक सभी मरमत कार्यों को पूरा कर लेंवे। बुधवार को बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने अधिकारियों से कहा कि मरमत के दौरान ठेकेदारों से शार्ट टर्म मेंटनेंस कांट्रैक्ट के सभी कार्य कराए जाए। जिन सड़कों की मरमत के काम प्रारंभ हो चुके हैं, वो रुकने नहीं चाहिए। कार्यों को तेज गति से करते हुए दिसंबर माह तक हर हाल में पूर्ण कराएं। बैठक में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की समीक्षा की गई। विभागीय सचिव ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने चिन्हांकित ब्लैक-स्पॉट्स को सुधारने के लिए प्राथमिकता से काम करने के निर्देश दिए।

समुचित मार्ग संकेतक लगाने को भी कहा: उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों पर लोगों की सुविधा के लिए समुचित मार्ग संकेतक लगाने को भी कहा। साथ ही प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों के प्राकक्लन, निविदा, कार्यादेश और कार्य प्रारंभ की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्गों के अर्थ वर्क आगामी जनवरी माह तक पूर्ण करने, भूमि अधिग्रहण की जरूरत वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के नए कार्यों में अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने व कलेक्टरों के साथ समन्वय से काम करने को कहा। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अपर सचिव एसएन श्रीवास्तव, राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के मुय अभियंता ज्ञानेश्वर कश्यप, अधीक्षण अभियंता एसएस माझी आदि अधिकारी मौजूद थे।

बारिश के बाद मरमत कार्यों पर एक नजर

राष्ट्रीय राजमार्गों में 88 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत के 23 मरमत कार्य स्वीकृत

इनमें 71 करोड़ 49 लाख रुपए के कार्यों के लिए अनुबंध कर मरमत के कार्य प्रारंभ, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-130 अभनपुर-राजिम-गरियाबंद-देवभोग मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-130बी, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-353 घोड़ारी-महासमुंद-बागबहरा-ओड़िशा सीमा, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-930, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-63 भोपालपट्नम से जगदलपुर मार्ग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-49 के विभिन्न खंड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 कटनी-गुलमा मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-45 रतनपुर-केंदा-केंवची मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-153 रायगढ़-सारंगढ़-सरायपाली मार्ग के विभिन्न खंडों की मरमत के लिए अनुबंध की कार्यवाही पूरी।

नशे में धुत बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, हालत गंभीर

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आजाद चौक थाना क्षेत्र के मंगलम भवन के सामने 6 नवंबर की रात करीब 10 बजे शराब के नशे में धुत दोपहिया सवार ने पैदल जा रही एक महिला को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें युवक तेज रतार से दोपहिया चला रहा है। बिना ब्रेक लगाए महिला को टक्कर मार दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक महिला अपने बच्चे को ट्यूशन से घर लाने जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आरोपी युवक पूरी तरह नशे की हालत में था और वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और महिला को टक्कर मारते हुए भाग निकला। इससे महिला बुरी तरह घायल हो गई। आजाद चौक पुलिस को मामले की शिकायत की गई है। अब तक आरोपी दोपहिया सवार को पुलिस पकड़ नहीं पाई है। सीसीटीवी कैमरे में घटना के फुटेज मिले हैं।

दुष्कर्म के आरोपी रिटायर्ड फूड फके ठिकानों पर दबिश

रायपुर/नवप्रदेश। दुष्कर्म के आरोपी रिटायर्ड फूड अफसर की तलाश में पुलिस ने उसके घर में छापा मारा। आरोपी घर से फरार है। आरोपी के शहर में ही अपने खास परिचित के यहां शरण लेने की चर्चा है। चर्चित रिटायर्ड फूड अफसर संजय दुबे के खिलाफ आरंग थाने में दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज हुआ है। एक छात्रा ने आरोप लगाया है कि फेसबुक के जरिए दोस्ती करके शादी का प्रलोभन दिया। इसके बाद घर आकर उनसे दुष्कर्म किया। उनकी अश्लील वीडियो-फोटो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने लगा। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

रिश्वत, गांधीजी पर विवादित टिप्पणी भी

आरोपी संजय दुबे लंबे समय तक रायपुर में खाद्य अधिकारी रह चुके हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उन्हें रिश्वत लेते हुए गिरतार किया था। इसके अलावा लाखों के राशन घोटाले में भी शामिल रहे हैं। मंदिरहसौद के पेट्रोल-डीजल माफियाओं से भी उनका कनेक्शन उजागर हो चुका है। रायपुर में पोस्टिंग के दौरान महात्मा गांधीजी को लेकर सोशल मीडिया में विपरीत टिप्पणी कर चुके हैं। इस मामले में भी उन पर मामला दर्ज हो चुका है।

नर्स की नौकरी लगाने के नाम पर 11 लाख की धोखाधड़ी

शादी डॉटकाम से हुई थी युवक से जान पहचान

बिलासपुर/नवप्रदेश। शादी डॉटकाम से युवती से जान पहचान बनाकर सरकारी अस्पताल में उसे नर्स की नौकरी लगाने के नाम पर एक युवक ने 11 लाख 5200 रुपए की धोखाधड़ी कर ली। युवती को जब ठगी का अहसास हुआ तो उसने थाने में आकर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई। युवक अब तक फरार है। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि साधना यादव निवासी जेलगांव थाना दर्री की रहने वाली है जो कि रतनपुर में रह रही है। 1 साल पहले शादी डांट कॉम के माध्यम से उसकी पवन कुमार यादव निवासी पामगढ़ डुड्गा जिला जांजगीर-चांपा के साथ जान पहचान हुई। इसके बाद दोनों की मोबाइल से बातचीत होने लगी। अक्टूबर 2024 में पवन कुमार यादव ने उसे बिल्हा के सरकारी अस्पताल में नर्स का नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख रुपए की मांग की। तब उसने पहली बार रामा मैग्नेटो मॉल में युवक को 3 लाख रुपए नकद दिया। इसके बाद उसने अधिकारी बदल जाने की बात कहकर 11-12 लाख रुपए की और मांग की। इसके बाद साधना ने ऑनलाइन के माध्यम से पवन कुमार को 11 लाख 5 हजार 200 रुपए दिया। इसके बाद भी उसे नर्स की नौकरी नहीं मिली। जब उसने युवक से संपर्क करने का प्रयास किया तो उससे संपर्क भी नहीं हो सका। प्रार्थी की रिपोर्ट पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी पवन कुमार यादव के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

नशीली टैबलेट- 4 आरोपियों को 15-15 साल का कारावास

विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने सुनाई सजा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के खमतराई थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित नशीली टैबलेट निद्रा-10 की अवैध बिक्री करते पकड़े गए चार आरोपियों को रायपुर के विशेष न्यायाधीश ने 15-15 साल के कठोर कारावास और डेढ़-डेढ़ लाख अर्थदंड रुपए की सजा सुनाई है। अर्थदंड की अदायगी नहीं किये जाने पर 3-3 साल की अतिरिक्त कठोर सजा का प्रावधान है। इस मामले में 11 नवंबर, मंगलवार को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में सुनवाई पूर्ण हुई। विशेष लोक अभियोजक केके चन्द्राकर ने कोर्ट को बताया कि मार्च 2021 में खमतराई पुलिस ने बंजारी मंदिर के पीछे घेराबंदी कर अतुल शर्मा, विनीत शुक्ला, नरेंद्र शर्मा, पदुम कुमार सिंह और युवराज शर्मा को पकड़ा था। इनके पास से अलग-अलग ट्रिप और डिब्बों में रखी कुल 10 हजार निट्रा-10 टैबलेट जब्त की थी। इनमें से एक आरोपी नरेन्द्र शर्मा फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। पूछताछ में आरोपी बिक्री के वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। अभियोजक ने इस मामले से जुड़े सभी साक्ष्य कोर्ट में पेश किये। उन्होंने कहा कि राज्य में नशीली टैबलेट के माध्यम से नशे की प्रवृत्ति बढ़ी है। यह एक गंभीर अपराध है। आरोपियों को अधिकतम दंड से दंडित किया जाए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद साक्ष्य और सबूतों के आधार पर अभियुक्तों को 15-15 साल कठोर कारावास और डेढ़-डेढ़ लाखरुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

5 साल बाद भी थाना नहीं बन सकी सिलतरा पुलिस चौकी

■ रोज करोड़ों रुपए का होता है कारोबार

रायपुर/नवप्रदेश। जिले का सबसे बड़ा औद्योगिक इलाका होने के कारण जहां रोज करोड़ों रुपए का कारोबार होता है, वहां 5 साल बाद भी थाना नहीं बन पाया है। एक उद्योगपति के अपहरण होने के बाद सिलतरा पुलिस चौकी को थाना बनाने की घोषणा की गई थी। इसकी प्रारंभिक प्रक्रिया भी पूरी हो गई थी, लेकिन 5 साल बाद भी सिलतरा पुलिस चौकी थाना नहीं बन पाया। आबादी और क्राइम की घटनाओं के हिसाब से यह किसी बड़े थाना क्षेत्र से कम नहीं है। सड़क हादसे, चोरी, गुंडागर्दी, नशाखोरी जैसी घटनाओं की संया लगातार बढ़ रही है। कारोबारी भी कई बार थाने की मांग कर चुके हैं। वर्तमान में सिलयारी पुलिस चौकी धरसींवा थाना के अंतर्गत आती है, लेकिन क्राइम रेशियो धरसींवा और सिलयारी से ज्यादा है।



अपग्रेड मामले में अफसर नहीं ले रहे सुध

उद्योगपति प्रवीण सोमानी 8 जनवरी 2020 को सिलतरा स्थित अपनी फैक्टरी से घर जाने के लिए निकले। इसी दौरान बिहार और उत्तर प्रदेश के अपहर्ताओं ने रास्ते में उनका अपहरण कर लिया। पुलिस का मूवमेंट कम होने के कारण अपहर्ताओं ने इस घटना को अंजाम दिया। अपहरण का मामला उस समय सिलतरा पुलिस चौकी में दर्ज किया गया। उस समय सिलतरा पुलिस चौकी में न पर्याप्त बल था और न ही पर्याप्त संसाधन थे। इसके चलते सिलतरा पुलिस चौकी को अपग्रेड करते हुए थाना बनाने की घोषणा की गई थी।

शहर की अधिकांश बड़ी इंडस्ट्री इसी इलाके में : शहर की अधिकांश बड़ी इंडस्ट्री इसी इलाके में हैं। यहां रोज करोड़ों रुपए का कारोबार होता है। कारोबारियों के अलावा दूसरे राज्य के व्यापारी भी आते-जाते हैं। ट्रकों से माल भी आते-जाते हैं। इससे चोरी और लूट की आशंका ज्यादा रहती है। स्थानीय घनी आबादी के अलावा बाहरी आबादी भी तेजी से बढ़ी है। इसके चलते लंबे समय से यहां थाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

इसलिए है थाना की आवश्यकता

घनी आबादी वाले 11 गांव हैं, जो अब नगर जैसे हो गए हैं। आबादी भी बढ़ी है। लगभग सभी बड़े उद्योग सिलतरा में ही हैं। औसतन हर तीसरे दिन फैक्ट्री में किसी न किसी मजदूर की मौत होती है। दूसरे राज्यों के हजारों लोग फैक्ट्रियों में काम करते हैं। उनके आसपास रहते भी हैं।

क्राइम के मामले भी बढ़ रहे हैं

- वर्ष 2020 में उद्योगपति प्रवीण सोमानी का यहीं से अपहरण हुआ था।
- औद्योगिक इलाकों में पुलिस का मूवमेंट कम होने से चोरी, नशाखोरी बढ़ी है। कई फैक्ट्रियों में चोरी के माल भी खप रहे हैं।
- उद्योग मालिकों का रोज करोड़ों रुपए का लेनदेन और कारोबार भी होता है।

साय कैबिनेट आज, 200 यूनिट तक हाफबिल पर फैसला संभव

■ धान खरीद की तैयारियों पर चर्चा सहित कई फैसले संभव

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य मंत्रिमंडल (कैबिनेट) की बैठक 14 नवंबर शुक्रवार को दोपहर 11 बजे राज्य मंत्रालय (महानदी भवन) में होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं के लिए 200 यूनिट तक बिजली खपत पर हाफ बिल का महत्वपूर्ण फैसला होने के संकेत हैं। इसके अलावा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि आगे बढ़ाने को लेकर भी विचार चल रहा है। मुख्यसचिव विकासशील ने सभी विभाग प्रमुखों को कैबिनेट का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिए है। हालांकि कैबिनेट का एजेंडा अभी तय नहीं हुआ है। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो 14 नवंबर की कैबिनेट में कई महत्वपूर्ण फैसले होने की संभावना है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बिजली बिल हाफ योजना है। दरअसल राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के बढ़ते दवाब के मद्देनजर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में लागू 400 यूनिट तक हाफ बिल की योजना में परिवर्तन कर इसे समाप्त कर दिया था। यह बदलाव होने के बाद लोगों का बिजली बिल डेढ़ से दो गुना तक बढ़ गया और उनकी नाराजगी सामने आने लगी। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने भी अधिक बिजली बिल का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। जिसके बाद राज्य सरकार ने अपने निर्णय की समीक्षा की।

सूत्रों के मुताबिक 200 यूनिट तक हाफ बिल देने का प्रस्ताव लगभग तैयार हो गया है, अब केवल कैबिनेट की मुहर लगना बाकी है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि बिजली खपत 200 यूनिट से ऊपर होने पर हाफ बिल योजना का लाभ मिलेगा या नहीं?

हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र ने उगले राज, रोहित के साथ मददगारों की तलाश तेज

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में हत्या, ब्लैकमेलिंग, सूदखोरी जैसे कई मामलों में शामिल हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र सिंह तोमर उर्फरूबी से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। पूछताछ में उसने कई राज खोले हैं। इससे उसके भाई रोहित सिंह तोमर के कई अवैध कार्यों का पता चला है। इसके बाद पुलिस ने रोहित की तलाश तेज कर दी है। उसके संभावित लोकेशन में दबिश दी जा रही है। रोहित अलग-अलग मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कर रहा है। बताया जाता है कि उसे एक विशेष संगठन के द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है। अलग-अलग स्थानों पर शरण दी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सूदखोरी के नाम पर वसूली और ब्लैकमेलिंग में चर्चित वीरेंद्र और रोहित के खिलाफ पुरानीबस्ती और तेलीबांधा थाने में 7 मामले दर्ज हैं। रोहित की गिरतारी के लिए पुलिस उसकी तलाश में है। वीरेंद्र को ग्वालियर से पकड़ा गया है। उसे पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र को शुक्रवार को पुलिस कोर्ट में पेश करेगी।

मददगारों की लिस्ट तैयार

पूछताछ के दौरान पुलिस को दोनों हिस्ट्रीशीटर भाइयों के कई मददगारों का पता चला है। इन मददगारों की लिस्ट तैयार की गई है। उनसे पूछताछ की जाएगी। दोनों भाइयों के घर से बरामद इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है। कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

सूदखोरी का धंधा, पुलिस को बता रहे रियल इस्टेट कारोबार

हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र से रिमांड के दौरान अलग-अलग पुलिस अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। पूछताछ में उसने खुद को रियल इस्टेट का कारोबार करना बताया, जबकि रियल इस्टेट से जुड़ा कोई साक्ष्य पेश नहीं कर पाया। ब्याज का काम भी रोहित और दिव्यांश देखता है, जबकि हकीकत में वीरेंद्र के इशारे पर ही रोहित पूरा काम करता है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्नातकोत्तर एम.डी.-एम.एस. पाठ्यक्रम प्रवेश नियम में संशोधन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग ने चिकित्सा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रवेश नियम-2025 में महत्वपूर्ण संशोधन लागू किए हैं, जिनसे राज्य में NEET-PG के तहत होने वाली काउंसलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी हो सकेगी। इन संशोधनों के अनुरूप अब संपूर्ण काउंसलिंग प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से चार चरणों- प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ- में आयोजित की जाएगी। सीटों के रिक्त रहने की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट प्रवेश की अंतिम तिथि से पूर्व अतिरिक्त चरण भी बढ़ाए जा सकते हैं। सभी चरणों में पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश अनुसार अब राज्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी । काउंसलिंग के प्रथम चरण में चयनित अभ्यर्थियों को द्वितीय एवं तृतीय चरण में सीट अपग्रेडेशन का विकल्प मिलेगा। सेवारत अभ्यर्थियों के लिए सेवा अवधि की गणना अब NEET PG परीक्षा तिथि तक की जाएगी, जबकि पूर्व में यह सीमा 31 जनवरी थी। इससे समय सीमा बढ़ने से अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा। श्वड्ढस् श्रेणी में अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर शेष सीटें अब अनारक्षित श्रेणी में परिवर्तित की जाएँगी। इससे श्वड्ढस् की रिक्त रह गई सीटों पर उचित अभ्यर्थी मिल पाएंगे ।

नियमों के अनुसार, किसी अभ्यर्थी को एक बार किसी कॉलेज या संस्था में किसी विषय की आवंटित हो जाने के बाद उसी कॉलेज में पुनः उसी विषय का आवंटन नहीं दिया जाएगा। जिससे सीटों को अनावश्यक रोका नहीं जा सकेगा । द्वितीय और आगामी चरणों में सीट आवंटन के उपरांत, यदि अभ्यर्थी प्रवेश नहीं लेते हैं तो उनकी जमा पंजीकरण राशि (सिक्योरिटी डिपॉज़िट) नियमों के अनुसार जप्त की जाएगी। जिससे सीटों को अनावश्यक रोका नहीं जा सकेगा। शासन द्वारा इन संशोधनों के जरिए राज्य की चिकित्सा स्नातकोत्तर प्रवेश प्रक्रिया को अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और अभ्यर्थियों के हित में बनाया गया है।

कई स्कूलों के बाहर बच्चों की मोटरसाइकिलों की कतारें लगी दिखती हैं

बागबाहरा की टूटी सड़कों पर नाबालिगों की बाइक रेस

बागबाहरा/नवप्रदेश। एक तरफ सड़कें टूटी हुई, गड्ढे इतने गहरे कि दोपहिया वाहन झटके से गिर जाए और दूसरी ओर उन्हीं सड़कों पर नाबालिग छात्रों का मोटरसाइकिल स्टंट डरावना है। न उम्र का लिहाज न नियमों का डर। यह नजारा है महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखंड का, जहाँ शिक्षा विभाग के निर्देशों के बावजूद हालात जस के तस हैं। 30 सितंबर 2025 को विकासखंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा ने सभी स्कूलों को आदेश जारी किया था कि 18 वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थियों को बिना लाइसेंस वाहन चलाने की सख्त मनाही है। आदेश में स्पष्ट लिखा गया था कि यदि कोई छात्र बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाते पाया जाए, तो स्कूल प्राचार्य व पालक जिम्मेदार माने जाएंगे। लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बया कर रही है। सुबह स्कूल के समय और दोपहर व शाम की छुट्टी में बागबाहरा के कई स्कूलों के बाहर बच्चों की मोटरसाइकिलों की कतारें लगी दिखती हैं। ड्रेस पहने, बैग लटकाए नाबालिग छात्र तेज़ रफ्तार में सड़कों पर गाड़ियां दौड़ते हैं मानो सड़कें रेस ट्रैक हों। वहीं स्कूल प्रबंधन अपना पल्ला झाड़ने के लिए बाइक से स्कूल आने वाले बच्चों के वाहन स्कूल के बाहर की खड़े करवा रहे हैं। इससे स्कूल छूटने के बाद यही बच्चे अक्सर सड़क पर हवा से बात करते नजर आ रहे हैं।

नाबालिग छात्रों का वाहन चलाना कानूनन अपराध

नाबालिग छात्रों का वाहन चलाना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है, पर इसकी परवाह ना तो अभिभावकों को है और ना ही शिक्षकों व स्कूल प्रबंधन को। यही वजह है कि शहर में नाबालिग वाहन चालकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और इन वाहन चालकों के कारण हर वक्त दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है।

इन स्थानों में सबसे ज्यादा यातायात का दबाव

झलप चौक रोड, एफसीआई, दुर्गा मंदिर मोड़, रेलवे स्टेशन, जैन मंदिर, पुराना हटरी, बाजार चौक, गुरुद्वारा पारा पेट्रोल पंप के पास भी स्थिति खतरनाक है। गुरुद्वारा पारा में एफसीआई गोदाम तक मुख्य सड़क पर यातायात का दबाव अधिक होता है।

> इस मामले को लेकर पूर्व में ही सभी स्कूलों के प्रिंसिपल को निर्देश दिए गए थे कि स्कूल के किसी भी बच्चे को बाइक में स्कूल आने की अनुमति ना दें। यदि ऐसी स्थिति रही तो सभी स्कूलों में जाकर जांच की जाएगी।
>
> **-के के वर्मा बीईओ बागबाहरा**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com